राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 07 मई 2026
वर्ष 07, अंक 211, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित


नेशन फर्स्ट' हर नागरिक के लिए भी मार्गदर्शक सिद्धांत- मुख्यमंत्री योगी ....08

अमेरिकी में चीन के 'साइलेंट किलर' की एंट्री, एशियन नीडल एंट ने मचाया आतंक....12

# तमिलनाडु में कल नहीं होगा विजय का शपथ ग्रहण,बहुमत के दावे से राज्यपाल संतुष्ट नहीं

**● तमिलनाडु में विजय का गुरुवार को होने वाला शपथ ग्रहण समारोह टल गया है. सूत्रों ने बताया कि बहुमत के लिए जरूरी समर्थन जुटाने में अभी एक-दो दिन लग सकते हैं।**





तमिलनाडु में गुरुवार को होने वाला विजय का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है. विजय सरकार बनाने के लिए जरूरी समर्थन नहीं जुटा पाए हैं. गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया था. हालांकि, उनके दावे से गवर्नर संतुष्ट नहीं थे. विजय ने 7 मई को ही शपथ ग्रहण करने का अनुरोध भी किया था. लेकिन गवर्नर से हरी झंडी नहीं मिल पाने के कारण उनका शपथ ग्रहण टल गया है. सूत्रों ने बताया कि नंबर जुटाने में एक या दो दिन लग सकते हैं।

**अब कब होगा शपथ ग्रहण?**

विजय चाहते थे कि 7 मई को शपथ ग्रहण समारोह हो. वह इसलिए क्योंकि इस दिन गुरुवार और गुरुवार को शुभ दिन माना जाता है. उन्होंने राज्यपाल से 7 मई को ही शपथ ग्रहण समारोह करवाने का अनुरोध भी किया था। मंगलवार को विजय ने लोक भवन को ईमेल भेजकर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया था. उन्होंने बहुमत साबित करने का पूरा भरोसा भी जताया था।

**विजय का मामला कहां फंस गया?**

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में विजय की पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. टीवीके ने 234 में से 108 सीटें जीती हैं. सरकार बनाने के लिए 118 सीटें जरूरी हैं। अब मसला यहां फंस गया कि उनके पास 118 विधायकों का समर्थन नहीं है। विजय की टीवीके को कांग्रेस ने समर्थन दिया है. कांग्रेस के पास 5 विधायक हैं. इसलिए बहुमत के लिए जरूरी 118 का आंकड़ा अब भी नहीं मिला है. अभी विजय के पास 112 विधायक ही हैं। विजय ने राज्यपाल को अभी तक 118 विधायकों के समर्थन वाला पत्र नहीं दिखाया है. विजय की एक सीट कम होगी और एक स्पीकर बनेंगे तो इस तरह से टीवीके के पास अपने 106 विधायक हो जाएंगे. कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिल गया है. लेफ्ट, ढ्रस्क और VCK ने समर्थन की बात कही है, जिनके पास 6 विधायक हैं. हालांकि, अब तक औपचारिक रूप से लिखित में समर्थन का वादा नहीं किया है। अगर टीवीके को कांग्रेस के साथ इन तीनों पार्टियों का समर्थन मिलता है तो उनके पास 117 विधायक हो जाएंगे. टाई होने की स्थिति में स्पीकर वोट कर सकते हैं।

**विजय कहां से जुटाएंगे समर्थन?**


सूत्रों का कहना है एक-दो दिन में विजय बहुमत के लिए जरूरी समर्थन जुटा सकते हैं. इसलिए शपथ ग्रहण को अभी टाल दिया गया है। विजय की टीवीके को समर्थन देने के लिए VCK की मीटिंग भी पहले गुरुवार को होने वाली थी. लेकिन अब यह बैठक शुक्रवार होगी. वह इसलिए क्योंकि शुक्रवार को ही लेफ्ट पार्टियां भी विजय को समर्थन देने को लेकर बैठ करेंगी।

**शपथ ग्रहण की हो चुकी थी तैयारी**

7 मई की सुबह 11:30 बजे विजय का शपथ ग्रहण समारोह होना था। इसके लिए चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में तैयारी भी हो रही थी. शपथ ग्रहण समारोह को लेकर विजय ने बुधवार को ही राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात कर उन्हें न्योता दिया था. बताया जा रहा था कि राहुल गांधी इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल भी होने वाले थे।

# भारत और वियतनाम के बीच एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप

**» रक्षा-व्यापार से लेकर समुद्री सुरक्षा पर बड़ा फोकस**



भारत और वियतनाम ने अपने रिश्तों को नई ऊंचाई देते हुए द्विपक्षीय संबंधों को एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का ऐलान किया है. नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव एवं राष्ट्रपति ज्ञश Lam के बीच हुई व्यापक बातचीत में रक्षा, व्यापार, तकनीक, समुद्री सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक सहयोग पर बड़ा फोकस रहा। वियतनाम के शीर्ष नेता तो लाम 5 से 7 मई तक भारत दौरे पर हैं. राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के बाद उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी. दोनों देशों के बीच कई समझौतों और सहयोग दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी हुआ. बैठक में भारत और वियतनाम ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया. दोनों देशों ने कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने पर भी सहमति जताई. भारत के अंगूरों को वियतनाम में और वियतनामी ड्यूरियन को भारतीय बाजार में मंजूरी देने का फैसला हुआ है. इसके साथ ही भारतीय अनार और वियतनामी पोमेलो के लिए भी प्रक्रिया तेज करने पर सहमति बनी।

**तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों से बचने की आवश्यकता जोर**

रक्षा सहयोग इस बातचीत का सबसे अहम हिस्सा रहा. दोनों देशों ने रक्षा तकनीक, संयुक्त सैन्य अभ्यास, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और रक्षा उत्पादन में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया. भारत द्वारा वियतनाम को दी गई रक्षा लाइन ऑफ क्रेडिट की प्रगति पर भी संतोष जताया गया।

दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और स्वतंत्र नौवहन को महत्वपूर्ण बताया.दक्षिण चीन सागर को लेकर भी दोनों देशों का रुख साफ दिखा. भारत और वियतनाम ने कहा कि समुद्री विवादों का समाधान अंतरराष्ट्रीय कानून, खासकर NCLOS के तहत शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए. दोनों नेताओं ने किसी भी तरह की सैन्य आक्रामकता और तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**तकनीक और डिजिटल साझेदारी को नई दिशा**

तकनीक और डिजिटल क्षेत्र में भी साझेदारी को नई दिशा देने की कोशिश हुई. दोनों देशों ने AI, 6G, डिजिटल पेमेंट, स्पेस टेक्नोलॉजी, रेयर अर्थ मिनरल्स और न्यूक्लियर एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई. भारतीय रिजर्व बैंक और वियतनाम के स्टेट बैंक के बीच डिजिटल पेमेंट और फाइनेंशियल इनोवेशन को लेकर समझौता भी हुआ. त्त्क्र कोड आधारित भुगतान प्रणाली को जोड़ने की दिशा में काम होगा ताकि पर्यटन और व्यापार आसान बन सके।

**वियतनाम ने भारत का आभार जताया**

सांस्कृतिक और जन-जन संपर्क को भी साझेदारी का महत्वपूर्ण आधार बताया गया. भारत ने बौद्ध सर्किट आने के लिए वियतनामी पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया. वहीं वियतनाम ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भेजने के लिए भारत का आभार जताया. दोनों देशों ने पर्यटन, योग, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने पर जोर दिया. यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अपनी रणनीतिक मौजूदगी मजबूत कर रहा है और वियतनाम दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन के साथ तनाव के बीच अपने साझेदारों के साथ रिश्ते गहरे कर रहा है. भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में वियतनाम को अहम साझेदार माना जाता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुंबई के ताज होटल पर होने वाला है आतंकी हमला', धमकी भरा कॉल करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



मुंबई के ताज होटल और ट्राइडेंट होटल में धमकी भरा कॉल आया है। इस कॉल पर कहा गया कि 'आतंकवादी हमला होने वाला है।' प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने कॉल को ट्रेस कर मुंबई के सायन इलाके से एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उस व्यक्ति से पूछताछ कर रही है कि कॉल के पीछे मकसद क्या था और क्या यह सिर्फ अफवाह फैलाने की कोशिश थी या इसके पीछे कोई गंभीर साजिश है।

**ताज और ट्राइडेंट होटल पर आतंकी हमले की धमकी**

ताज होटल और ट्राइडेंट होटल को फिर एक बार आतंकवादी हमला होने की धमकी दी गई है, लेकिन मुंबई पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कॉल करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। ताज होटल और ट्राइडेंट होटल दोनों ही देश के दो बड़े और आलीशान होटल हैं, जिनका मालिकाना हक ओबेरॉय ग्रुप के पास है।

**ताज होटल पर 26/11 हमला**

मुंबई के ताज होटल पर धमकी मिलने के साथ ही हर किसी को 2008 में हुआ 26/11 हमला याद आ जाता है। इस हमले ने सिर्फ मुंबई ही नहीं, बल्कि पूरे देश का दिल दहला दिया था। ताज होटल में, बंदूकधारियों ने मशहूर रेस्तरां टिफिन में खाना कर रहे लोगों पर गोलियां चलाई थीं, जिससे कई लोग हताहत हुए थे। इसके बाद ऊपरी मंजिल पर स्थित कंधार रेस्तरां को निशाना बनाया गया।

इमरजेंसी एग्जिट के जरिए होटल कर्मचारियों ने साहस दिखाते हुए कम से कम 200 मेहमानों की जान बचाई थी। उस समय होटल के शेफ हेमंत ओबेरॉय सहित कई वरिष्ठ लोगों ने अफरा-तफरी के बीच बचाव प्रयासों के लिए हर मुमकिन कोशिश की थी। 26/11 हमले के वक्त ट्राइडेंट होटल में आतंकवादियों ने लॉबी, बार और सर्विस एरिया में मेहमानों और कर्मचारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी।

# अलमारी खोलो और पहुंचो असलहा फैक्ट्री तक मेरठ में ये नजारा देख दंग रह गई पुलिस

**● मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलमारी के नीचे छिपी अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. इस गैंग में एक बीसीए छात्र सहित चार आरोपी गिरफ्तार हुए हैं, जो वॉट्सऐप के जरिए तमंचों की सप्लाई कर रहे थे।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र के खरदौनी गांव में मंगलवार देर रात पुलिस ने अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी. खास बात यह कि ये फैक्ट्री अलमारी के नीचे चल रही थी. फैक्ट्री का संचालक कोई और नहीं बल्कि एक बीसीए स्टूडेंट था। बता दें कि करीब 15 दिन पहले भी मेरठ में पलंग के नीचे एक हथियारों का तहखाना मिला था, जहां अवैध हथियार बनाए जा रहे थे. इसके बाद अब अलमारी के नीचे अवैध हथियारों को बनाने की फैक्ट्री पुलिस ने पकड़ी है।

मेरठ में इंचौली थाना पुलिस और स्वाट टीम ने खरदौनी के जंगल में चल रही अवैध तमंचा फैक्ट्री पकड़ी है. बीते मंगलवार देर रात पुलिस ने मौके से मास्टरमाइंड इमरान समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग में बीसीए का छात्र उमंग ठाकुर भी तमंचा तस्करी का काम करता था। वहीं पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी इमरान शातिर अपराधी है। वह करीब 25 साल पहले (वर्ष 2000 में) भी शस्त्र फैक्ट्री चलाने के आरोप में जेल भेजा गया था. जेल से बाहर आने के लंबे समय बाद उसने फिर से अपना नेटवर्क तैयार किया और बड़े पैमाने पर तमंचे बनाने लगा।

**छापेमारी में फैक्ट्री से मिला ये सामान**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार बनाने का भारी मात्रा में सामान बरामद किया. इसमें अधबने और तैयार तमंचे सहित विभिन्न उपकरण शामिल हैं. बरामद सामान में एक अधबना तमंचा और दो तैयार तमंचे मिले. 36 स्प्रिंग, 45 नाल और 12 बोर की नाल के कई पीस जब्त हुए. पुलिस को 115 स्प्रिंग केस भी मिले. हथियार बनाने के लिए बाई, रिंच, पेचकस, प्लास, बेंच वाइस और छैनी मिली. 41 ड्रिल बिट, ग्राइंडर, वेल्डिंग रॉड, आरी और रेती बरामद हुई. एक वेल्डिंग मशीन और दो प्रकार की खराद मशीनें भी मिलीं.

**हर आरोपी निभा रहा था अलग किरदार**

एसएसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इमरान तमंचे बनाता था. दौराला का रहने वाला कुलदीप मुख्य सप्लायर था. नरेंद्र बीच की कड़ी के रूप में काम करता था. 19 साल का उमंग ठाकुर शहर के एक कॉलेज से बीसीए की पढ़ाई कर रहा है. वह ऑन डिमांड हथियारों की सप्लाई करता था।

**कैसे इस अवैध फैक्ट्री तक पहुंची पुलिस?**

अवैध असलाह फैक्ट्री का रास्ता घर के भीतर बनी अलमारी से होता हुआ जा रहा था. वॉट्सऐप के जरिए अवैध असलहे की सप्लाई का गोरखधंधा किया जा रहा था. पुलिस की छापेमारी में 5 तैयार तमंचे, कई अधबने तमंचे, असलहा बनाने के औजार और भारी मात्रा में कच्चा माल बरामद हुआ। घर में बनी अलमारी के रास्ते बेसमेंट में मौत का सामान तैयार किया जा रहा था. एसपी देहात ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर इसका खुलासा किया।

**पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया**

इस कार्रवाई में सरगना इमरान समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. चौंकाने वाली बात यह है कि इस गिरोह में बीसीए का एक छात्र भी शामिल था, जो तमंचा तस्करी में सक्रिय भूमिका निभा रहा था. पुलिस जांच में सामने आया कि फैक्ट्री तक पहुंचने का रास्ता बेहद गुप्त था। घर की अलमारी के अंदर से होकर तहखाने में जाने पर यह अवैध यूनिट संचालित हो रही थी. इस पूरे मामले पर एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि गिरोह लंबे समय से अवैध असलहा बनाकर सप्लाई कर रहा था. पुलिस आगे की जांच में जुटी है और अन्य संभावित कड़ियों की तलाश की जा रही है।

# बलरामपुर में अवैध क्लीनिक पर चला प्रशासन का हंटर





**» खान लीनिक भवनियापुर रेहरा बंधा तुलसीपुर बलरामपुर को सील किया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर !** जनपद बलरामपुर में अवैध रूप से संचालित खान क्लीनिक भवनियापुर रेहरा बंधा तुलसीपुर बलरामपुर को दिनांक 05/05/2026 को सील कर दिया गया! स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में तुलसीपुर क्षेत्र स्थित खान क्लीनिक को छापेमारी कर उसे सील कर दिया गया। खान क्लीनिक संचालक : जमीर अहमद खान के भर्ती मरीजो को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थानांतरित कर दिया गया, सील के साथ विधिक कार्यवाही की जा रही है! मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार श्रीवास्तव एंव राजेश हंस पटल के नेतृत्व में टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पाया गया कि क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन नही था पर कार्य किया जा रहा था, जबकि उनका नाम आधिकारिक रजिस्ट्रेशन में दर्ज नहीं था। इसके साथ ही खान क्लीनिक पर बिना रजिस्ट्रेशन कार्य किया जा रहा था, जो गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। इन अनियमितताओं को देखते हुए टीम ने तत्काल प्रभाव से खान क्लीनिक को सील कर दिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में बिना पंजीकरण या नियमों के विरुद्ध संचालित किसी भी चिकित्सालय या पैथोलॉजी क्लीनिक सेंटर को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मुकेश कुमार रस्तोगी ने सभी संचालकों को निर्देशित किया है।

# बलिया की ऑर्केस्ट्रा टीम पर कहरः छपरा में भीषण सड़क हादसा

**● दो महिला कलाकार समेत 4 की मौत, 6 घायल**








स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया/छपरा-** बिहार के छपरा में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बलिया की ऑर्केस्ट्रा टीम के चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिला डांसर भी शामिल हैं, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा छपरा-हाजीपुर एनएच-19 पर डॉ. पीएन सिंह डिग्री कॉलेज के पास हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, बलिया जिले की 'मुस्कान ऑर्केस्ट्रा' टीम छोटा ब्रह्मपुर में आयोजित एक शादी समारोह में कार्यक्रम देने के बाद दूसरे कार्यक्रम के लिए जा रही थी। सुबह करीब 5:30 बजे उनकी पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे हादसा और भीषण हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप के पलटते ही उसमें बैठे लोग सड़क पर गिर पड़े और पीछे से आए ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि कई शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मृतकों की पहचान राहुल (बलिया), अवधेश (हरदोई), प्रीति (उन्नाव) और सोनी (हरदोई) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में दिलीप (बलिया), शिवम यादव (हरदोई), श्यामवीर व संगीता (एटा) और मनोज कुमार (उन्नाव) शामिल हैं। सूचना मिलते ही भगवान बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# ब्लास्ट के बाद पंजाब CM का बयान निंदनीय

**● राहुल गांधी अनफिट लीडर... कांग्रेस-AAP पर बीजेपी के हमले**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के सांसद संबित पात्रा में पंजाब के अमृतसर और जालंधर में ब्लास्ट के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के आए बयान को निंदनीय बताया है. उन्होंने कहा कि पंजाब पाकिस्तान से सटा राज्य है। बिना जांच के राजनीतिक फायदे के लिए इस तरह का बयान देना गलत है। जबकि पंजाब डीजीपी ने इसमें ISI के हाथ होने की बात कही है. पंजाब और जम्मू कश्मीर में इस तरह का काम ISI करती है। संबित पात्रा का आरोप है कि केजरीवाल के इशारे पर भगवंत मान ने ये बयान दिया है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सरकार चोरी की बात कही है. इसका जवाब हरियाणा के लोगों को देना चाहिए. उन्होंने कहा कि जब चुनाव होता है तो राहुल गांधी अंडमान और ओमान चले जाते हैं. एक तरह से वो अनफिट लीडर हैं. पात्रा ने दावा किया कि इंतजार कीजिए कुछ दिनों में इंडी एलायंस टूटने वाली है और इसका ठीकरा राहुल गांधी पर फूटने वाला है।

**ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिए**

सांसद संबित पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी कह रही है कि वे इस्तीफा नहीं देंगीं. स्टालिन और विजयन ने इस्तीफा दे दिया है. यह लोकतंत्र की खासियत है. लेकिन ममता बनर्जी क्या कर रही हैं. ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिए. उन्हें अराजकता का माहौल पैदा नहीं करना चाहिए. पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक चुनाव को सभी ने देखा. पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि यह ऐसा चुनाव है जिसमें हिंसा नहीं हुई. बदला नहीं बल्कि बीजेपी विकास चाहती है. बीजेपी बंगाल में विकास का काम भी करेगी।

**बीजेपी का पटका डालकर TMC कार्यकर्ता कर रहे हिंसा**

पात्रा ने आरोप लगाया कि टीएमसी के कार्यकर्ता बीजेपी का पटका डालकर हिंसा कर रहे हैं. यह उनकी हताशा है. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि किसी भी कीमत पर हिंसा नहीं होने देंगे। नदिया में टीएमसी ने कांग्रेस के दफ्तर को हथिया लिया था. उसका कांग्रेस के कार्यकर्ता रंग रोगन कर रहे हैं और राहुल गांधी इस तरह के आरोप लगा रहे हैं. राहुल गांधी राजनीति के लिए पूरी तरह से अनफिट है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**अमेठी।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

### संग्रामपुर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

चोरी की बकरियों की बिक्री के कुल 5260 रुपये बरामद




**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में संदिग्धों की चेकिंग व अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा कई धाराओं में वांछित अभियुक्त प्रवेश कुमार वर्मा पुत्र रामदेव वर्मा निवासी ग्राम भवानीपुर मजरे सरैया कनू थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष व अभियुक्त रवी शर्मा पुत्र गजाधर शर्मा निवासी ग्राम सांगीपुर कनू थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 29 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त प्रवेश कुमार वर्मा के कब्जे से 3220 रुपये व रवी शर्मा के कब्जे से 2040 रुपये बरामद हुये । पूछताछ से गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों ने दिनांक 04.05.2026 को ग्राम भवानीपुर सरैया कनू से 03 बकरी व 03 बकरे चोरी किये थे, बरामद रुपये उन्ही बकरियों के बिक्री के है । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### वोट उसी को जो गाय को राष्ट्रमाता घोषित करे-अविमुक्तेश्वरानन्द गविष्टि यात्रा में पहुंचे छोटी काशी

**रूद्रपुर, देवरिया।** ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मंगलवार को अपनी गविष्टि यात्रा के दौरान छोटी काशी के नाम से विख्यात दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर के गर्भ गृह में जाकर दुग्धेश्वर नाथ का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया और मंदिर परिसर में ही शिव भक्तों और जनता जनार्दन को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वे गायों के संरक्षण हेतु 81 दिन की गविष्ट यात्रा लेकर निकले हैं। जो प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में जाएगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गाय को पशुओं की सूची से बाहर करना और राज्य माता तथा राष्ट्र माता घोषित करना है। उन्होंने कहा कि भगवा वस्त्र पहनकर और हिंदू धर्म की बात करने वाले लोग गाय को राजमाता घोषित नहीं करना चाहते। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में हाल के आंकड़ों को देखा जाए तो गायों की संख्या लगातार घट रही है और वहीं आर्थिक आंकड़ों पर नजर डाल डाले तो पूरे देश में संपूर्ण बीफ निर्यात का सबसे ज्यादा हिस्सा उत्तर प्रदेश से होता है। उन्होंने उपस्थित जनता का आह्वान करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अपना वोट उन्हीं को दें जो गाय को राजमाता और राष्ट्र माता घोषित करने का वचन दें। चाहे वह कोई भी पार्टी हो। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि आम जनता के सहयोग से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक गौशाला बनाई जाएगी। जहां गायों की सेवा की जाए और उनका संरक्षण किया जाए। उन्होंने लक्ष्मीपुर स्थित एक रिसॉर्ट में रात्रि विश्राम किया और बुधवार को अपनी यात्रा लेकर बरहज के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह महंत रामाशंकर भारती महंत पप्पू सिंह सहित तमाम शिवभक्त और हिंदू नेता मौजूद रहे।

# दो मासूम बच्चों और पति को छोड़ युवती लापता, पति ने की वापस लौटने की अपील

● 6 दिन बीत गए लेकिन कोतवालीपुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया और ना तलाशने की कोशिश की दोबारा तारीख देने के बाद नंबर को सर्वेलेंस पर लगाया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हो रहा है बच्चों कारो रो कर बुरा हाल हो गया है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थानान्तर्गत पिकौरा दत्तूराय मोहल्ला निवासी रवि कुमार की पत्नी कंचन देवी, उम्र 30 वर्ष 29 अप्रैल बुधवार को दिन मे करीब 12.00 बजे से लापता है। सगे सम्बन्धों में पता करने पर उसके बारे मे कोई जानकारी नही मिली। वह आधार बनवाने और स्कूल ड्रेस लेने की बात कहकर घर से निकली थी। बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। वे मां को याद कर रहे हैं। बच्चों ने खाना पीना तक छोड़ दिया है। पीड़ित रवि ने थक हारकर 01 मई को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने की सिफारिश की। कोई



कार्यवाही न होने पर पीड़ित पति ने 04 मई को दोबारा तहरीर दिया। पुलिस ने कहा उसकी पत्नी का मोबाइल सर्विलांस पर लगा है। लोकेशन मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। रवि कुमार के मुताबिक उसने 2012 मे कंचन देवी से लव मैरिज किया। उससे दो बच्चे हुये। 11 साल की कृतिका एवं 8 साल का नितिन दोनो स्कूल जाते हैं। बच्चों ने स्कूल जाना और खाना छोड़ दिया है। रवि का कहना है कि वह अपना काम करे या बच्चों को संभाले। पूरा परिवार गहरे अवसाद मे है। कोई भी घटना घट सकती है। घर से जाने के बाद कंचन देवी का मोबाइल 6386446899 बंद आ रहा है। रविकुमार ने पत्नी के बारे मे कोई जानकारी मिलने पर उसके मो.न. 6388845003 पर सूचित करने का सहयोग मांगा है साथ ही वीडियो जारी कर पत्नी से मार्मिक अपील की है कि वह बच्चों की खातिर घर लौट आये, और जाने अंजाने उससे गलती हुई हो तो उसकी सजा मासूम बच्चों को न दे। इस मामले मे कोतवाली पुलिस का रवैया उदासीन है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के लिये गुमशुदा की फोटो तक नही मांगा। पुलिस की लापरवाही से पत्नी की जान की जा सकती है क्योंकि अभी तक उसे तलाशने की कोशिश नहीं की गई परिवार सदमे में है बच्चे खाना-पीना छोड़ दिए हैं लेकिन पुलिस पर जरा भी दया नहीं आ रही है कि उसकी पत्नी को ढूंढा जाए जब से जिले में कप्तान साहब आए हैं पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है हत्याएं हो रही है लगातार लेकिन पुलिस विभाग की लापरवाही कभी भी कोई अपनी घटना घट सकती है

# बस्ती में स्वास्थ्य शिक्षा की नई पहल: जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी का भव्य उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य सेवा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जीडी गोयनका हेल्थकेयर अकादमी का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हरैया के विधायक अजय सिंह के पुत्र यशोवर्धन सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसने जिले के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल दिए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआईजी संजीव त्यागी एवं मोहित मेहरा ने शिरकत की। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अकादमी का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ संजीव त्यागी भी मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बस्ती जैसे जनपद में इस प्रकार की आधुनिक स्वास्थ्य शिक्षा संस्थान की स्थापना युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह अकादमी न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत करेगी। वहीं, जीडी गोयनका हेल्थकेयर के सीईओ मोहित मेहरा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस



अकादमी का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि ऐसे कुशल स्वास्थ्य सेवा कर्मियों का निर्माण करना है जो समाज में बदलाव ला सकें। उन्होंने कहा कि संस्थान का फोकस प्रैक्टिकल नॉलेज, स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री आधारित प्रशिक्षण पर रहेगा। इस अवसर पर यशोवर्धन सिंह ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए कहा कि यह अकादमी बस्ती के युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का मंच प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि 'हम सब मिलकर करियर को आकार दे रहे हैं और आने वाले कल का निर्माण कर रहे हैं।' उनका यह संदेश युवाओं में उत्साह और प्रेरणा का स्रोत बना। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति भी देखने को मिली। इनमें संजय चौधरी, संजय जायसवाल, दयाराम चौधरी, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, अंकुर वर्मा और राणा दिनेश प्रताप सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि अकादमी में विभिन्न हेल्थकेयर कोर्सेस, प्रशिक्षण कार्यक्रम और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके। इससे न केवल स्थानीय युवाओं को लाभ मिलेगा, बल्कि आसपास के जिलों के विद्यार्थी भी आकर्षित होंगे।कुल मिलाकर, जीडी गोयनका हेल्थकेयर अकादमी का यह उद्घाटन बस्ती में स्वास्थ्य शिक्षा और युवा सशक्तिकरण क दिशा में एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। यह पहल आने वाले समय में जिले को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# बस्ती कनक बिहारी गैस एजेंसी पर ब्लैक मार्केटिंग का आरोप, जिलाधिकारी से जांच की मांग

● जनपद में घरेलू गैस समस्या को लेकर के आम जनमानस परेशान है जनता का आरोप है की पूरा ट्रक आता है और सिलेंडर गायब हो जाते हैं सरकार को बदनाम कर रहे हैं जिम्मेदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में घरेलू गैस की समस्या को लेकर आम जनमानस परेशान है वहीं अगर देखा जाए तो जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन घरेलू गैस की समस्या दूर नहीं काम कर पा रहे हैं ब्लैक मार्केट में ?3500 से लेकर के 4000 तक ब्लैक गैस सिलेंडर मिल रहे हैं इनकी भारी के होटल में ढाबों पर सप्लाई हो रही है जिला प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही हैभारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिला उपाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कनक बिहारी एलपीजी एजेंसी पर ब्लैक मार्केटिंग और




उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि एजेंसी द्वारा आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। आरोप है कि बुकिंग के बावजूद सिलेंडर देने के बजाय एजेंसी के मैनेजर सुभाष शर्मा द्वारा बड़े होटलों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ऊंचे दामों पर गैस सिलेंडर बेचे जा रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने कई बार गैस बुकिंग कराई, लेकिन उसे सिलेंडर नहीं मिला। 23 अप्रैल 2026 को की गई बुकिंग (संख्या 10399) के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं कराई गई। यह पहली बार नहीं, बल्कि लगातार तीसरी बार ऐसा हुआ है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि एजेंसी आपदा जैसी परिस्थितियों का फायदा उठाकर करोड़ों का अवैध मुनाफा कमा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि एजेंसी के मालिक और मैनेजर के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है।

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मानक अनुसार डीजे संचालित न करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो वाहनों समेत उपकरण जब्त किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मानकों से अधिक तेज ध्वनि में डीजे बजाने वाले दो वाहनों को पकड़ा गया तथा उनके उपकरण जब्त किया गया। प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह, चौकी प्रभारी बड़ेबन के साथ हेड कांस्टेबल शैलेष शर्मा एवं कांस्टेबल राजू यादव द्वारा डीजे संचालकों को तेज आवाज बंद करने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद उन्होंने नहीं माना, जिसके चलते पुलिस ने दोनों वाहनों से भारी मात्रा में उपकरण सीज कर लिए। वाहन (P 35 B 8927) सेः डिक्शो लाइट-16, साउंड बॉक्स-06, SRP लाइट-2, जनरेटर-01, ट्विटर-01, मिक्सर मशीन-01, डीजे सेट-03, स्टेबलाइजर-01 अदद। दूसरे वाहन (P 53 CT 7933) सेः ब्लेडर लाइट-04, SRP लाइट-04, चोक लाइट-2, पार्कर लाइट-4, ट्विटर-



02 सेट, साउंड बॉक्स-08, डीजे मशीन-04, स्टेबलाइजर-02, मिक्सर मशीन-01, जनरेटर-02 अदद दोनों वाहनों को धारा 207 MV एक्ट के तहत सीज किया गया तथा थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 194/2026 धारा 270, 293 बीएनएस, धारा 5/6 ध्वनि प्रदूषण अधिनियम 2000 तथा 207 MV एक्ट बनाम 1. प्रमोद वर्मा (वाहन चालक) पुत्र अमरेश कुमार वर्मा, निवासी सिसहनी, थाना छपिया, जनपद गोंडा , 2. लक्ष्मण गुप्ता पुत्र गंगा राम गुप्ता, निवासी रमवापुर, थाना गौर, जनपद बस्ती, 3. शिवशरण पुत्र हरिराम, निवासी हटवा, थाना महुली, जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सभी से अपील है कि मानक के अनुसार तथा मा0 न्यायालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार डीजे संचालित करें तेज डीजे, लाउडस्पीकर या अन्य साधनों से अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण न करें। कानून का पालन करें, अन्यथा विधिक कार्यवही की जायेगी।

# फर्जी मेडिकल स्टोर' के आरोप निराधार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर):** हाल ही में प्रकाशित खबर 'फर्जी मेडिकल स्टोर पर सवाल, बिना डिग्री इलाज का आरोप' को लेकर संबंधित पाल मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक के संचालक ने कड़ा खंडन जारी किया है। उन्होंने इसे पूरी तरह भ्रामक, एकपक्षीय और तथ्यों से परे बताया है। संचालक के अनुसार उनका प्रतिष्ठान विधिवत पंजीकृत है तथा सभी आवश्यक नियमों का पालन किया जा रहा है। दवाओं का वितरण अधिकृत लाइसेंस के तहत किया जाता है और किसी भी प्रकार की अवैध



या प्रतिबंधित दवाओं के उपयोग का आरोप पूरी तरह निराधार है। 'बिना डिग्री इलाज' के आरोप पर भी उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी प्रकार का अवैध इलाज नहीं करते, बल्कि केवल अनुमन्य सेवाएं ही प्रदान की जाती हैं और जरूरत पड़ने पर मरीजों को योग्य चिकित्सकों के पास भेजा जाता है। खबर में लगाए गए 'राजनीतिक संरक्षण' जैसे आरोपों को भी संचालक ने मनगढ़ंत बताया और कहा कि बिना किसी प्रमाण के इस प्रकार की खबर प्रकाशित करना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे प्रतिष्ठान की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। संचालक ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई सामने आने पर सभी आरोप स्वतः निरस्त हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और सत्यापित जानकारी पर ही विश्वास करें।

# के गोटवा मे कपड़े कीदुकान मे लगी आग, 22 लाख का सामान जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोटवा बाजार में 5 मई 2026 की रात एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में दुकान में रखा लाखों का माल जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार राजनाथ गौड़ ने 6 मई को थाना नगर में तहरीर देकर थ्स् दर्ज करने व उचित कार्रवाई की मांग की है।

**पत्रकारिता और समाचार उद्योग**

पीड़ित राजनाथ गौड़ पुत्र शिवकुमार गौड़, निवासी ग्राम मरहा, थाना नगर, बस्ती ने बताया कि 5 मई 2026 को शाम वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। कुछ देर बाद सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब तक वह मौके पर पहुंचे, आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया था। तत्काल डायल 112 व अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। लेकिन तब तक दुकान में



रखा कपड़ा, इनवर्टर, काउंटर व अन्य सामान पूरी तरह जल चुका था राजनाथ गौड़ के अनुसार इस अग्निकांड में लगभग 20 से 22 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उनकी सारी जमा पूंजी जलकर राख हो गई है। वह एक छोटे व्यापारी हैं और दुकान ही उनके परिवार के जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन थी। पीड़ित ने थाना नगर में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारणों शार्ट सर्किट बताया गया घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारी संगठनों ने दुख जताया है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित को तत्काल आर्थिक सहायता व मुआवजा दिया जाए। साथ ही बाजार में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। राजनाथ गौड़ का परिवार इस घटना से सदमे में है। उन्होंने शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# हरैया रेंजर शारदानंद तिवारी के लम्बे अवकाश का पूरा फायदा उठा रहे लकड़ी माफिया

● लकड़ी माफिया धड़ल्ले से हरैया क्षेत्र में करा रहे हरे पेड़ों की अवैध कटान पुलिस वन विभाग की मिली भगत से हो रहा खेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया क्षेत्र में तेजी से हो रहे अवैध कटान को लेकर पूरे जिले में चल रही तरह - तरह की चर्चाएंअभी हाल में ही ग्राम पंचायत सकरदहा शुक्ल, त्रिलोकपुर तिवारी व केशवराजपुर में अवैध पेड़ों की हुई है कटान ग्राम पंचायत सकरदहा शुक्ल, त्रिलोकपुर व केशवराजपुर में हुए अवैध कटान मामले में नही हुई है कोई कार्यवाही ग्राम पंचायत सकरदहा शुक्ल, त्रिलोकपुर व केशवराजपुर में हुए अवैध कटान मामले में कार्यवाही न होना वन विभाग हरैया पर खड़ा कर रहा बड़ा सवाल बन दरोगा के ऊपर उठ रहे हैं उंगलियां हिस्सा ऊपर तक जाता हैतेज तर्रार डीएफओ के आंख में धूल झोंककर हल्का वन दरोगा व वन रक्षक हरैया



क्षेत्र में करा रहे हरे पेड़ों की अवैध कटान जारी है इन पर कार्रवाई करने के बजाय उनसे अपना बखरा लेकर वारा न्यारा कर देते हैं आखरि क्यों नहीं रुक पा रहा हरैया क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटान ? प्रभारी रेंजर सोनल वर्मा की भूमिका संदिग्ध कार्रवाई न करना सवालों के घेरे में आ रही है सोनल वर्मा जिले में हरियाली पर टांका डाला जा रहा है लेकिन ना तो जिला प्रशासन ध्यान दे रहे हैं ना पुलिस प्रशासन इस मामले पर शक्ति कर रहा है कैसे हरियाली की सुरक्षा की जाए वन विभाग अपनी जेब में भर भर रहे मालामाल कैसे सुरक्षा है हरियाली की इस मामले पर कोई जिम्मेदार अधिकारी बनने को राजी नहीं है अब देखना यह है कि हरैया क्षेत्र कई स्थानों पर बिना परमिट के कटान हुए पेड़ों पर प्रभारी रेंजर सोनल वर्मा कर पाती है कार्यवाही मोटी रकम लेकर के सौदेबाजी कर लिया गया हरियाली पर डाटा डाल रहे हैं बदमाशियां तथा हरिया रेंज के अधिकारीया जांच पड़ताल के नाम पर लकड़ी माफियाओं से लेन देन करके मामले को कर देती है रफा दफाबस्ती जिले के वन रेंज हरैया के अर्न्तगत कई ग्राम पंचायतों में बिना परमिट के कटे अवैध पेड़ों से जुड़ा मामला पर माफिया द्वारा क्षेत्र में अवैध कटान धड़ल्ले से चल रहा है जिसमें पुलिस की निधि भगत और वन विभाग के अधिकारी सम्मिलित है

# मांगलिक कार्यक्रम से लौटते समय सड़क हादसा, कार चालक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकार द्वारा तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे दुर्घटनाएं ना हो लेकिन फोटो खिंचवाकर अधिकारी और कर्मचारी यातायात सुरक्षा का झंडी दिखा कर रवाना करते हैं लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता है दुर्घटना होने के घंटे बाद होती है पुलिस रहाटकर कैसे हो जिले में लोगों का पुलिस से भरोसा उठ रहा है बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मनौरी चौराहे के आगे पेट्रोल पंप के पास मंगलवार देर रात भीषण सड़क हादसा में कार चालक की दर्दनाक मौत हो गयी । प्राप्त जानकारी के अनुसार मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे कार सवार दो युवक आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा भिड़े, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाल्टरगंज थाना क्षेत्र




के ढेकी गांव निवासी श्याम नारायण दूबे (35) अपने चचेरे भाई निहाल दूबे (22) व अन्य परिजनों के साथ मंगलवार शाम बस्ती में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर रात सभी लोग अलग-अलग वाहनों से वापस घर लौट रहे थे। श्याम नारायण और निहाल एक ही कार में सवार थे। रात करीब साढ़े 12 बजे जैसे ही उनकी कार मनौरी चौराहे के आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी सामने चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे कार अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जा टकराई और हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को कार से निकालकर जिला अस्पताल बस्ती ले गए। वहां चिकित्सकों ने श्याम नारायण दूबे की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज कैली रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। निहाल दूबे का उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है

# गीत, ज्ञान और मानवता के कवि रवींद्रनाथ

रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था और यह तिथि भारतीय इतिहास और संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। बंगाली परंपरा में उनकी जयंती वैशाख महीने के 25वें दिन (पचीशे बैसाख) को मनाई जाती है, जो हर वर्ष ग्रेगोरियन कैलेंडर में अलग तिथि पर आती है, परंतु 2026 में यह 7 मई को ही पड़ रही है। यह संयोग केवल तिथियों का मेल नहीं है, बल्कि यह उस सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक है जिसमें समय बदलता है पर मूल्य स्थिर रहते हैं। टैगोर का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था जो साहित्य, कला और सामाजिक चेतना का केंद्र था, और यही परिवेश उनके व्यक्तित्व के निर्माण में निर्णायक सिद्ध हुआ। रवींद्रनाथ टैगोर को विश्वकवि कहा जाता है, और यह उपाधि केवल सम्मान नहीं बल्कि उनकी रचनात्मकता की व्यापकता का प्रमाण है। 1913 में उन्हें उनकी काव्य रचना गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, जिससे वे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले गैर यूरोपीय बने। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की महत्वपूर्ण घटना थी बल्कि यह भारतीय साहित्य के वैश्विक स्वीकार का भी क्षण था। गीतांजलि में निहित आध्यात्मिकता, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय भावनाओं की गहराई ने दुनिया भर के पाठकों को प्रभावित किया। उनकी भाषा सरल होते हुए भी गहन थी और उनके विचार सीमाओं से परे जाकर मानवता की एकता की बात करते थे। टैगोर की सबसे विशिष्ट पहचान यह है कि उनकी रचनाएँ दो देशों के राष्ट्रगान बनीं। भारत का जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला उनकी ही काव्य प्रतिभा के उदाहरण हैं। यह तथ्य उन्हें विश्व साहित्य में एक अनूठा स्थान देता है, क्योंकि ऐसा उदाहरण अन्यत्र नहीं मिलता। उनकी रचनाओं में देशभक्ति का स्वर था, परंतु वह संकीर्ण राष्ट्रवाद से परे था। वे मानवता को किसी एक देश या सीमा में बांधकर नहीं देखते थे, बल्कि उनकी दृष्टि वैश्विक थी। वे मानते थे कि सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो मानवता का सम्मान करे और सभी के लिए समान अवसर और सम्मान की बात करे। संगीत के क्षेत्र में भी टैगोर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने रवींद्र संगीत की परंपरा को विकसित किया जिसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत और लोकधुनों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उनके गीतों में भावनाओं की गहराई, प्रकृति के प्रति प्रेम और जीवन के विभिन्न रंगों का चित्रण मिलता है। आज भी उनके गीत बंगाल और पूरे भारत में गाए जाते हैं और उनकी लोकप्रियता समय के साथ और बढ़ी है। उनके द्वारा रचित धुनें केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि वे आत्मा को छूने वाली अनुभूति प्रदान करती हैं। टैगोर का दृष्टिकोण केवल साहित्य और संगीत तक सीमित नहीं था, बल्कि वे एक महान शिक्षाविद और दार्शनिक भी थे। उन्होंने शांतिनिकेतन की स्थापना इस उद्देश्य से की कि शिक्षा प्रकृति के सान्निध्य में दी जाए और विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से सोचने और सीखने का अवसर मिले। बाद में यही संस्थान विश्व भारती विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ, जो आज भी उनके आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। उनका मानना था कि शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के भीतर की




संवेदनशीलता, रचनात्मकता और नैतिकता को विकसित करने का साधन है। वे शिक्षा को जीवन से जोड़कर देखते थे और चाहते थे कि विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित न रहें बल्कि प्रकृति और समाज से भी सीखें। टैगोर के विचारों में मानवतावाद की गहरी भावना थी। वे राष्ट्रवाद के अंधानुकरण के विरोधी थे और मानते थे कि यदि राष्ट्रवाद मानवता के विरुद्ध हो जाए तो वह विनाशकारी बन सकता है। उनके लेखन में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि वे विश्व शांति, सहिष्णुता और भाईचारे के पक्षधर थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों और असमानताओं पर भी तीखा प्रहार किया। उनके उपन्यास, कहानियाँ और नाटक समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करते हैं और पाठकों को सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे कवि, लेखक, संगीतकार, चित्रकार और दार्शनिक सभी कुछ थे। लगभग 60 वर्ष की आयु में उन्होंने चित्रकला शुरू की और हजारों चित्र बनाए। यह तथ्य यह दर्शाता है कि उनके भीतर सृजन की ऊर्जा जीवन के अंतिम समय तक बनी रही। उनकी चित्रकला भी उतनी ही अभिव्यक्तिपूर्ण थी जितनी उनकी कविताएँ। उन्होंने अपने हर कार्य में नवीनता और मौलिकता को महत्व दिया और यही कारण है कि उनका हर योगदान विशिष्ट बन गया। टैगोर की रचनाओं में स्त्री जीवन, ग्रामीण समाज और मानवीय संबंधों की गहरी समझ दिखाई देती है। उन्होंने समाज में व्याप्त लैंगिक असमानताओं और सामाजिक अन्याय को अपनी कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से उजागर किया। उनके पात्र जीवंत होते हैं और उनकी समस्याएँ वास्तविक जीवन से जुड़ी होती हैं। वे केवल मनोरंजन के लिए नहीं लिखते थे, बल्कि उनके लेखन का उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना और परिवर्तन की प्रेरणा देना था। उनकी प्रसिद्ध पंक्ति चित्त जेथा भयशून्य, उच्च जेथा शिर आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह पंक्ति एक ऐसे समाज की कल्पना प्रस्तुत करती है जहां लोग भयमुक्त हों, जहां ज्ञान स्वतंत्र हो और जहां संकीर्णता का स्थान न हो। यह विचार आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। जब दुनिया विभिन्न प्रकार के संघर्षों और विभाजनों से जूझ रही है, तब टैगोर के विचार हमें एक बेहतर और मानवीय समाज की ओर मार्गदर्शन देते हैं। रवींद्रनाथ टैगोर का जीवन और कार्य यह सिद्ध करता है कि सच्ची महानता केवल उपलब्धियों में नहीं बल्कि उन मूल्यों में होती है जो व्यक्ति समाज को देता है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह दिखाया कि कला, साहित्य और शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उनकी सोच आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि हमें अपने जीवन में मानवता, संवेदनशीलता और रचनात्मकता को स्थान देना चाहिए। उनकी जयंती केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक अवसर है उनके विचारों को समझने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का। पचीशे बैसाख के दिन जब लोग उनके गीत गाते हैं और उनकी रचनाओं को याद करते हैं, तब यह केवल एक महान कवि को श्रद्धांजलि नहीं होती बल्कि यह उस सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव होता है जिसे उन्होंने हमें दिया। टैगोर की विरासत समय के साथ और अधिक प्रासंगिक होती जा रही है, क्योंकि उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने की क्षमता रखते हैं। इस प्रकार रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक जीवित प्रेरणा हैं, जिनकी रचनाएँ और विचार आज भी हमें बेहतर मनुष्य बनने की ओर प्रेरित करते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सृजन, संवेदना और शिक्षा के माध्यम से हम दुनिया को अधिक सुंदर और मानवीय बना सकते हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# भवानीपुर की हार ने लिखी सियासी विदाई की पटकथा

**[ एक युग का लॉगआउट: बंगाल की राजनीति में नया लॉगिन ]**
**[ ममता का पॉलिटिकल संन्यास? भवानीपुर की हार के बाद उठ रहे सवाल ]**



सियासी फलक पर आज ऐसा सूरज डूबा है, जिसने वर्षों तक बंगाल की दिशा तय की थी। 4 मई 2026 का दिन राज्य की राजनीति में एक युगांतकारी मोड़ बनकर दर्ज हो गया। ममता बनर्जी, जिन्हें 'दीदी' कहकर सम्मान दिया जाता था, अब पराजय की प्रतीक बन चुकी हैं। भवानीपुर में सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें 15,105 वोटों से हराकर यह स्पष्ट कर दिया कि कोई भी गढ़ अब अजेय नहीं रहा। जनता का निर्णय न केवल स्पष्ट, बल्कि कठोर और अंतिम है। 15 वर्षों से कायम टीएमसी सत्ता का ढांचा आज पूरी तरह भरभराकर गिर पड़ा। बीजेपी ने बहुमत के साथ 200 से अधिक सीटें जीतकर बंगाल में 'पोरिबर्तन 2.0' की ऐतिहासिक इबारत लिख दी। ममता की यह करारी हार केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक पूरी विचारधारा और शासन शैली की हार बन गई है। जनता के धैर्य का बाँध अंततः टूट गया और उसका तीव्र प्रतिफल इस करारी पराजय में स्पष्ट झलक उठा। संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार, आरजी कर अस्पताल प्रकरण, शिक्षक भर्ती घोटाला तथा लाखों युवाओं की बेरोजगारी–इन सभी ने ममता की 'ममता' वाली छवि को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। भवानीपुर, जिसे उनका अभेद्य गढ़ माना जाता था, वहीं सुवेंदु ने 15,105 मतों से उन्हें निर्णायक शिकस्त दी। मतगणना के प्रत्येक चरण में टीएमसी की स्थिति लगातार कमजोर पड़ती गई। कभी 'स्ट्रीट फाइटर' के रूप में पहचानी जाने वाली ममता की छवि अब धूमिल स्मृति बनकर रह गई है। जनता ने स्पष्ट, कठोर और अंतिम संदेश दे दिया–अब और नहीं। इस चुनाव में महिलाओं और युवा मतदाताओं की भूमिका खासतौर पर निर्णायक रही, जिन्होंने संदेशखाली और आरजी कर जैसे मुद्दों पर खुलकर अपना गुस्सा दिखाया। सत्ता का चक्र इस बार ऐसा पलटा कि 2021 की टीस 2026 में दुगुनी धार बनकर लौटी। 2021 में महज 1,956 वोटों से मिली हार के बाद ममता ने भवानीपुर का सहारा लिया था, लेकिन इस बार भवानीपुर में उनका आधार बिखर गया। सुवेंदु अधिकारी, जो कभी टीएमसी के भीतर थे, आज बीजेपी के सबसे धारदार हथियार बनकर उभरे। हिंदू वोटों का एकीकरण, मुस्लिम वोट बैंक में दरार और विकास की तीव्र मांग ने ममता को चारों ओर से घेर लिया। भवानीपुर जैसे शहरी क्षेत्र में भी बदलाव की लहर इतनी प्रबल थी कि उनका कोई प्रभाव नहीं चल पाया। राजनीति का यह कठोर सच फिर सामने आया–जो जनता की आवाज नहीं सुनता, जनता उसे सत्ता से बेदखल कर देती है। सियासत के इस मोड़ पर सबसे बड़ा प्रश्न अब यही उठ रहा है–क्या ममता अब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेंगी? 71 वर्ष की उम्र, लगातार स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां, दल के भीतर बढ़ती असंतोष की लहर और भवानीपुर से मिली करारी हार के बाद उनके विकल्प बेहद सीमित रह गए हैं। टीएमसी के कई वरिष्ठ नेता पहले ही बीजेपी की ओर रुख करते दिखाई दे रहे हैं। यदि ममता सदन तक नहीं पहुंच पातीं, तो उनका विपक्षी चेहरा भी काफी कमजोर पड़ जाएगा। क्या वे अब राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास करेंगी, या बंगाल की राजनीति से हमेशा के लिए दूरी बना लेंगी? कई विश्लेषक इसे उनके राजनीतिक करियर का बड़ा मोड़ मान रहे हैं। 'दिल्ली पर कब्जा' का नारा अब केवल खोखली गूंज बनकर रह गया है। ममता बनर्जी ने परिणाम आने के बाद चुनाव आयोग पर भारी अनियमितताओं और साजिश का आरोप लगाया, साथ ही केंद्रीय बलों पर कार्यकर्ताओं पर अत्याचार का आरोप भी लगाया। संघर्ष की आग में तपकर उभरा यह नेतृत्व, लंबे सत्ता काल में अपनी ही चमक खो बैठा–ममता के साथ भी यही हुआ। उन्होंने लेफ्ट के 34 साल के शासन को ध्वस्त किया था, पर अपनी 15 साल की सत्ता में वही भूलें दोहराईं–परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण। बीजेपी की सरकार बनने के बाद अब आयुष्मान भारत, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और तेज औद्योगिक निवेश की नई उम्मीद जाग उठी है। बंगाल के युवा और महिलाएं, जो आरजी कर और सैंडेशखाली के बाद सड़कों पर उतरे थे, आज खुलकर जीत का उत्सव मना रहे हैं। इस बार महिलाओं और नए मतदाताओं का समर्थन निर्णायक साबित हुआ। ममता की हार केवल सीटों की नहीं, बल्कि भरोसे और विश्वसनीयता की गहरी पराजय है। सियासी भूचाल ने टीएमसी की जड़ों तक को हिला दिया है–भवानीपुर में मिली अंतिम हार इसका स्पष्ट संकेत है। घोटालों और हिंसा के आरोपों से पहले ही घिरी पार्टी अब नेतृत्व के संकट से जूझ रही है। ममता के बिना टीएमसी का भविष्य अनिश्चित दिखाई दे रहा है, और कई नेता पाला बदलने की तैयारी में हैं। बीजेपी की 'लोटस फ्रॉम गंगोत्री टू गंगासागर' रणनीति पूरी तरह सफल रही।

पीएम मोदी ने इसे जनता की विजय बताया। बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनने की स्थिति बन चुकी है। यह परिवर्तन केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी भारत के राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव है। 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए भी इससे नए द्वार खुल गए हैं। बंगाल के आकाश पर अब एक नई भोर की किरण साफ झलक रही है। ममता बनर्जी की भवानीपुर हार केवल एक नेता की पराजय नहीं, बल्कि 15 वर्षों से चले आ रहे भ्रष्टाचार, हिंसा और तुष्टिकरण के पूरे मॉडल का पतन है। इतिहास बार-बार यही सिखाता है कि जो समय के साथ कदम नहीं मिलाता, समय उसे पीछे छोड़ देता है। ममता संन्यास लें या संघर्ष जारी रखें, बंगाल अब विकास, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न यह नहीं कि ममता क्या करेंगी, बल्कि यह है कि नई सरकार राज्य को कितनी तेजी से प्रगति की ओर ले जाएगी। जनता ने अपना निर्णय सुना दिया है–और यह निर्णय अंतिम है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# मुकदमों का बढ़ता बोझ न्याय व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती भाग-2



**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

'तारीख़ पर तारीख' मिलना देश में न्याय व्यवस्था को पीछे करती आ रही है और यही आम आदमी की धारणा भी बन चुकी है। एक छोटे से मुकदमे में जहां न तो गवाह मिल रहे हैं और न ही सबूत, लेकिन उस पर भी तारीख़ पर तारीख आम बात हो चुकी है जब कि उस मुकदमें में कुछ बचा नहीं होता है, केवल फैसला आना बाकी रह जाता है लेकिन न्यायालय में जजों की कमी से फाइलों के ढेर लग रहे हैं। वादी प्रतिवादी तारीखों पर आते हैं और फिर से नई तारीख लेकर चले जाते हैं। मुकदमों का बढ़ता बोझ न्याय व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती बन चुका है। अदालतों में लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है, जिससे न्याय मिलने में देरी होती है और आम नागरिक का भरोसा भी कमजोर पड़ता है। इस समस्या का समाधान बहुआयामी सुधारों के माध्यम से ही संभव है। अगर न्याय प्रक्रिया में सुधार करना है तो हमें कई पहलुओं पर विचार करना होगा और उनको अमल में लाना होगा। कोर्ट रुम के बाहर हमने भीड़ को देखा है लेकिन वह भीड़ बिना बहस, बिना किसी निर्णय के अगली तारीख लेकर चली जाती है। हमारे देश की आजादी 140 करोड़ से ऊपर है लेकिन कोर्ट वही हैं जजों की संख्या में इजाफा न के बराबर हुआ है। यदि इन सबसे हमें निजात पानी है तो सबसे पहले, न्यायपालिका में जजों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था पर ध्यान देना होगा। वर्तमान में प्रति लाख जनसंख्या पर जजों की संख्या बहुत कम है। नए न्यायाधीशों की नियुक्ति और खाली पदों को शीघ्र भरना जरूरी है ताकि मामलों का तेजी से निपटारा हो सके। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है तकनीक का अधिक उपयोग। ई-कोर्ट्स, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल फाइलिंग जैसे उपाय मुकदमों की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बना सकते हैं। इससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी। यदि वाली, प्रतिवादी, गवाह निश्चित तारीख पर किसी कारण से कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पा रहा है तो उसके लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा उनके बयान दर्ज करने के विकल्प बढ़ाने होंगे। जिससे समय की बचत होगी और मुकदमा जल्दी खत्म होगा। वर्तमान व्यवस्था में कभी वादी कभी प्रतिवादी और कभी गवाह आने में असमर्थ होता है और फिर एक नई तारीख दे दी जाती है। वैसे कई जगह वीडियो कांफ्रेंसिंग को बढ़ावा दिया जाता है लेकिन इसे अब सर्व मान्य करना होगा। तीसरा, वैकल्पिक विवाद समाधान जैसे मध्यस्थता, सुलह और पंचाट को बढ़ावा देना चाहिए। छोटे और कम जटिल मामलों को अदालत के बाहर ही सुलझाया जा सकता है, जिससे अदालतों पर बोझ कम होगा। इसके अलावा, सरकारी विभागों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी क्योंकि बड़ी संख्या में मुकदमे सरकार से जुड़े होते हैं। यदि सरकारी नीतियों और फैसलों में पारदर्शिता और स्पष्टता हो, तो अनावश्यक मुकदमों से बचा जा सकता है। कानूनी प्रक्रियाओं को सरल और समयबद्ध बनाना भी जरूरी है। बार-बार की तारीखों और लंबी प्रक्रियाओं से बचने के लिए सख्त नियम लागू करने होंगे। जनता में कानूनी जागरूकता बढ़ाना भी महत्वपूर्ण है। यदि लोग अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होंगे, तो विवाद कम होंगे और मुकदमों की संख्या भी घटेगी।, मुकदमों का बोझ कम करने के लिए न्यायपालिका, सरकार और समाज–तीनों को मिलकर प्रयास करने होंगे। तभी देश में न्याय सुलभ, त्वरित और प्रभावी बन सकेगा। आज की व्यवस्था में एक मेडिकल सर्टिफिकेट लगाकर कोई भी व्यक्ति अनुपस्थित हो जाता है जिससे मुकदमे में देरी होती है, इस व्यवस्था पर कड़ाई से पालन करना होगा तभी हम न्यायालयों में फाइलों के बोझ को कम कर सकते हैं। भारतीय न्याय व्यवस्था में देश की जनसंख्या के हिसाब से न्यायाधीशों की संख्या काफी कम है और जजों की यह कमी न्याय व्यवस्था में देरी का सबसे बड़ा कारण बनकर सामने आता है। यदि हम आंकड़ों की बात करें तो जनवरी 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक देश में प्रति दस लाख लोगों पर 22 जज हैं जो कि काफी कम हैं। देश में कानून आयोग ने 1987 में सिफारिश की थी कि प्रति दस लाख लोगों पर जजों की संख्या कम से कम 50 होनी चाहिए जो कि अभी आधी से भी कम है। यही कारण है कि एक छोटे से मुकदमे के परिणाम में लोगों को वर्षों का इंतजार करना पड़ता है।

# कविता

जीवन की शांत बगिया में
कुछ पल
काँटों की तरह
आत्मा में चुभे रह जाते
बिना दुख दिए
एक धीमी कसक छोड़ते हुए,
किसी पुराने सवाल के
अधूरे उत्तर मानिंद।

कुछ पल
धीमी-धीमी रिमझिम फुहार बनकर
गिरते हैं भीतर,
भीगता नहीं शरीर,
भीगती यादें
और हम
अनजाने ही
थोड़े संकुचित हो जाते ।

समय
इन दोनों के बीच से गुजरता
बिना बताए
कि कौन-सा क्षण
जीवन होगा
और कौन-सा
सिर्फ एक गुजरता हुआ पल ।

**संजीव ठाकुर**

# जनादेश का सरेआम अपमान करतीं - ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की जनता ने हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में डेढ़ दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी की सरकार को नकारते हुए भारतीय जनता पार्टी को राज्य में पहली बार स्पष्ट बहुमत का जनादेश दिया है। यह जनादेश केवल सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि शासन शैली के प्रति जनता की स्पष्ट प्रतिक्रिया भी माना जाना चाहिए। किन्तु, इस परिदृश्य में यदि कोई राजनीतिक दल या नेता जनादेश को स्वीकार करने के बजाय उस पर प्रश्नचिह्न लगाने का प्रयास करता है, तो यह लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध माना जाएगा। चुनाव परिणामों के बाद आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति, विशेषकर बिना ठोस प्रमाण के, लोकतंत्र की गरिमा को आहत करती है। यह सर्वविदित है कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। मतदाता अपने विवेक से सरकार चुनते हैं और उसी अधिकार से उसे बदलने का भी सामर्थ्य रखते हैं। अतः चुनाव परिणामों को सम्मानपूर्वक स्वीकार करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का नैतिक दायित्व है। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में तीव्र ध्रुवीकरण देखने को मिला है। ऐसे में यह अपेक्षा और भी बढ़ जाती है कि सभी पक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए संयम और परिपक्वता का परिचय दें। सत्ता परिवर्तन की स्थिति में शांतिपूर्ण संक्रमण ही लोकतंत्र की वास्तविक कसौटी होता है। जनादेश को अस्वीकार करने या उस पर संदेह प्रकट करने से न केवल मतदाताओं की भावना आहत होती है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठते हैं। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती। अतः आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलो के नेता और खुद ममता बनर्जी जनादेश का सम्मान करें, लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करें और जनता के विश्वास को सर्वोपरि मानते हुए आगे की राजनीति को सकारात्मक दिशा दें। यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।

**अरविंद रावल**

# अमेरिका,इजरायल और ईरान के बारूद के खेल से मानवता सर्वनाश की ओर

अमेरिका इजरायल और ईरान के महत्वाकांक्षी और विस्तार के अतिरेक के धनी राष्ट्र प्रमुखों ने अपने देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में आर्थिक संकट तथा वैश्विक अशांति बारूद के माध्यम से पैदा कर दी है। न केवल उनके अपने देश के नागरिक असुरक्षित हैं बल्कि पूरे विश्व की मानव सभ्यता को खतरा नजर आने लगा है। यह बात एकदम समझ से परे है की हर बात का हिंसा ही समाधान नहीं हो सकता, वार्ता और विचारों से भी कई बड़े-बड़े मसले हल किये जा सकते हैं फिर कितने व्यापक खून खराबे और युद्ध की क्या आवश्यकता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा को मानवता का सबसे बड़ा अस्त्र बताया था,उनका प्रसिद्ध कथन है कि 'आँख के बदले आँख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अहिंसा मानवता का परम धर्म है,' और यह स्पष्ट किया कि स्थायी शांति केवल सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही संभव है, न कि युद्ध से। ज्ञान, संवेदना और मानवता से परे जब महायुद्ध की आहट सुनाई देती है, तब केवल सीमाओं का विस्तार या सत्ता का संघर्ष नहीं होता, बल्कि पूरी मानव सभ्यता अपनी आत्मा के संकट से गुजरती है। यह वही समय होता है जब विज्ञान, जो मानव कल्याण का साधन होना चाहिए था, विनाश का औजार बन जाता है और ज्ञान, जो प्रकाश फैलाने के लिए था, अंधकार को और गहरा कर देता है। आज का महायुद्ध केवल बंदूकों और बमों तक सीमित नहीं रहा, यह तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर हमलों और परमाणु शक्ति के रूप में इतना भयावह हो चुका है कि इसका परिणाम केवल हार-जीत नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। गौतम बुद्ध ने करुणा और




शांति को जीवन का मूल आधार माना था, उनका संदेश था घृणा से घृणा कभी समाप्त नहीं होती, प्रेम से ही समाप्त होती है। यह विचार बताता है कि युद्ध की आग को केवल प्रेम और समझदारी से ही बुझाया जा सकता है। जब एक देश अपनी शक्ति का प्रदर्शन करता है, तो वह केवल अपनी सीमाओं की रक्षा नहीं करता, बल्कि अनजाने में दूसरे देशों के लिए भय, असुरक्षा और विनाश का कारण भी बन जाता है। यही शक्ति संतुलन की असमानता महायुद्ध की नींव रखती है, जहाँ एक का सामर्थ्य दूसरे के लिए संकट बन जाता है और यह संकट धीरे-धीरे पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेता है। आज मानवता चीख रही है, रो रही है, क्योंकि जिन हाथों ने मशीनें बनाई थीं, उन्हीं हाथों ने विनाश के हथियार भी गढ़ लिए हैं। वैज्ञानिक प्रगति का यह विडंबनापूर्ण रूप हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम सच में विकसित हुए हैं या केवल विनाश के नए-नए तरीके खोज लिए हैं। युद्ध के मैदान में गिरता हर सैनिक केवल एक शरीर नहीं होता, वह किसी का बेटा, किसी का पिता, किसी का सपना होता है, और जब वह गिरता है, तो उसके साथ कई जीवन बिखर जाते हैं। बच्चों की मासूमियत, माताओं की ममता और बुजुर्गों की आशाएँ इस महायुद्ध की भेंट चढ़ जाती हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या युद्ध का अंत शांति में नहीं हो सकता, क्या संवाद और वार्ता के माध्यम से समाधान नहीं निकाला जा सकता। इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि जहाँ युद्ध ने केवल विनाश दिया, वहीं शांति वार्ताओं ने नए युग की शुरुआत की है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने भी यही कहा कि अंधकार अंधकार को नहीं मिटा सकता, केवल प्रकाश ही ऐसा कर सकता है,और यह प्रकाश केवल शांति और संवाद के माध्यम से ही संभव है।' जब राष्ट्र अपने अहंकार और शक्ति प्रदर्शन को त्यागकर एक-दूसरे के साथ बैठते हैं, तो समस्याओं का समाधान निकलता है, क्योंकि संवाद वह सेतु है जो दुश्मनी को भी दोस्ती में बदल सकता है। आज की दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि युद्ध कोई समाधान नहीं, बल्कि समस्याओं को और जटिल बनाने का माध्यम है। विज्ञान का उपयोग यदि मानव कल्याण के लिए किया जाए, तो यह जीवन को सरल और सुंदर बना सकता है, लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया गया, तो यह पूरी सृष्टि को विनाश के कगार पर पहुँचा सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन जैसे महान वैज्ञानिक, जिन्होंने परमाणु युग की शुरुआत देखी, उन्होंने चेतावनी दी मुझे नहीं पता तीसरा विश्व युद्ध किन हथियारों से लड़ा जाएगा, लेकिन चौथा विश्व युद्ध पत्थरों और लाठियों से लड़ा जाएगा। उनका यह कहना।विज्ञान के दुरुपयोग की भयावह परिणति को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि 'शांति बलपूर्वक नहीं रखी जा सकती, यह केवल समझ से प्राप्त होती है।' हमें यह तय करना होगा कि हम अपने ज्ञान का उपयोग किस दिशा में करना चाहते हैं,सृजन की ओर या विनाश की ओर। महायुद्ध की यह भयावह छाया हमें चेतावनी देती है कि यदि हमने समय रहते अपने मार्ग को नहीं बदला, तो वह दिन दूर नहीं जब मानवता केवल इतिहास की पुस्तकों में ही रह जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि विश्व के सभी राष्ट्र अपने मतभेदों को भुलाकर शांति, सहयोग और सह-अस्तित्व के मार्ग को अपनाएँ। युद्ध के स्थान पर यदि हम संवाद को प्राथमिकता दें, तो न केवल संघर्ष टल सकते हैं, बल्कि एक बेहतर और सुरक्षित दुनिया का निर्माण भी संभव है। अंततः यह मानवता की परीक्षा का समय है, जहाँ हमें यह साबित करना होगा कि हम केवल तकनीकी रूप से ही नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय दृष्टि से भी विकसित हैं, और यही विकास हमें महायुद्ध की विभीषिका से बचाकर शांति के मार्ग पर आगे बढ़ा सकता है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### फार्मासिस्ट के सरकारी आवास का ताला तोड़कर राशन चोरी का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे सरकारी आवासों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। रविवार को बेखौफ चोरों ने एक फार्मासिस्ट के बंद पड़े सरकारी आवास में सेंधमारी कर दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया और वहां रखा राशन पार कर दिया। जानकारी के मुताबिक सीएचसी रतनपुर में तैनात फार्मासिस्ट बीते 4 मई को अपने किसी निजी आवश्यक कार्य से पैतृक निवास गए हुए थे और जाने से पूर्व उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर अपने आवास की चाबियां अपने ही एक साथी फार्मासिस्ट को सौंप दी थी। रविवार दोपहर करीब 1 बजे जब साथी फार्मासिस्ट अस्पताल में मरीजों के उपचार में व्यस्त थे तभी सूना घर पाकर अज्ञात चोरों ने बाहरी दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश किया और सीधे किचन का ताला तोड़कर अंदर रखा लगभग 50-60 किलो चावल और करीब 15 किलोग्राम आटा समेट कर रफूचक्कर हो गए। चोरी की इस वारदात का पता तब चला जब शाम करीब 5 बजे पीड़ित फार्मासिस्ट वापस अपने आवास पर लौटे और ताला टूटा देख दंग रह गए। पीड़ित ने तत्काल घटना की जानकारी डायल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। अस्पताल परिसर के भीतर स्थित सरकारी आवास में दिनदहाड़े हुई इस चोरी ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और कर्मचारियों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। फिलहाल पीड़ित ने थानाध्यक्ष नौतनवा को लिखित तहरीर देकर आरोपियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### मोबाइल कोर्ट में 126 मामलों की सुनवाई, दिव्यांगजनों को मिला लाभ




**देवरिया-** गांधी सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश के राज्य आयुक्त दिव्यांगजन के निर्देशन में आयोजित मोबाइल कोर्ट में 126 मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया। मोबाइल कोर्ट के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु स्टॉल लगाए गए। वहीं जिला पूर्ति विभाग द्वारा अंत्योदय व राशन कार्ड तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांग पेंशन एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए स्टॉल संचालित किए गए। सुनवाई के दौरान 09 दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर जारी किए गए, 27 आयुष्मान कार्ड एवं 22 राशन कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही एक राशन कार्ड तत्काल जारी किया गया। तीन मामले भूमि विवाद से संबंधित पाए गए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। राज्य आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सप्ताह में दो दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। इसके साथ ही मेडिकल बोर्ड में चिकित्सकों की संख्या 5 से बढ़ाकर 7 करने तथा प्रत्येक तीन वर्ष में नए चिकित्सकों की नियुक्ति को कहा। मोबाइल कोर्ट के दौरान 11 स्मार्ट केन, 03 लेप्रोसी किट, 10 श्रवण यंत्र, 12 बैसाखी एवं 15 ट्राइसाइकिल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोर्टल पर शाम को लग रही मनरेगा मजदूरों की हाजिरी, नियमों की उड़ी धज्जियां

● साहब की मेहरबानी से शाम को मस्टरोल पर उतरते हैं कागजी मजदूर, जियो-टैग्ड फोटो की अनिवार्यता के बावजूद हो रहा बड़ा खेल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना इन दिनों जिम्मेदारों और बिचौलियों की मिलीभगत से लूट-खसोट का नया जरिया बन गया है। सरकारी नियमों को ताक पर रखकर यहां एक ऐसा खेल खेला जा रहा है जिसे देखकर डिजिटल इंडिया के दावों पर भी सवाल उठने लगे हैं। दोपहर तक ब्लॉक की दर्जनों ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल पूरी तरह वीरान रहते हैं और महज दो-चार गांवों में ही औपचारिकता निभाने के लिए ऑनलाइन हाजिरी दर्ज की जाती है। वहीं सूत्रों की मानें तो जैसे ही शाम का वक्त होता है वैसे ही ब्लॉक प्रशासन के कथित संरक्षण में मस्टरोल भरने का महाभियान छिड़ जाता है और रिकॉर्ड में अचानक सैकड़ों मजदूरों की संख्या में मजदूरों की उपस्थिति दर्ज होने लगती है। सरकार ने नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए सुबह और दोपहर दो समय की जियो-टैग्ड फोटो के साथ हाजिरी अनिवार्य की थी ताकि फर्जीवाड़े पर अंकुश लग सके। परंतु नौतनवा ब्लॉक में तकनीक को ही भ्रष्टाचार की ढाल बना लिया गया है। ब्लॉक प्रशासन की मौन सहमति इस बात का प्रमाण है कि विकास कार्यों के नाम पर आने वाला बजट मजदूरों के पसीने की कीमत बनने के बजाय सिंडिकेट की जेबों में जा रहा है। शाम के समय जादुई तरीके से पोर्टल पर दर्ज होने वाली यह उपस्थिति सीधे तौर पर जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। ग्रामीणों का आरोप है कि दोपहर तक जो कार्यस्थल खाली पड़े रहते हैं वहां शाम होते ही डिजिटल बाजीगरी कर सरकारी खजाने पर डाका डाला जा रहा है। जिले में फेस रिकग्निशन सिस्टम और पुतली स्कैनिंग जैसे सख्त पहरों के बावजूद नौतनवा ब्लॉक में शाम के समय हाजिरी का यह नया ट्रेंड शासन की मंशा को खुलेआम चुनौती दे रहा है। यदि जिला प्रशासन ने इस डिजिटल धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराकर लापरवाह ब्लॉक अधिकारियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की तो मनरेगा का अस्तित्व केवल भ्रष्ट कारिंदों के लाभ तक सीमित होकर रह जाएगा।

# 24 घंटे भीतर शातिरों को दबोचा, लोगों ने कोतवाल सतीश चंद्र को दी शाबाशी

● अतरौली पुलिस ने छिनैती करने वाले चार शातिरों को अगले ही दिन दबोचा

कोतवाल सतीश चंद्र ने कहा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नही



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अतरौली (हरदोई)।** अतरौली-कोथावां रोड स्थित जगदेव सिंह पेट्रोल पंप के पास महिला से छिनैती की वारदात को अंजाम देने वाले शातिरों को अतरौली पुलिस ने अगले दिन सूरज डूबने से पहले दबोच लिया। पुलिस से मुठभेड़ में एक शातिर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने छीना गया हार, घटना में प्रयुक्त कार, तमंचा व कारतूस बरामद की। कोतवाल सतीश चंद्र ने कहा कि उनके रहते कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं। अतरौली थानाक्षेत्र के गोड़वा पट्टी गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रही लखनऊ के ठाकुरगंज निवासी ललित बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जगदेव सिंह पेट्रोल पंप पर रुक गए, जबकि पत्नी मोनी सक्सेना पैदल अतरौली चौराहे की ओर चल पड़ी। चंद कदम ही चली थीं तभी रास्ते मे शातिर बदमाश झपट्टा मारकर उसके गले का हार छीनकर कार में बैठकर रफूचक्कर हो गए। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र ने टीम गठित कर धर पकड़ शुरू कर दी। मंगलवार को ढिकुन्नी में चेकिंग के दौरान भाग रहे शातिरों को महगवां रोड पर घेर लिया। बचने के लिए शातिरों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक गोली अभियुक्त इमरान के पैर में जा घुसी। इसके बाद पुलिस ने चार बदमाश इमरान, शमीर, मुसीर व छोटू को दबोच लिया। उनके पास से छीना गया हार, घटना में प्रयुक्त कार, दो तमंचा व दो जिंदा एक खोखा कारतूस बरामद की। गिरफ्तारी करने वाली टीम का नेतृत्व कर रहे थाना अतरौली प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र के साथ उपनिरीक्षक बलवंत सिंह, विनोद कुमार शर्मा, राधवेन्द्र सिंह, हेड कॉन्स्टेबल अरविन्द यादव, शैलेन्दर प्रताप सिंह, कॉन्स्टेबल शिवम, जयचन्द्र यादव, हेड कॉन्स्टेबल अनूप शर्मा व एसओजी/सर्विलांस टीम के उपनिरीक्षक अब्दुल जब्बार, कॉन्स्टेबल आकाश, यादवेन्द्र सिंह, नितिन शामिल रहे। लोगों ने अतरौली पुलिस की सफलता पर बधाई देते हुए प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र के कार्य की सराहना की है। सोशल मीडिया पर प्रदीप मिश्र, अजय गुप्ता, अनिल वर्मा, रामेन्द्र मिश्र, शुभम पंडित, शैलेन्द्र बाजपेई, वैभव सिंह, कमल यादव, नीरज सिंह, श्रवन कुमार, राकेश पांडे सहित सैकड़ों लोगों ने अतरौली में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था की सराहना की। प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही आनन फानन में पुलिस ने एलर्ट मोड पर काम करते हुए सार्वजनिक स्थलों, बैंक व दुकानों के सीसीटीवी कैमरे चेक किये। इसके बाद कड़ी से कड़ी जुड़ती गई और कानून से खिलवाड़ करने वालों को दबोच लिया।

# वंचितों के प्रतिनिधित्व हेतु आरक्षण के नव प्रयोग के जनक थे शाहू महाराज: चंद्रभूषण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया-** रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित शाहू जी महाराज स्मृति दिवस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि कोल्हापुर रियासत के राजा छत्रपति शाहू जी महाराज वंचित वर्गों को समाज में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए आरक्षण जैसे नव प्रयोग के जनक थे। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई 1902 को शाहू जी महाराज ने 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। वे सामाजिक परिवर्तन आंदोलन के पुरोधा और प्रेरणा स्रोत थे। यादव ने कहा कि वेदोक्त और पुराणोक्त मंत्रों के भेद को समझने के बाद शाहू जी महाराज ने जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ व्यापक आंदोलन चलाया। उन्होंने वर्ष 1917 में निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा लागू की, छुआछूत के विरुद्ध कड़े प्रावधान किए, महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया तथा दलित-बहुजन छात्रों के लिए निःशुल्क शिक्षा और छात्रावास की व्यवस्था की। साथ ही बाल विवाह पर रोक जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार भी किए। उन्होंने यह भी बताया कि शाहू जी महाराज ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को वर्ष 1920 में मूक नायक' पत्र के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया था। कार्यक्रम में उपस्थित सुरेश नारायण सिंह, व्यास यादव, नारायण प्रसाद, नगीना यादव, लोरिक गोंड, बबलू यादव, शंकर गोंड, श्रीराम प्रसाद, बेलभद्र गोंड, उत्तिम यादव, अभिषेक गुड्डु गोंड और संतोष मद्धेशिया सहित अन्य लोगों ने शाहू जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

# विश्व अस्थमा दिवस पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर दिया जोर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** विश्व अस्थमा दिवस के पर आरोग्य भारती के तत्वावधान में देवरिया विकास खण्ड अंतर्गत रुद्रपुर रोड स्थित एक चिकित्सालय में स्वस्थ जीवनशैली विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को अस्थमा के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित जीवनशैली, योग और आयुर्वेद को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि श्वास नली में संक्रमण होने से अस्थमा की समस्या उत्पन्न हो सकती है, इसलिए इससे बचाव के लिए धूल, गर्दा, पराग कण और अन्य एलर्जी कारकों से परहेज करना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऋतु के अनुसार दिनचर्या और उचित आहार-विहार का पालन करें। बच्चों को जंक फूड जैसे पिज़्ज़ा, बर्गर, मोमोज से दूर रखने और कोल्ड ड्रिंक व सॉफ्ट ड्रिंक से परहेज करने की सलाह दी। इसके स्थान पर घरेलू व पारंपरिक खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. उपेन्द्र गिरी, डॉ. बी. एल. विश्वकर्मा, संतोष कुमार, अंजलि दुबे, महिला मोर्चा की सीमा जायसवाल, राजदीप तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# बिना किसी रोक-टोक के धड़ल्ले से हो रहा अवैध मिट्टी खनन

●परमिशन की आड़ में मानक को ताक पर रखकर धरती चीर रहे अवैध खनन माफिया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी खनन का अवैध कारोबार बिना किसी रोक-टोक के धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे नियमों और कानूनों की परवाह किए बिना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में लोडर मशीनें लगाकर खेतों और बंजर भूमि को छलनी करने में जुटे हैं। विशेष रूप से परसामलिक, विशुनपुरा, असुरैना, महरी, लुठहवा, निपनिया, विषखोप, सेखुआनी, पड़ौली, श्रीनगर, शिवपुरी, सेवतरी समेत अन्य दर्जनभर से अधिक गांवों में अवैध खनन का यह खेल चरम पर है। सूत्रों के अनुसार कुछ स्थानों पर मिट्टी खनन की परमिशन तो ली गई है लेकिन उसकी आड़ में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। खनन माफिया स्वीकृत आदेशों का दुरुपयोग करते हुए निर्धारित जगह के बजाय दूसरी जगहों पर और तय मानक से कहीं अधिक गहराई तक अवैध खुदाई कर रहे हैं। बिना किसी ऑनलाइन आवेदन या वैध कागजात के भी कई जगहों पर मनमाने तरीके से लोडर मशीनों द्वारा मिट्टी निकाली जा रही है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले में खनन विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सब कुछ जानते हुए भी विभाग इसे रोकने में रुचि नहीं ले रहा है। जब भी इस संबंध में शिकायत की जाती है तो विभागों के बीच जिम्मेदारी का फुटबॉल शुरू हो जाता है। स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि खनन रोकना खनन विभाग का मुख्य काम है, वहीं खनन विभाग की सुस्ती माफियाओं के लिए सुरक्षा कवच बनी हुई है। लोडर मशीनों द्वारा दिन-रात किए जा रहे इस अंधाधुंध खनन से न केवल धरती का स्वरूप बिगड़ रहा है, बल्कि शासन को मिलने वाले राजस्व की भी बड़ी चोरी हो रही है। अधिकारियों की इसी चुप्पी और उदासीनता का फायदा उठाकर माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संसाधनों की लूट में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन चिह्नित गांवों में चल रहे अवैध खनन के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए।

# मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के 'विजन डॉक्यूमेंट 2047' का किया भव्य विमोचन


● आत्मनिर्भर, स्वच्छ और आधुनिक शहर बनाने का तैयार हुआ रोडमैप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा नगर निगम गोरखपुर के महत्वाकांक्षी 'विजन डॉक्यूमेंट 2047' का आज भव्य और गरिमामय विमोचन किया गया। यह दस्तावेज़ 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में 'विकसित गोरखपुर' के निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है। इस विजन डॉक्यूमेंट में नगर निगम द्वारा पूर्व में कराए गए विकास कार्यों, वर्तमान में संचालित परियोजनाओं तथा भविष्य की योजनाओं को एक समग्र और सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य नगर निगम को एक आत्मनिर्भर (सेल्फ-सस्टेनेबल) संस्था के रूप में विकसित करना है, जिससे शहर के विकास कार्यों में वित्तीय और प्रशासनिक मजबूती सुनिश्चित हो सके। समारोह में मुख्यमंत्री के साथ महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, उपसभापति पवन त्रिपाठी, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल तथा पार्षदगण धर्मदेव चौहान, ऋषि मोहन वर्मा और वीर सिंह सोनकर सहित नगर निगम के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विजन डॉक्यूमेंट 2047 में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता, आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही, भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक आधारित समाधानों को प्राथमिकता दी गई है। यह दस्तावेज़ वर्ष 2047 तक गोरखपुर को एक आधुनिक, स्वच्छ, स्मार्ट और आत्मनिर्भर महानगर के रूप में स्थापित करने का एक सशक्त रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिससे शहर को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान मिल सके।

# ओडीओपी प्रशिक्षण व टूलकिट योजना: 20 मई तक करें आवेदन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया-** जनपद के पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने और कारीगरों के कौशल विकास के उद्देश्य से एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना संचालित की जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी ने दी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत जनपद में चिन्हित उत्पादों से जुड़े कारीगरों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हो सके। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सजावटी उत्पाद, कढ़ाई-बुनाई और रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़े अकुशल कारीगरों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निर्धारित मानदेय के साथ टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि आवेदन की शर्तों में अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। जनपद का मूल निवासी होना अनिवार्य है।शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है।पिछले दो वर्षों में किसी अन्य योजना से टूलकिट का लाभ न लिया हो

**एक परिवार से केवल एक सदस्य को ही लाभ मिलेगा**

इच्छुक अभ्यर्थी 20 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एमएसएमई उत्तर प्रदेश पोर्टल (https://msme.up.gov.in/?) के माध्यम से किया जा सकता है। इसके लिए साइबर कैफे या जन सेवा केंद्र की सहायता ली जा सकती है। आवेदन से संबंधित किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी कार्यदिवस में उपायुक्त उद्योग कार्यालय में सहायक प्रबंधक मनीष वर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया-** जनपद में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं के समाधान को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं, सुझावों एवं उनके कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी पेंशनर्स का स्वागत करते हुए उनकी सेवाओं की सराहना की और कहा कि उनके अनुभव पुलिस विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर पेंशनर्स ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर गंभीरता से विचार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए सभी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स का सम्मान और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण विभाग की प्राथमिकता है।

# बीएड परीक्षा में नकल करते परीक्षार्थी पकड़ाया

**देवरिया।** बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरिया में संचालित बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी को नकल करते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार को असेसमेंट ऑफ टीचिंग एंड लर्निंग विषय की परीक्षा 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए जनपद के 9 महाविद्यालयों का केंद्र बीआरडी पीजी कॉलेज बनाया गया है। कुल 760 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 744 उपस्थित रहे, जबकि 16 अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी के बीच कक्ष निरीक्षक डॉ. जी. सी. तिवारी ने परमेश्वर महाविद्यालय, देवरिया के एक छात्र को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष प्रो. प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि संबंधित छात्र के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### वैदिक शिक्षा का केंद्र बन रहा ग्राम तेन्दुआ

**जहां सर को मुडबाकर जमीन पर शिक्षा ले रहे नौनिहाल**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** आज के आधुनिक युग में जहाँ नई पीढ़ी तेजी से पाश्चात्य संस्कृति और डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रही है, वहीं ग्राम तेंदुआ में स्थित 'कर्मसु वेद वेदांग गुरुकुल विद्यापीठ' भारतीय सनातन परंपरा और वैदिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। यह गुरुकुल पूज्य रामदेव मिश्र शास्त्री के सान्निध्य एवं संचालन में संचालित हो रहा है। यहाँ विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, आध्यात्मिकता, वेद, वेदांग, शास्त्र और भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा भी दी जा रही है। गुरुकुल में आचार्य अनुराग तिवारी तथा अभिनव के द्वारा गुरुकुल पद्धति आधारित वैदिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यार्थी प्रतिदिन ब्रह्ममुहूर्त में जागकर यज्ञ, संध्या-वंदन, योगाभ्यास और वेद मंत्रों का अध्ययन करते हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का विकास हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस गुरुकुल ने क्षेत्र में सकारात्मक धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण तैयार किया है। बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और जीवन में संयम की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

### जनगणना घर-घर सर्वेक्षण 22 मई और स्व-गणना अवधि आज से,पहली बार डिजिटल होगी जनगणना

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** एसडीएम ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पहली बार कराई जा रही डिजिटल जनगणना के बारे में बताते हुए कहा कि घर-घर सर्वेक्षण मकान सूचीकरण 22 मई से 20 जून तक और स्व-गणना अवधि सात से 21 मई तक होगी। इसमें क्षेत्र के हर मकान का विवरण दर्ज किया जाएगा।एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने हमारी जनगणना, हमारा विकास के मूल उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि भारत सरकार द्वारा कराई जा रही डिजिटल जनगणना का उद्देश्य देश की आबादी, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार की सही जानकारी जुटाना ताकि विकास योजनाओं स्कूल, अस्पताल, सड़कें आदि को सही ढंग से लागू किया जा सके।जनगणना में दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहेगी और इसका उपयोग केवल विकास के लिए किया जाएगा, न कि किसी जांच या टैक्स के लिए। डिजिटल जनगणना में रसोईघर और एलपीजी,पीएनजी कनेक्शन की उपतस्थाता, परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य अनाज, परिवार में रहने वाले व्यकियों की कुल संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, परिवार के मुखिया का लिंग, परिवार में रहने वाले विवाहित व्यकियों की संख्या, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, कार, बाइक, घर में उपलब्ध व्यवस्थाएं आदि की जानकारी भरनी होगी।उन्होंने बताया कि प्रगणक टैबलेट या मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज करेंगे। स्व-गणना प्रगणक के आने से पहले खुद भी se.census.gov.in पर जाकर अपनी जानकारी भर सकते हैं।

### वन विभाग की मनमानी पर भड़के सिख समाज के लोग

**विधायक रोमी साहनी ने अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी**

**कुकरा खीरी।** ग्राम बाजपुर लगदहन में वन विभाग के अधिकारियों की कथित ज्यादती से त्रस्त सिख समाज के लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। परेशान ग्रामीणों ने एकजुट होकर क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी के आवास पहुंचकर अपनी पीड़ा सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के कुछ अधिकारी लगातार उन्हें बेवजह प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे उनके सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि बिना किसी ठोस कारण के दबाव बनाकर उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक रोमी साहनी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में फटकार लगाई। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि उनके क्षेत्र के किसानों के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसी को उजाड़ने की नहीं है, लेकिन कुछ अधिकारियों की मनमानी से सरकार की छवि धूमिल हो रही है, जो बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ, तो वह इस मामले को उच्च स्तर तक उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। वहीं, विधायक से मुलाकात के बाद किसानों ने राहत की सांस ली और उनके हस्तक्षेप पर संतोष जताते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

# महा खुलासा :वन दरोगा और फॉरेस्ट गार्ड के संरक्षण में पनप रहे लकड़ी माफिया

**● वन रेंज मैलानी की बीट जटपुरा के कम्पार्टमेंट 08 व 09 तथा सलेमपुर के कंपार्टमेंट 10 और 11 की कुम्भीग कराए जाने की मांग**

**वन रेंज मैलानी रेंजर की भूमिका सवालों के घेरे में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** मामला खीरी दक्षिणी वन प्रभाग की वन रेंज मैलानी की बीट जटपुरा और सलेमपुर का बताया जाता है जहां पर वन दरोगा और फॉरेस्ट गार्ड की मिली भगत से जमकर भ्रस्टाचार किए जाने का मामला खुलकर सामने आया है।सूत्रों द्वारा मिली ताजा जानकारी के अनुसार वन बीट जटपुरा के कंपार्टमेंट 8 और 9 तथा सलेमपुर बीच के कंपार्टमेंट नंबर 10 ,11 में जमकर सागौन की लकड़ी की तस्करी किए जाने की जानकारी मिली है।बताया जाता है कि लकड़ी माफियाओं और वन दरोगा तथा फॉरेस्ट गार्ड की मिलीभगत से वन संपदा को क्षति पहुंचायी जाती रहीं हैं प्रति दिन 20 से 30 साइकिलों के द्वारा लगभग 100 कुंतल बेशकीमती लकड़ी की निकासी कर माफिया फर्निचर की दुकानों पर बेंच कर मालामाल हो रहे हैं और जिम्मेदार वन कर्मी मौन साधे बैठे हुए सब कुछ देख रहे हैं। सूत्रों की माने तो इस काले कारोबार से जहां लकड़ी माफिया फल फूल रहे हैं वहीं वन दरोगा और फॉरेस्ट गार्ड भी रोजाना 02 से0 3 हजार की कमाई करते देखे जा सकते हैं।इस मामले की जानकारी रेंजर मैलानी को होने के बाद भी कोई कार्रवाई न किया जाना साहब की भूमिका पर सवाल खड़े होते हैं। यह मैं नहीं कहता हूं ब्लकि ग्रामीणों का सीधा आरोप है खेतों में काम करने वाले और रात को अपनी फसल बचा रहे किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि फॉरेस्ट गार्ड सलेमपुर बीट से रोजाना 30 साइकिल जंगल से 6 फिट से 07 फिट की लकड़ी का बोता लादकर निकलते हैं जिसमें एक प्रधान जी का नाम भी सुर्खियों में हैं।जो रोज 4 से 05 कुंतल लकड़ी ले जाते देखे जाते हैं।ठीक इसी तरह से जटपुरा बीट में भी खुला खेल फर्रुखाबादी चल रहा है। इस मामले जब वाचर से बात की गई तो उसने आप बीती सुनाते हुए कहा कि मैं प्राइवेट लगा हूं मैं कुछ कहूँगा तो निकाल दिया जाऊँगा।यह खेल वन दरोगा और फॉरेस्ट गार्ड लेबल से चलाया जा रहा है इसमें मैं सब कुछ जानते हुए भी चुप रहने में ही भलाई समझता हूं।जब रक्षक ही भक्षक बन जाये तो फिर क्या हो सकता है।वहीं कुछ जानकार लोगों और लकड़ी काटकर ले जाने वालों ने नाम न खोलने की शर्त पर बताया कि हम लोगों से 500 रुपया प्रति दिन प्रति साइकिल वसूल किया जाता है। यदि बीट जटपुरा के




कंपार्टमेंट 8 और 9 तथा सलेमपुर के कंपार्टमेंट 10 और 11 के कंबाइनिंग कर ली जाए तो जंगल में मौजूद जड़े खुद ही जंगल के दोहन की दास्तान बया कर देंगी और जिम्मेदारो की काली करतूते सामने आ जायेंगी।अब देखना है कि तेज तर्रार डी. एफ .ओ. दक्षिणी उपरोक्त कंपार्टमेंटों की कुम्बिंग कराएगी या फिर यू ही जंगल का दोहन होने दिया जाएगा। इस सम्बंध में जब डी. एफ ओ.दक्षिणी खीरी वन प्रभाग से उपरोक्त मामले पर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं इसकी जांच करवाती हूं दोषी वन कर्मी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शाहजहांपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

**● 40 लाख रुपए कीमत के 171 मोबाइल बरामद, मालिकों को सौंपी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुरेंद्र सिंघल, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर पुलिस ने सर्विलांस और साइबर टीम की सक्रियता से बड़ी सफलता हासिल करते हुए 171 चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। करीब 40 लाख रुपये कीमत के इन मोबाइलों की बरामदगी से पीड़ितों के चेहरों पर खुशी लौट आई। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर सर्विलांस सेल, एसओजी और विभिन्न थानों की साइबर हेल्प डेस्क की संयुक्त टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए कुल 171 मोबाइल फोन बरामद किए। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इन मोबाइलों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार, गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन के संबंध में प्राप्त शिकायतों की सर्विलांस सेल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाती है। इसी क्रम में तकनीकी सर्विलांस के जरिए इन मोबाइलों को ट्रैक कर बरामद किया गया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने शाहजहांपुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाने, साइबर हेल्पलाइन 1930 या CEIR पोर्टल पर सूचना दर्ज कराएं। साथ ही सिम को तत्काल बंद कराकर दुरुपयोग से बचाव करें। मोबाइल खरीदते समय IMEI नंबर सुरक्षित रखने और किसी भी अनजान लिंक या व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह भी दी गई है। इस सफलता में प्रभारी सर्विलांस सेल मनोज कुमार समेत पूरी टीम और विभिन्न थानों के साइबर हेल्प डेस्क कर्मियों की अहम भूमिका रही।

## टूण्डला प्रेस क्लब की बैठक हुई संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** आगामी कार्यक्रमों को लेकर टूण्डला प्रेस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर के स्टेशन रोड़ स्थित होटल जे.एस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया ने की, जबकि संचालन महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। बैठक में संरक्षक राजू उपाध्याय सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं व आगामी 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इसके साथ ही प्रेस क्लब की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पत्रकारों के हितों की रक्षा करने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने पर भी चर्चा की गई अंत में अध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

बैठक में संरक्षक राजू उपाध्याय, अध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया, सचिव विवेक शर्मा, महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष महेश ठेनुआ, कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, विमल किशोर, अनुज रावत, जाविद अली, योगेंद्र सिंह,सुनील गर्ग, कुलदीप उपाध्याय,धीरज, कपिल देव आदि क्लब के पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बाग में पेड़ से लटकता मिला बुजुर्ग का शव

**तिलहर- शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया शोभा निवासी सूरत सिंह ने बताया कि उनके तहेरे भाई नरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू (60) मंगलवार देर रात घर से बिना बताए निकल गए थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजन उन्हें तलाशते रहे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार दोपहर गांव के बाहर स्थित बगिया में आम के पेड़ से उनका शव लटका मिला। जिसे देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी आरती, पुत्री सपना व कल्पना तथा पुत्र गौतम, गौरव तथा आकाश को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तथा परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नवागंतुक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने संभाला कार्यभार

**● जनसुनवाई और कानून व्यवस्था रहेंगी सर्वोच्च प्राथमिकता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद –** फिरोजाबाद जनपद के नवागंतुक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कलैक्ट्रेट स्थित कोषागार कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी प्रशासनिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए जनपद के चहुँमुखी विकास का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनपद में कानून व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने जनसुनवाई को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा, आईसीडीएस और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। साथ ही जनपद के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, बड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और ग्राम चौपालों के माध्यम से गांवों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। जिलाधिकारी ने फिरोजाबाद के प्रसिद्ध कांच उद्योग को और अधिक सशक्त बनाने तथा स्थानीय उत्पाद आलू को फूड प्रोसेसिंग यूनिट से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर भी जोर दिया।

अपने प्रशासनिक अनुभव का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे नगर आयुक्त शाहजहांपुर, सीईओ अयोध्या तीर्थ विकास परिषद, नगर आयुक्त अयोध्या, नगर आयुक्त कानपुर नगर तथा जिलाधिकारी महाराजगंज जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर फिरोजाबाद को प्रदेश में हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का भरोसा जताया।

## कटरा उपचुनाव- स्ट्रांग रूप के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा, मतगणना आज



**तिलहर- शाहजहांपुर।** कटरा नगर पंचायत के रिक्त पद पर हुए उपचुनाव की मतगणना आज होगी इसके लिए प्रशासन तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को मीरानपुर कटरा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ था उसके बाद सभी मत पेटिकाओं को तिलहर के ब्लॉक में स्थित स्ट्रांग रूम पर कड़ी सुरक्षा में गया था। बुधवार को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव तथा प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उधर एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि मतगणना बृहस्पतिवार सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इसके लिए छह टेबल के साथ दो अतिरिक्त टेबल लगाई गई हैं। प्रत्येक टेबल पर चार कर्मचारियों के साथ एक एआरओ तैनात रहेगा। मतगणना के दौरान प्रत्याशियों के एजेंट भी मौजूद रहेंगे, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

## विद्यार्थियों ने कक्षा में अखबारों की खबरों का किया वाचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिरसागंज-** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एम डी जैन इंटर कॉलेज में अखबारों के प्रति जागरूक कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के द्वारा किया गया। नीरज कुमार जैन ने बताया कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। सभी बच्चों को अपने पढ़ने की जिज्ञासा में उत्तरोत्तर वृद्धि करने के लिए अखबार पढ़ने की प्रवर्ति रखनी चाहिए। कक्षाध्यापक अंजय जैन ने विद्यार्थियों को अखबार की महत्ता बताते हुए सभी को प्रतिदिन अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अश्वनी कुमार जैन ने सभी को बताया कि यह कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा विभाग की नई पहल के अंतर्गत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अखबार पढ़ना एक अत्यंत महत्वपूर्ण दैनिक आदत है, जो हमें दुनिया भर की नवीनतम घटनाओं, राजनीति, खेल, व्यवसाय और शिक्षा से अवगत कराती है। यह सामान्य ज्ञान को बढ़ाता है, भाषा कौशल में सुधार करता है,और आलोचनात्मक सोच विकसित करने में मदद करता है। अखबार देश-विदेश की खबरों समसामयिक मामलों और विभिन्न विषयों विज्ञान, कला, तकनीक का दैनिक सार प्रदान करते हैं। स्थानीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्या हो रहा है, इसकी जानकारी पाकर हम समाज से जुड़े रहते हैं। आज कक्षा 12 स के विद्यार्थी कु पूनम, प्रियंका, सिमरन, अतिमा, कोमल, साक्षी, आस्था, जानवी, मुस्कान, परी, आशिका, अंजली, मोहिनी, नीलेश, अशरफ, रामगोपाल, आदित्य , कार्तिक शर्मा, गौरव, प्रवीन, अंशुल, अंश प्रताप, देव, अमित, हार्दिक, गिलक्रिस्ट, प्रियांशु आदि को अखबारों का वाचन कराया गया।

## भदपुरा ब्लॉक प्रमुख ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/** विकासखंड भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया और आज अपने कार्यालय पहुंचकर उन्होंने लोगों को मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया और उन्होंने देश व प्रदेश की सरकार द्वारा की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत भाजपा का परचम लहरा रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व को भी सराहा और कहा कि वह निर्भीक और निष्पक्ष होने के कारण पश्चिम बंगाल में उन्होंने 41 विधानसभा क्षेत्र में अपनी सभाएं की जिनमें से 39 प्रत्याशी विजय हुए यह एक गौरव की बात है साथ ही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की और कहा आज पूरे विश्व में भारत की चर्चा होती है चुनाव में जनता भाजपा की कार्यप्रणाली से खुश होकर जुड़ती जा रही है । जिसके कारण पश्चिम बंगाल जैसे देश में भाजपा को प्रचंड जीत का अवसर प्राप्त हुआ है उन्होंने भाजपा सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करवाया और कहा जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है जहां पर भी चुनाव होता है लोग वहां पर भाजपा के साथ जुड़ने जा रहे हैं यह बीजेपी और भाजपा के नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री भी बधाई के पात्र हैं। इसलिए लोग भाजपा के साथ जुड़ने जा रहे हैं इस पार्टी में किसी के भी साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है सबका साथ सबका विकास का नारा साकार होता जा रहा है यहां पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार प्रधान वेदपाल सिंह सर्वेश कुमार गंगवार श्यामलाल मौर्य भानु पताप संतराम कनौजिया बलराम सिंह महेश पाल रफीक अहमद नजमुल हसन बाबू बक्श हीरालाल गंगवार समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीसी रोड का मेडी लाइफ हॉस्पिटल अवैध रूप से संचालित

**● कार्रवाई के बाद भी फिर शुरू**

**मरीजों की जान से खिलवाड़ का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** लखीमपुर खीरी शहर की डीसी रोड पर स्थित मेडी लाइफ हॉस्पिटल एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि यह अस्पताल अवैध तरीके से संचालित हो रहा है और यहां ऑपरेशन, डिलीवरी समेत सभी गंभीर बीमारियों का इलाज नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है।पहले भी हो चुकी है कार्रवाई, फिर कैसे खुला स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने मेडी लाइफ अस्पताल पर छापा मारकर कार्रवाई की थी। इसके बावजूद अस्पताल दोबारा खुल गया। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर किसकी शह पर यह अस्पताल चल रहा है और विभाग की कार्रवाई के बाद भी इसे बंद क्यों नहीं किया गया

**मरीजों के जीवन से खिलवाड़ का आरोप ,स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं:**

1.अनट्रेंड स्टाफ करता है इलाज- अस्पताल में योग्य प्रशिक्षित डॉक्टरों की जगह अनट्रेंड लड़कों से मरीजों का इलाज कराया जाता है।

2.बैनर पर बड़े डॉक्टरों के नाम, हकीकत कुछ और*: अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर शहर के नामी डॉक्टरों के नाम लिखे हैं, जबकि मौके पर वे मौजूद नहीं मिलते।

3. काफी समय से चल रहा खेल- आरोप है कि यह अस्पताल लंबे समय से अवैध तरीके से चल रहा है और स्वास्थ्य विभाग आंख मूंदे बैठा है।

**अब स्वास्थ्य विभाग पर टिकी निगाहें**

मामला सामने आने के बाद अब सबकी नजरें सी. एम . ओ.कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि अस्पताल की गहन जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। अस्पताल प्रबंधन का पक्ष-: खबर लिखे जाने तक मेडी लाइफ हॉस्पिटल प्रबंधन से संपर्क नहीं हो सका है। स्वास्थ्य विभाग का बयान- सी .एम .ओ. कार्यालय ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी, दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## विद्या निकेतन में विद्यार्थियों को जल संरक्षण शपथ दिलाई गई



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** दिनांक 06 मई 2026 दिन बुधवार को स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज गोला, गोकर्णनाथ-खीरी में विद्यार्थियों को उप प्रधानाचार्य कौशल किशोर मिश्र द्वारा जल संरक्षण के सम्बन्ध में शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि आज पूरे विश्व में पारिस्थितिक असंतुलन के कारण जलवायु में तेजी से परिवर्तन के कारण मानव जाति के अस्तित्व के लिए आवश्यक शुद्ध पेयजल तेजी से समाप्त होता जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शुद्ध पेयजल की कमी एक अत्यंत गंभीर और वास्तविक चिंता है, जिसमें भारत सबसे आगे है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम 'कैच द रेन 2026' वर्तमान समय में वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पहल है, ताकि जल स्तर में गिरावट पर रोक लगाया जा सके।

## नकहा मे विकास की गंगा कागजों पर बही, रामापुररौली में हैंडपंपों के नाम पर 'प्यास' का सौदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नकहा-खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी जिले से भ्रष्टाचार की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने सरकारी तंत्र और शुचिता के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। नकहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामापुररौली में विकास के नाम पर 'लूटतंत्र' का नंगा नाच देखने को मिल रहा है। जहाँ एक ओर भीषण गर्मी में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने हैंडपंप रिबोर के नाम पर लाखों रुपये की सरकारी धनराशि डकार ली है। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले की गंभीरता को समझने के लिए इन पंचायत के अभिलेखों में दर्जनों हैंडपंपों को 'रिबोर' और 'मरम्मत' दिखा दिया गया है। धरातल पर स्थिति यह है कि गांव के अधिकांश हैंडपंप आज भी सफेद हाथी बने खड़े हैं और उनसे पानी की एक बूंद नहीं निकल रही। ग्रामीणों का आरोप है कि काम कराए बिना ही फर्जी मस्टररोल तैयार किए गए और मिलीभगत से भुगतान करा लिया गया।

**सिर्फ नल नहीं, विकास की हर ईंट में 'झोल'**




रामापुररौली के ग्रामीणों का गुस्सा सिर्फ खराब नलों तक सीमित नहीं है। जांच होने पर यह घोटाला जिले के सबसे बड़े भ्रष्टाचार कांडों में से एक साबित हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार निम्नलिखित योजनाओं में भी भारी बंदरबांट हुई हैः ऐसी सड़कें जो कभी बनी ही नहीं, उनका भुगतान हो चुका है।

कागजों में नालियां चमक रही हैं, लेकिन गांव आज भी जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। फर्जी हाजिरी और अपात्रों के नाम पर पैसे निकालने का खेल जोरों पर है। इस महत्वाकांक्षी योजना को भी भ्रष्टाचार की दीमक चाट गई है। जांच के नाम पर 'खानापूर्ति' से आक्रोश ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार ब्लॉक मुख्यालय और तहसील स्तर पर लिखित शिकायतें कीं। लेकिन विडंबना देखिए कि हर बार जांच टीम आती है, 'चाय-नाश्ता' होता है और फाइल बंद कर दी जाती है। 'हम प्यासे मर रहे हैं और हमारे हक का पैसा अफसरों की जेबों में जा रहा है। अगर जल्द ही इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर एफआईआर नहीं हुई, तो हम जिला मुख्यालय पर आमरण अनशन करेंगे।' > – स्थानीय निवासी, रामापुररौली बिना स्थलीय निरीक्षण के भुगतान करने वाले तकनीकी सहायक (TA) और सचिव पर कार्रवाई कब होगी? क्या जिलाधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय टीम गठित करेंगे? विकासखंड नकहा के अन्य गांवों की फाइलों में और कितने 'रामापुररौली' दबे पड़े हैं? इस खुलासे के बाद अब देखना यह होगा कि क्या शासन प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागता है या भ्रष्टाचार का यह खेल ऐसे ही बदस्तूर जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला का मंगल सूत्र का लाकेट झपट्टा मारकर लूटने की घटना में शामिल 02 अभियुक्ता व 02 लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से मंगल सूत्र लाकेट (पीली धातु का) किया गया बरामद

पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवालद्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष को अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे । निर्देश के अनुपालन के क्रम में मु0अ0सं0 197/2026 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना भदोही जनपद भदोही दिनांक 05.05.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी भदोही के कुशल पर्यवेक्षण मे स्थानीय पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित/ प्रकाश में आये अभियुक्तगण 02 अभियुक्ता व 02 लुटेरे- 1. सुनील खरवार पुत्र विनोद खरवार दसघरिया थाने के पीछे थाना दस घरिया जिला सम्भलपुर राज्य उड़ीसा हाल मुकाम घोसिया बालगाँव थाना विक्रमगंज जिला सासाराम बिहार 2. विजय कुमार खरवार पुत्र गोरख खरवार निवासी वार्ड नं0 05 ढिबरा मोहल्ला थाना विक्रमगंज जिला सासाराम बिहार की रेलवे स्टेशन भदोही के पश्चिमी छोर के खाली स्थान से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से वादिनी मुकदमा सुषमा पत्नी दीपक निवासी खेवकर सुरियावा भदोही का मंगलसूत्र का सोने का लाकेट अभियुक्तगणों के कब्जे से बरामद हुआ। अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद सोने के लाकेट का मूल्य करीब 80,000/- रुपये है। गिरफ्तार अभियुक्तगण को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया।

### भदोही महोत्सव 15 से 17 मई तक, अभयनपुर मैदान में होंगे रंगारंग कार्यक्रम

**भदोही।** जनपद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला 'भदोही महोत्सव 2026' 15, 16 और 17 मई को अभयनपुर मैदान (वाराणसी रोड) पर आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की आधिकारिक घोषणा भदोही महोत्सव सोसाइटी के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने प्रेस वार्ता में की। तीन दिवसीय इस आयोजन में सुबह योग शिविर से लेकर देर शाम तक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में मैराथन दौड़, स्थानीय कलाकारों एवं स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तथा अंतिम दिन बॉलीवुड नाइट के साथ भव्य समापन समारोह शामिल हैं। कार्यक्रम के तहत 15 से 17 मई की सुबह सामूहिक योगाभ्यास, 16 मई को प्रातः मैराथन दौड़, 15 मई की शाम सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, 16 मई की शाम कवि सम्मेलन और 17 मई की शाम बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार अत्यधिक गर्मी को देखते हुए इस बार खेलकूद प्रतियोगिताओं को स्थगित कर दिया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि महोत्सव की तिथि और स्थान में कोई बदलाव नहीं किया गया है तथा सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों से सावधान रहने की अपील की गई है। महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### भदोही में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**भदोही।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। यह बैठक माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही अखिलेश दूबे के कुशल मार्गदर्शन में उनके विश्राम कक्ष में दोपहर 1:30 बजे संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण आपसी सहमति से कराते हुए आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिलाया जाए।बैठक में अपर जिला जज द्वितीय/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत पुष्पा सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. निधि यादव, पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत कुवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, एआरटीओ राम सिंह, एक्सईएन ज्ञानपुर राजेश कुमार, एक्सईएन भदोही समेत तहसीलदार ज्ञानपुर व औराई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज से 21 मई तक स्व-गणना अभियान, डीएम ने की जनभागीदारी की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** जनगणना 2027 के तहत 7 मई से 21 मई तक जनपद में 14 दिवसीय स्व-गणना अभियान चलाया जाएगा। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, मीडिया कर्मियों और आमजन से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि 'जनगणना से जनकल्याण' के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब प्रगणक उनके घर आएं तो उन्हें सही जानकारी देकर सहयोग करें, जिससे विकास योजनाओं को प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया बेहद सरल और सुविधाजनक है। इसके लिए नागरिक सम्बंधित पोर्टल पर जाकर अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें, राज्य, जिला व अन्य विवरण भरें और डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें। इसके बाद मकान व परिवार से संबंधित जानकारी भरकर सबमिट करने पर एक एसई आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना होगा। प्रगणक के आने पर इसी आईडी के माध्यम से जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने का कार्य नहीं, बल्कि विकास योजनाओं की नींव है। इसलिए सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## नकली आभूषण गिरवी रखकर बैंक ठगी करने वाले गिरोह पर गैंगस्टर, सरगना सहित 22 पर केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** भदोही जनपद में बैंकों को चूना लगाने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ गोपीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरगना समेत 22 अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह गिरोह नकली आभूषणों को असली बताकर प्रमाणित कराता था और उन्हें बैंक में गिरवी रखकर लोन हासिल कर आर्थिक क्षति पहुंचाता था।ठ पुलिस के अनुसार, गिरोह कूट रचना, धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र के जरिए लंबे समय से सक्रिय था। गिरोह के भय के कारण कई लोग मुकदमा दर्ज कराने और गवाही देने से भी कतराते थे। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में थाना गोपीगंज में धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा नामजद आरोपियों में गैंग लीडर राजू सेठ (दुर्गागली सदर मोहाल, गोपीगंज), श्याम सुंदर पाल (गुलौरी, गोपीगंज), धीरज कुमार (पूरे राम गुलाम, गोपीगंज), दिनेश चंद (पूरे भिखारी, गोपीगंज), अखिलेश कुमार पांडा (पूरे राम गुलाम, गोपीगंज), प्रदीप कुमार (गुलौरी उपरवार, गोपीगंज), विक्की बादशाह उर्फ शिवम उमर वैश्य (अंजही मोहाल, गोपीगंज), पल्टू उर्फ आनंद सेठ (काली देवी, मिर्जापुर रोड, गोपीगंज), मनोज कुमार माली (काली देवी मंदिर, मिर्जापुर रोड, गोपीगंज), रामसिंह (बंजारी, गोपीगंज), गुड़िया (बड़े शिव की गली, काली देवी, गोपीगंज), बच्चन (गोपपुर, गोपीगंज), मोहम्मद अरमान (कटरा बाजार, भदोही), लाल साहब (श्रीपुर, ज्ञानपुर), राहुल कुमार (खेम्हईपुर, ज्ञानपुर), तेजमनी उर्फ तेजमन (मल्लूपुर अंसनाव बाजार, ज्ञानपुर), विनोद कुमार (अभोली गडौरा, सुरियावां), निर्मला देवी (पाली, सुरियावां), शंकर (नारेपार सीतामढ़ी, कोईरौना), हंसराज (नारेपार सीतामढ़ी, कोईरौना), अजय कुमार (नारेपर ऊपरवार, कोईरौना) और राजेश कुमार (गुलारी घाट ऊपरवार, सीतामढ़ी, कोईरौना) शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह जनपद स्तर पर सक्रिय होकर आर्थिक लाभ के लिए बैंकों के साथ संगठित अपराध कर रहा था। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## अधिवक्ताओं के चुनाव की बढ़ी गहमागहमी, सम्पर्क अभियान हुआ तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के बारह मई को होने वाले चुनाव को लेकर बुधवार को तहसील व दीवानी परिसर में चुनावी गहमागहमी रंगत में दिखी। अध्यक्ष पद समेत विभिन्न पदों पर इस बार चालीस उम्मीदवार मैदान में हैं। काफी अंतराल के बाद संघ के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य से लेकर सभी पदों पर मतदान होगा। उम्मीदवारों द्वारा साथियों के शेड व चेंबर में पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन की गुहार शुरू हो गयी है। वहीं प्रत्याशी साथियों के घर भी दस्तक देकर अपना अंकगणित साध रहे हैं। चुनाव समिति के द्वारा भी कार्यालय में मतदान पत्रों के रंग तथा दक्षता भाषण का क्रम तय करने की मशक्कत भी जारी दिखी। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि ग्यारह मई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रत्याशियों का तहसील परिसर में दक्षता भाषण कराया जाएगा। इस बार उम्मीदवारों की संख्या में बढ़ोत्तरी तथा सभी पदों पर मुकाबले को लेकर मतगणना के भी देर तक जारी रहने की संभावना आंकी जा रही है। इसे लेकर भी चुनाव समिति मतगणना के समय परिसर में प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है।

## राजस्व विभाग की लापरवाही से सोसाइटी गोदाम की जमीन पर कब्जा, डीएम से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** तहसील भदोही के ग्राम जमुनीपुर (अठगवां) में सोसाइटी गोदाम की जमीन पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है, जिसमें राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्रक देकर आरोप लगाया है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, जिस जमीन पर वर्षों से केंद्रीय बीज गोदाम बना रहा आज उसी भूमि (आराजी संख्या 495) पर दबंगों ने मजदूरों के साथ मिलकर पक्का निर्माण करा लिया। हैरानी की बात यह है कि यह जमीन सरकारी उपयोग की बताई जा रही है, फिर भी खुलेआम कब्जा और निर्माण होता रहा, लेकिन राजस्व विभाग मूकदर्शक बना रहा। पीड़ित का आरोप है कि पूर्व में भी शिकायत दी गई, यहां तक कि धारा 67 की कार्रवाई की बात हुई, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं दिखा। उल्टा, हल्का लेखपाल तक पर प्रभाव में काम करने के आरोप लगाए गए हैं, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकारी जमीन ही सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी की जमीन का क्या होगा? अब पीड़ित ने जिलाधिकारी से सख्त कार्रवाई, अवैध निर्माण ध्वस्त कराने और जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मामला कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है।

## वरिष्ठता के आधार पर चयन वेतनमान देने की मांग

**● शिक्षक संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन 10 मई तक लाभ न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी, शिक्षकों में रोष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) की बिरधा इकाई ने ब्लॉक अध्यक्ष विनय ताम्रकार के नेतृत्व में बीआरसी कार्यालय बिरधा पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी गौरव शुक्ला को शिक्षकों के चयन वेतनमान से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक नेताओं ने आरोप लगाया कि चयन वेतनमान की प्रक्रिया में वरिष्ठता क्रम का पालन नहीं किया जा रहा है और पारदर्शिता का अभाव दिखाई दे रहा है। संगठन का कहना है कि दिसंबर 2024 में दस वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने वाले कई शिक्षक अभी तक चयन वेतनमान के लाभ से वंचित हैं, जबकि जनवरी 2025 और सितंबर 2025 में सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शिक्षकों को इसका लाभ दिया जा चुका है। शिक्षक संघ ने यह भी बताया कि बीएसए द्वारा स्वीकृत सूची में शामिल कुछ शिक्षकों को अप्रैल माह के वेतन में चयन वेतनमान का लाभ मिल गया है, जबकि उसी सूची में शामिल अन्य शिक्षकों को अब तक इसका लाभ नहीं दिया गया है। इससे शिक्षकों में नाराजगी और असंतोष का माहौल है। ब्लॉक अध्यक्ष विनय ताम्रकार ने मांग की कि वरिष्ठता के आधार पर पात्र शिक्षक-शिक्षिकाओं को चयन वेतनमान का लाभ पारदर्शी तरीके से दिया जाए तथा 10 मई तक सभी लंबित मामलों का निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही विद्यालयों के निरीक्षण में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और शिक्षकों की अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई गई। इस दौरान ब्लॉक मंत्री गौरीशंकर सेन, ब्लॉक उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, डायरेक्टर वेतन भोगी ऋण समिति अवधेश कुशवाहा, चंद्रकुमार राजपूत, रामकिशोर विश्वकर्मा, श्रीमन अहिरवार और दयाचंद्र सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## जनपद में आज से शुरू होगी जनगणना 2027 की प्रक्रिया

**● 21 मई तक स्व-गणना : एडीएम अंकुर श्रीवास्तव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में जनगणना 2027 की प्रक्रिया 7 मई से प्रारंभ होने जा रही है। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना 7 से 21 मई तक चलेगी, जबकि 22 मई से 20 जून तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। एडीएम ने बताया कि इस जनगणना में कुल 34 प्रश्न शामिल होंगे, जिनमें परिवार एवं मकान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से स्व-गणना में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से पूर्ण हो सके। उन्होंने बताया कि 7 मई से शुरू होने वाली स्व-गणना प्रक्रिया के तहत परिवार के सदस्य ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी के माध्यम से पंजीकरण कर सकेंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद प्रत्येक परिवार को एक एस.ई. आई.डी. प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। जब प्रगणक घर पहुंचेगा, तब इस आईडी को साझा करना होगा, जिससे भरे गए डेटा का सत्यापन किया जा सके। नागरिक पोर्टल पर जाकर राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का चयन करेंगे और कैप्चा दर्ज करेंगे। इसके बाद परिवार के मुखिया के नाम, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी (वैकल्पिक) के माध्यम से पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण के बाद नाम में बदलाव संभव नहीं होगा तथा प्रति परिवार एक ही मोबाइल नंबर मान्य होगा। पंजीकरण उपरांत उपयोगकर्ता अपनी पसंद की भाषा चुनेंगे और मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करेंगे। इसके बाद जिला, पिन कोड, गांव/कस्बा, मोहल्ला एवं पहचान चिह्न दर्ज कर मानचित्र पर अपने आवास का सटीक चिन्हांकन करना होगा। इसके पश्चात मकान सूचीकरण एवं परिवार संबंधी प्रश्नावली भरनी होगी, जिसकी समीक्षा कर अंतिम सबमिट करना होगा। एडीएम ने बताया कि अंतिम सबमिट के बाद कोई संशोधन संभव नहीं होगा। सफलतापूर्वक प्रक्रिया पूरी होने पर एस.ई. आई.डी., एसएमएस या ईमेल के माध्यम से प्राप्त होगी। यदि प्रगणक द्वारा सत्यापन के दौरान यह आईडी मेल खाती है, तो डेटा को प्रमाणित मान लिया जाएगा, अन्यथा पुनः जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह निर्धारित समयावधि में स्व-गणना प्रक्रिया को पूरा कर सहयोग प्रदान करें, जिससे जनगणना का कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## स्टेशन मार्ग पर डंपर पर गिरा हाईटेंशन तार सतर्कता से टला बड़ा हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के स्टेशन मार्ग पर मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क से गुजर रहे एक डंपर के ऊपर अचानक हाईटेंशन विद्युत तार टूटकर गिर गया। घटना के बाद मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि तार गिरते ही डंपर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को बीच सड़क पर ही रोक दिया और नीचे उतरने की जल्दबाजी नहीं की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल विद्युत विभाग से संपर्क कर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक तार टूटकर गिरने से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी। हालांकि राहत की बात रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। नई बस्ती चौकी प्रभारी आलोक सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं सूचना पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने टूटे हुए तार को हटाने और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। घटना के चलते कुछ समय तक स्टेशन मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और विद्युत विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

## तुलसी साहित्य अकादमी के कवि सम्मेलन में गूंजी कविता

**● हास्य और गीतों की स्वर लहरियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तुलसी साहित्य अकादमी संस्था के तत्वावधान में शहर में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के कई प्रतिष्ठित कवियों, साहित्यकारों और रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात शास्त्री शीलचंद ने मां शारदा वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मेजबानी कर रहे हास्य कवि काका ललितपुरी ने समय के महत्व पर अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा ठीक समय निपटा सको तुम सब अपने काम, सुबह दुपहरी होत है फिर होती है शाम। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। कवि अशोक क्रांतिकारी ने अपनी भावपूर्ण पंक्तियों जिंदगी में धूप गम के कद लंबे साए हैं, हम तेरी महफिल में हंसते-हंसते आए हैं सुनाकर कार्यक्रम का शानदार आगाज किया। तरन्नुम के कवि प्रशांत श्रीवास्तव ने अपनी रोमांटिक प्रस्तुति से समां बांध दिया। डा.खेमचंद वर्मा ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कविता प्रस्तुत करते हुए मजदूरों और गरीबों की पीड़ा को शब्द दिए। वरिष्ठ कवयित्री विभा ताम्रकार ने पारिवारिक भावनाओं से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। राम स्वरूप अनुरागी ने काका ललितपुरी के जन्मदिन पर सम्मान स्वरूप चार पंक्तियां प्रस्तुत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं सिंचन शास्त्री ने जबलपुर (मध्य प्रदेश) के बरगी डैम की हालिया घटना पर मार्मिक कविता सुनाई, जिसने सभी को भावुक कर दिया। अभिलाष वर्मा ने माता सीता पर गंभीर रचना प्रस्तुत की, जबकि डा.अश्वनी जैन ने अपने विचार गद्यात्मक शैली में व्यक्त किए। अध्यक्षता किशन सिंह बंजारा ने की, जिन्होंने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को खूब हंसाया। सफल संचालन डा.खेमचंद वर्मा ने किया। इस अवसर पर रवि कुशवाहा, मां त्रिवेणी, परिचय मधुर, हेमेन्द्र बुंदेला, अरविंद हर्ष सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## पान वरेजो में लगी आग..समय रहते किसानों ने आग पर काबू पाया

**● बोले पान किसान- आखिर कब मिलेगा पाली तहसील मुख्यालय को अग्निशमन वाहन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाली ।** बुधवार की सुबह पाली में पान वरेजों में आग लग गयी । जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे किसानों ने समय रहते फैल रही आग पर काबू पाया , जिससे पान किसानों का बड़ा नुकसान होने से बच गया है । गर्मी के मौषम में पान वरेजो में होने वाली आगजनी की घटनाओं से किसान बड़ा चिंतित रहता है । आगजनी जैसी घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके इसके लिए किसान कई बार पाली में एक अग्निशमन बाहन की मांग भी करते आ रहे है । अपने पान वरेजों में किसान हाड़तोड़ मेहनत के बीच भारी लागत के साथ घास- फूस , लकड़ी के सहारे पान की क्यारियों को तैयार करता है । इतना ही नहीं पान की खेती को कृषि का दर्जा प्राप्त न होने से शाषन द्वारा जरूरत पड़ने पर भी कोई मदद नहीं मिलती । किसान अपने आर्थिक जोखिम पर ही पान की खेती कर अपनी आजीविका चला रहा है । घाटे का सौदा देख जिले के बानपुर, नाराहट क्षेत्रों से पान की खेती से यहां के किसान पहले ही तौबा कर चुके है । पाली में भी जो पान की खेती का क्षेत्रफल है उसका दायरा भी अब काफी सिकुड़ चुका है , जिसकी बजह आगजनी व प्राकृतिक आपदा । बुधवार को सुबह बड़ी भवानी माता मन्दिर क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते पान के वरेजों में आग लग गई , जानकारी लगते ही पान किसानों ने मौके पर पहुंच अपने तरीके से आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा नुकसान होने से बच गया। पीड़ित पान किसान पुरषोत्तम चौरसिया ने बताया कि मन्दिर के इस क्षेत्र में दो दर्जन से ज्यादा पान किसानों के वरेजे है । सुबह यहां अज्ञात कारणों के चलते झाड़ी से होकर पान वरेजों तक आग पहुंच गई , जिससे क्यारियों के घासफूस जल गए । आग के चपेट में आने से यहां करीब 15 से ज्यादा क्यारियों के पान के पत्ते भी झुलस गए , जिससे बड़ा नुकसान हो गया है । वो तो गनीमत रही कि पाली में विगत रोज रात्रि को तेज आंधी के बीच झमाझम बारिश हुई , जिसके चलते यहां की घासफूस लकड़ी गीली थी , यही बजह रही कि आग अपना विकराल रूप धारण नहीं कर पायी और दो दर्जन से ज्यादा किसानों का बड़ा नुकसान होने से बच गया ।

## अस्पताल से लौट रही महिला और बच्चों के साथ अभद्रता

**● बीच-बचाव करने आए परिजनों पर धारदार हथियार से हमला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा में एक महिला और उसके बच्चों के साथ गाली-गलौज और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। दबंगों ने बीच-बचाव करने आए महिला के पति और जेठ पर भी हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति के सिर पर धारदार हथियार लगने से गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। तालाबपुरा निवासिनी अरुणा सोनी ने पुलिस को बताया कि रविवार (3 मई) की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने चार छोटे बच्चों के साथ अस्पताल से पैदल घर लौट रही थीं। रास्ते में उन्हें मोहल्ले के ही दबंग हेमंत गिरि, उसका पुत्र मोनू और पत्नी बबली मिले, जो उन्हें बिना किसी कारण के भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब अरुणा ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके घर के सामने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार वह अपने बच्चों की जान बचाकर वहां से भागीं, लेकिन आरोपियों ने उन्हें दौड़कर पकड़ लिया और फिर से पीटा। इसी बीच पीछे से आ रहे उनके पति रामगोपाल सोनी और जेठ अशोक कुमार सोनी ने जब बीच-बचाव की कोशिश की, तो हमलावरों ने उन पर भी लात-घूंसों और लाठी से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने अशोक कुमार के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए और उन्हें इलाज के दौरान सिर में टांके आए हैं। पीड़िता का आरोप है कि हमलावर क्षेत्र के दबंग व्यक्ति हैं और वारदात के बाद से लगातार पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बीएनएस की धारा 352, , 115(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त खबरें

## एक लड़की, 9 शादी महाराष्ट्र में 'फर्जी दुल्हन' गिरोह का पर्दाफाश; विवाह के नाम पर करते थे ठगी



**दिल्ली।** महाराष्ट्र के बीड़ जिले में शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा हुआ है। यह गैंग ग्रामीण इलाकों के युवकों को निशाना बनाकर फर्जी शादी कराता था और उनसे लाखों रुपये ऐंठ लेता था। ताजा मामला गेवराई तहसील के उमापुर गांव से सामने आया है। यहां एक युवती ने पहले आठ बार शादी करने के बाद नौवीं बार उमापुर के एक युवक से शादी की और उसे भी ठग लिया। शादी तय कराने के लिए एजेंटों ने युवक से पहले ही लाखों रुपये ले लिए थे। शादी के कुछ समय बाद ही दुल्हन और उसके साथ जुड़े लोग गायब हो गए, जिसके बाद युवक को धोखाधड़ी का पता चला।

**जांच में सामने आया चौंकाने वाला सच**

जांच के दौरान पता चला कि जिस युवती से युवक की शादी हुई, वह पहले आठ अलग-अलग लोगों से शादी कर चुकी थी। हर बार यही तरीका अपनाया जाता था। यह गिरोह शादी के कुछ दिनों बाद पैसे और जेवर लेकर फरार हो जाता था। इस तरह कई युवकों को अपना शिकार बनाया गया।

**पुलिस में शिकायत दर्ज**


पीड़ित युवक ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है और न्याय की मांग की है। उसने बताया कि उसे धोखे में रखकर यह शादी कराई गई थी। इस मामले में चकलांबा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और जांच आगे बढ़ा रही है।

## दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार, उतरांव पुलिस की सफलता



**उतराव/प्रयागराज।** थाना उतरांव क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई को स्थानीय पुलिस की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी राजू उर्फ विकास पटेल लंबे समय से वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष विनय सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने सटीक सूचना के आधार पर महरूपुर हाईवे अंडरपास के पास घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। आखिरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है, ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने लाई जा सके और किसी अन्य संभावित संलिप्तता का भी पता लगाया जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में त्वरित कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार




**बहरिया।** बहरिया पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। बहरिया की पुलिस टीम ने बुधवार को वारंटी अभियुक्त सुभाष चन्द्र (25 वर्ष) पुत्र रामछबीले, निवासी ग्राम कनेहटी को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ मु0नं0-656/23 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 325 और 504 में मामला दर्ज है। इस मामले में इलाहाबाद स्थित एसीजेएम न्यायालय कक्ष संख्या-15 द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# इलाहाबाद संग्रहालय में दिव्यांगजन बच्चों हेतु 'अनुभव वीथिका' का उद्घाटन

**● स्पर्श-आधारित प्रदर्शनी से दिव्यांगजन बच्चों के ज्ञानार्जन एवं संवेदी विकास को प्रोत्साहन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** इलाहाबाद संग्रहालय में राज्यपाल, उत्तर प्रदेश एवं संग्रहालय समिति की अध्यक्षा आनंदीबेन पटेल द्वारा दिव्यांगजन बच्चों के लिए विकसित 'अनुभव वीथिका' का ऑनलाइन माध्यम से अनावरण एवं उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वीथिका का अवलोकन करते हुए बच्चों से संवाद स्थापित किया, उनके अनुभवों को जाना तथा इसे प्रयागराज एवं आसपास के दिव्यांगजन बच्चों एवं संस्थाओं के लिए उपयोगी, आकर्षक एवं संग्रहालय की एक अभिनव उपलब्धि बताया। दिव्यांगजन बच्चों के लिए वीथिका की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रदर्शित विरासत स्थलों पर आधारित स्पर्शनीय पुस्तिकाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संबंध में बच्चों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं को प्रोत्साहित किया तथा इस पहल के लिए मंडलायुक्त एवं संग्रहालय निदेशक सौम्या अग्रवाल सहित पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की। उद्घाटन अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से 100 विद्यालयी दिव्यांग बच्चों को वीथिका का भ्रमण कराया गया। भ्रमण से पूर्व सभागार में बच्चों हेतु विशेष व्यवस्था के साथ शैक्षिक चलचित्र प्रदर्शित किया गया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। यह भ्रमण कार्यक्रम 6 मई से 20 मई तक निरंतर संचालित किया जाएगा। 'अनुभव वीथिका' का विकास नई दिल्ली स्थित स्वयंसेवी संस्था 'सक्षम' के सहयोग से किया गया है, जिसमें 11 प्रमुख विरासत स्थलों एवं 10 वन्य जीवों की प्रतिकृतियाँ स्थापित हैं; उनकी जानकारी ब्रेल लिपि (स्पर्श लेखन प्रणाली) एवं श्रव्य उपकरणों (हेडफोन) के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, साथ ही स्मारक प्रतिरूप, स्पर्श-आधारित कार्ड एवं अन्य स्पर्श-आधारित खेलों की भी व्यवस्था की गई है। वीथिका में सांची स्तूप, हम्पी का रथ, स्वर्ण मंदिर, हवा महल, गेटवे ऑफ इंडिया, कुतुब मीनार, राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, विवेकानंद रॉक स्मारक तथा ताजमहल सहित विभिन्न धरोहरों को स्पर्श के माध्यम



से अनुभव किया जा सकता है। वन्यजीवों में हाथी, बारहसिंगा, मोर, काला चीता, दरियाई घोड़ा एवं जिराफ की प्रतिकृतियाँ प्रदर्शित हैं। स्पर्श-आधारित प्रदर्शनी दिव्यांगजन बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है, क्योंकि यह स्पर्श एवं श्रवण के माध्यम से ज्ञानार्जन का प्रभावी अवसर प्रदान करती है। इससे उनकी संवेदी समझ, आत्मविश्वास एवं सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उद्घाटन के उपरांत संग्रहालय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, प्रवासी भारतीय विभाग एवं निवेश प्रोत्साहन नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी द्वारा मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में जीवन ज्योति संस्थान (वाराणसी), बचपन डे केयर केंद्र (प्रयागराज), भाविनी वेलफेयर सोसायटी (प्रयागराज) तथा माता कलावती विशेष शिक्षा महाविद्यालय (झूंसी) के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजू मिश्रा द्वारा किया गया।

# सुआटस कॉलेज में वेतन बकाया को लेकर, शिक्षकों-कर्मचारियों का प्रदर्शन

**● प्रदर्शनकारियों ने रजिस्ट्रार ऑफिस के सामने एकत्र होकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज-** नैनी एग्रीकल्चर क्षेत्र स्थित (सुआटस) कॉलेज में शिक्षकों और कर्मचारियों का आक्रोश अपने बकाया वेतन को लेकर लगातार बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से वेतन न मिलने से नाराज शिक्षकों और कर्मचारियों ने बुधवार को यूनिवर्सिटी परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने रजिस्ट्रार ऑफिस के सामने एकत्र होकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कुलपति आर.बी. लाल सहित अन्य अधिकारियों का पुतला फूंका। इस दौरान 'मुर्दाबाद' के नारे भी लगाए गए।शिक्षकों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है और कर्मचारियों का वेतन रोककर 'वेतन चोरी' कर रहा है। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार अपनी सैलरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनकी समस्याओं को सुनने के लिए आगे नहीं आ रहा है।बुधवार को बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी यूनिवर्सिटी कैंपस में एकत्र हुए और रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए कॉलेज को बंद कर दिया गया।प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।बताया जा रहा है कि शिक्षक और कर्मचारी पिछले 27 महीनों से वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं। उनका कहना है कि छात्रों से फीस वसूली के बावजूद वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर फीस की राशि कहां जा रही है।प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने प्रशासन पर मनमानी और दबंगई का आरोप लगाते हुए कहा कि वेतन न मिलने से उनके परिवारों का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

# आरपीएफ ने, रेलवे सिग्नल केबल चोरी का किया खुलासा; पांच गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे संपत्ति चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए चार चोरों और एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 18,000 रुपये मूल्य की चोरी की गई रेलवे सिग्नल केबल बरामद की गई है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।आरपीएफ टीम मंगलवार को नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार चार संदिग्ध युवक सफेद बोरे में रेलवे की सिग्नल केबल ले जाते हुए पकड़े गए। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर जिगना क्षेत्र स्थित एक बर्तन की दुकान पर छापा मारा गया, जहां पहले बेची गई रेलवे संपत्ति भी बरामद हुई।गिरफ्तार आरोपियों में सनी कुमार (18) निवासी ग्राम सुमतिया, थाना जिगना, जनपद मिर्जापुर, अमित कुमार (17) निवासी ग्राम बभनी हेथार, थाना मांडा, जनपद प्रयागराज, अनूप कुमार (16) और सचिन कुमार (17) निवासी मानपुर, थाना मांडा शामिल हैं। वहीं रिसीवर के रूप में मंगरु गुप्ता (40) निवासी बड़ी सिहावल, थाना जिगना, जनपद मिर्जापुर को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ के अनुसार, मंगरु गुप्ता के पास से चोरी की गई केबल का कुछ हिस्सा तांबे के रूप में बरामद हुआ है। बरामद कुल संपत्ति की कीमत करीब 18,000 रुपये आंकी गई है। सभी आरोपियों को 4 मई 2026 की शाम 7:35 बजे गिरफ्तार किया गया।

## सीएम योगी: पहले स्वदेशी हथियारों का देखा दम, फिर रीता बहुगुणा जोशी के आवास पहुंच जताया शोक



**प्रयागराज।** भारतीय सेना की उत्तरी एवं मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निर्माता सोसायटी की ओर से आयोजित नार्थ टेक सिंपोजियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। न्यू कैंट स्थित कोबरा आडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय आयोजन 'नार्थ टेक सिंपोजियम 2026' के अंतिम दिन स्वदेशी हथियारों का प्रदर्शन किया गया है। इस रोमांचकारी प्रदर्शनी में ड्रोन, एंटी ड्रोन, सैन्य वाहन व अन्य हथियारों का लाइव डेमो की तैयारी पूरी कर ली गई है। 'रक्षा त्रिवेणी संगम' के ध्येय वाक्य के साथ भारतीय सेना की उत्तरी और मध्य कमान के साथ 'सोसायटी आफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स' के सहयोग से आयोजित हथियारों की प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। अत्याधुनिक तकनीकों से लैस रक्षा उपकरणों का डेमो भी दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्व मंत्री डा रीता बहुगुणा जोशी के घर पहुंच गए हैं। डॉ रीता के पति पूरन चंद्र जोशी का 4 मई की सुबह निधन हो गया था। मुख्यमंत्री शोक संवेदना व्यक्त करने गए हैं।

# उप जिलाधिकारियों को तहसीलों के लम्बित वादों का निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के दिए गए निर्देश

**● सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जा करने वाले लोगो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकार मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में बुधवार को संगम सभागार में सभी अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार की उपस्थिति में राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व से सम्बंधित प्रकरण जिनकी रैकिंग सीएम डैशबोर्ड पर बी, सी, डी है, उन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित करते हुए रैकिंग को ए श्रेणी में लाये जाने के निर्देश दिए है। सभी उप जिलाधिकारियों को अपनी-अपनी तहसीलों के लम्बित वादों का नियमित रूप से अनुश्रवण करने एवं शीघ्रता से निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गए है। उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को नियमित रूप से कोर्ट में बैठने एवं न्यायालय में वादों की नियमित सुनवाई करने एवं वादों का शीघ्रता का निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है। सभी राजस्व से संबंधित अधिकारियों को 3 एवं 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभिलेख त्रुटि सुधार से सम्बंधित 1 वर्ष से लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करते हुए शून्य किए जाने के निर्देश दिए है। सभी उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को समन्वय बनाकर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानों की फार्मर आईडी बनाये जाने के कार्य को तेजी से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। सभी उपजिलाधिकारियों को अवैध कब्जों को चिन्हित कराये जाने तथा सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जा करने वाले लोगो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। आईजीआरएस के प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नजूल संजय पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति विजय शर्मा तथा सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करछना में डीजे वाहन ने बाइक में मारी टक्कर,काम से घर लौट रहे दो युवकों की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के प्रयागराज-मीरजापुर हाईवे पर मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में हलवाई का काम करके लौट रहे दो युवकों की मौत हो गई। घटना नच्चू ढाबा के पास की है, जहां बाइक सवार युवक सामने से आ रहे डीजे वाहन से टकरा गए। नैनी थाना क्षेत्र के सरपतहिया निवासी 22 वर्षीय आशीष उर्फ छोटू पुत्र ज्वाला सिंह अपने साथी 22 वर्षीय शिवानंद केसरवानी निवासी त्रिवेणी नगर नैनी के साथ मंगलवार दोपहर मेजा क्षेत्र में हलवाई का काम करने गया था। रात करीब एक बजे काम खत्म कर दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे आर्गन हास्पिटल के आगे भीरपुर की ओर बढ़े, सामने से आ रहे डीजे वाहन से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना भेजा, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों के पास न मोबाइल था और न ही कोई पहचान पत्र, जिससे उनकी पहचान करने में पुलिस को दिक्कत हुई। बुधवार सुबह वाहन नंबर के आधार पर सूचना मिलने पर आशीष के भाई दीपक व बहन रोशनी थाने पहुंचे और उसकी पहचान की। बताया गया कि आशीष दो भाइयों में छोटा था और अविवाहित



था। उसकी मौत से मां कुसुम देवी समेत परिजनों की रो-रोकर हालत खराब है। वहीं शिवानंद केसरवानी (22) पुत्र स्व दिनेश केसरवानी तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह अविवाहित था। पिता की मृत्यु हो चुकी है।

## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा 8 मई को उत्पीड़न निवारण शिविर का होगा आयोजन

**कानपुर ग्रामीण।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा दिव्यांग उत्पीड़न की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक है, दिव्यांग जनों को उत्पीड़न से मुक्त करवा कर न्याय दिलाने के लिए 8 मई को शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर 4 में दिव्यांग उत्पीड़न निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा,, जिसमें पीड़ित दिव्यागो कि समस्या सुनी जाएगी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर न्याय दिलाया जाएगा, कानपुर में दिव्यांग जन अधिनियम 2016 का कितना अनुपालन हो रहा है,इसकी भी समीक्षा की जाएगी,यह जानकारी राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने दी हैं।




# नेशन फर्स्ट' हर नागरिक के लिए भी मार्गदर्शक सिद्धांत, क्योंकि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**● युद्ध अब साइबर व स्पेस तक विस्तारित, डेटा, सिग्नल्स व नेटवर्क बने नए हथियार, टेक्नोलॉजी की बढी भूमिका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ बुधवार को न्यू कैण्ट, प्रयागराज में आयोजित ''नार्थ टेक सिम्पोजियम-2026'' के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं रक्षामंत्री के विजन को आज हम सब यहां पर नॉर्थ टेक सिम्पोजियम के माध्यम से रक्षा त्रिवेणी संगम के रूप में इस त्रिवेणी के पावन धरा पर साकार होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने प्रयागराज की इस पावन धरा पर स्थित त्रिवेणी संगम, वेणी माधव, अक्षय वट, सोमेश्वर महादेव, महर्षि भारद्वाज, नागवासुकी को नमन करते हुए इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए आर्मी के सेंट्रल कमाण्ड और नार्थ कमाण्ड को बधाई देते हुए प्रदेश सरकार की ओर से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा प्राचीन काल से ही ज्ञान, आध्यात्मिक विरासत और न्याय की पावन त्रिवेणी के रूप में विख्यात रही है। आज ''नार्थ टेक सिम्पोजियम'' के माध्यम से हम सब नॉलेज एंड इनोवेशन के संगम के रूप में भी प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लड़ाई सीमाओं से बढ़कर साइबर, स्पेस, डेटा नेटवर्क और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम तक फैल चुकी है। पारंपरिक युद्ध कौशल के साथ-साथ अब तकनीकी दक्षता, रणनीतिक सोच और मानसिक दृढ़ता भी अनिवार्य हो गई है। आज के युद्ध में कीबोर्ड, सेटेलाइट और डेटा उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने पारंपरिक हथियार। दुश्मन के संचार नेटवर्क को बाधित करना तथा अपने सिस्टम को सुरक्षित रखना नई युद्ध रणनीति का आधार बन रहा है। ऐसे परिदृश्य में वही राष्ट्र आगे रहेगा, जो साहस और तकनीक के बीच संतुलन स्थापित कर सके। 'नेशन फर्स्ट' केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय सैनिक के जीवन का संकल्प है। यह हर नागरिक के लिए भी मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए, क्योंकि राष्ट्र सर्वोपरि है और उससे बढ़कर कुछ भी नहीं।

**आधुनिक युद्ध में कीबोर्ड भी एक प्रभावी हथियार**

माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि सियाचिन की जमा देने वाली ठंड हो, रेगिस्तान की तपती रेत, घने जंगलों का अंधकार या समुद्र व आकाश की अनंत चुनौतियां, हमारे सैनिक हर परिस्थिति में तत्पर रहते हैं। उनकी सतर्क निगाहों के कारण ही पूरा देश सुरक्षित और निश्चित रह पाता है। आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और नभ तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस के युग में प्रवेश कर चुका है। युद्ध में साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम जैसे क्षेत्र भी उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं। कीबोर्ड भी एक प्रभावी हथियार बन चुका है। दुश्मन के पावर ग्रिड, राडार, जीपीएस, बैंकिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम को बाधित करना या अपने नेटवर्क को सुरक्षित व अभेद्य बनाना, नई सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। सेटेलाइट्स के माध्यम से निगरानी, खुफिया जानकारी और नेविगेशन अब युद्ध की 'आंख' और 'दिमाग' बन चुके हैं। अब लड़ाई सिग्नल्स और डेटा के माध्यम से भी लड़ी जा रही है।

**डिफेंस सेक्टर में यूपी ने की उल्लेखनीय प्रगति**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर युद्ध जैसी स्थितियों ने यह स्पष्ट किया है कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता कितनी आवश्यक है। कुछ वर्ष पहले भारत का रक्षा निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये ही था, लेकिन निरंतर प्रयासों से




आज हमारी सामर्थ्य 38 हजार से 50 हजार करोड़ रुपये तक के रक्षा उत्पाद निर्यात करने की है। भारत अब मित्र देशों को रक्षा उत्पाद उपलब्ध करा रहा है। उत्तर प्रदेश ने भी इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के छह प्रमुख नोड्स लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट पर तेजी से कार्य हो रहा है। इन नोड्स में 35,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर रहे हैं। सरकार ने डिफेंस एवं एयरोस्पेस पॉलिसी के तहत बड़े लैंड बैंक का निर्माण किया है और निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अलीगढ़ छोटे हथियारों और रक्षा उपकरणों के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है, जबकि कानपुर गोला-बारूद, मिसाइल, डिफेंस टेक्सटाइल और प्रोटेक्टिव गियर के उत्पादन का महत्वपूर्ण हब बन रहा है। लखनऊ और झांसी नोड्स में ब्रह्मोस मिसाइल और हैवी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे देश की सैन्य क्षमता और मजबूत हो रही है। चित्रकूट और आगरा नोड्स में एयरोस्पेस और प्रिसिजन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विकास जारी है, ताकि स्पेस डोमेन सहित रक्षा के सभी आयामों में देश की क्षमता को सुदृढ़ किया जा सके।

**यूपी डिफेंस कॉरिडोर सैनिकों की क्षमता और सुरक्षा में मददगार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी डिफेंस कॉरिडोर के तहत तोप के गोले, स्वदेशी ड्रोन, बुलेटप्रूफ जैकेट और उन्नत संचार प्रणालियों का निर्माण किया जा रहा है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उत्तर प्रदेश में उपलब्ध हैं। प्रदेश के पास 56 प्रतिशत युवा एवं स्किल्ड वर्कफोर्स और 96 लाख एमएसएमई इकाइयों का मजबूत आधार है, जो विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। सभी 6 स्ट्रेटेजिक नोड्स पर पर्याप्त लैंड बैंक भी उपलब्ध है। राज्य सरकार स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के माध्यम से मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में आईआईटी कानपुर के साथ ड्रोन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया गया है, जबकि स्टेट फॉरेंसिक संस्थान के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं। सभी स्ट्रेटेजिक नोड्स में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है।

**ज्ञान जहां से भी आए, उसे स्वीकारना हमारी परंपरा**

न्होंने कहाकि इस सिम्पोजियम के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में यह सिम्पोजियम ज्ञान, अनुभव और नवाचार के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान जहां से भी आए, उसे स्वीकार करना हमारी परंपरा रही है और यह सिम्पोजियम उसी भावना को आगे बढ़ा रहा है।

**हाईटेक क्षेत्रों में स्थापित हुए स्टार्टअप**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 21,000 से अधिक स्टार्टअप्स स्थापित हुए हैं, जो एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग जैसे हाईटेक क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। सेफ्टी, टेक्नोलॉजी और ट्रस्ट के समन्वय से प्रदेश ने बीमारू छवि को पीछे छोड़ते हुए देश के ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान बनाई है। अपराध और अव्यवस्था के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति हमारा संकल्प रहा है। माफिया से कानून के राज और उपद्रव से उत्सव तक की यात्रा तय करते हुए यूपी इस मुकाम तक पहुंचा है।

**हमारी उदारता को कोई कमजोरी न समझे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदैव 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत को आत्मसात किया है। उदारता हमारे संस्कार का हिस्सा है, लेकिन इसकी रक्षा के लिए शक्ति व सामर्थ्य का होना अनिवार्य है। उन्होंने इस संदर्भ में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षमा व शांति की भाषा वही प्रभावी ढंग से बोल सकता है, जिसके पास पर्याप्त शक्ति हो। भारत अपनी सामरिक और आंतरिक शक्ति इसलिए नहीं बढ़ा रहा कि किसी पर आक्रमण करे, बल्कि इसलिए कि उसकी उदारता को कोई कमजोरी न समझे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आने के पहले प्रदेश अराजकता, अव्यवस्था और पहचान के संकट से जूझ रहा था। तब हमने 'रूल ऑफ लॉ' को स्थापित करने का संकल्प लिया और अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पूरी सख्ती के साथ लागू की। इसी सुदृढ़ कानून-व्यवस्था ने प्रदेश में विश्वसनीय और निवेश अनुकूल इकोसिस्टम तैयार किया, जिसने उद्योग व रोजगार के नए अवसरों को गति दी। डिफेंस कॉरिडोर भी इसका एक हिस्सा है। आज प्रदेश के पास एक्सप्रेसवे, हाईवे, आधुनिक रेलवे कनेक्टिविटी, मेट्रो नेटवर्क व एयर कनेक्टिविटी के रूप में देश का विशालतम इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क है। मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ़ (GOC-in-C), लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में उद्योग, शिक्षा जगत और सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के 'ट्रिपल हेलिक्स मॉडल' की सराहना की। लेफ्टिनेंट जनरल सेनगुप्ता ने यह उम्मीद भी जताई कि उत्तर प्रदेश डिफ़ेंस कॉरिडोर एक 'नॉलेज कॉरिडोर' (ज्ञान गलियारा) बन जाएगा और नए रक्षा उपकरणों के विकास का एक केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कमान ने पिछले वर्ष 28 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू कीं, जिनके परिणामस्वरूप राज्य में 600 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए, सेना कमांडर ने कहा कि यूपीडीआईसी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सेना कमांडर ने कहा कि रक्षा त्रिवेणी संगम नागरिक सरकार और सशस्त्र बलों के बीच घनिष्ठ साझेदारी का प्रमाण है, और उन्होंने नॉर्थ टेक संगोष्ठी को सफल बनाने में सभी हितधारकों की भूमिका के लिए धन्यवाद दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ़ (GOC-in-C), उत्तरी कमान ने देश में ईस बात पर जोर दिया कि अत्याधुनिक रक्षा क्षमताओं का विकास निजी उद्योग और सरकारी संस्थानों के साथ-साथ सशस्त्र बलों की साझेदारी के माध्यम से ही संभव है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी विधायकगण, लेफ्टिनेंट जनर वी. हरिहरन, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, एसआईडीएम के वाइस प्रेसिडेंट नीरज गुप्ता, आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर ए.के. घोष, मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के साथ ही सेना व प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारीगण और स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपौल में 78 हजार से अधिक पेंशनधारियों ने नहीं कराया जीवन प्रमाणीकरण, भुगतान रुकने की चेतावनी

**जिला प्रशासन ने शिविरों में निःशुल्क प्रमाणीकरण कराने की अपील की**

सुपौल जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में लाभुकों द्वारा अब तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराने का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं निःशक्तजन पेंशन योजना के कुल 3,05,671 लाभुकों में से 2,27,441 लाभुकों ने अपना जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है, जबकि 78,230 लाभुक अब भी इससे वंचित हैं। प्रशासन ने सभी शेष लाभुकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द आयोजित जीवन-प्रमाणीकरण शिविरों में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय के भीतर जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराने वाले लाभुकों का पेंशन भुगतान बंद कर दिया जाएगा। इसलिए सभी पात्र लाभार्थियों को समय रहते यह प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है। जीवन प्रमाणीकरण से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0673-6473-224005 पर संपर्क किया जा सकता है।

### गन्ना के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में मात्र 10रूपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर किसान की नाराजगी।



**बेतिया।** केंद्र सरकार द्वारा 2026-27 पेराई सत्र के लिए गन्ना के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में मात्र 10रूपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर किसान संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई है। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव, सचिव इंद्र देव कुशवाहा और गन्ना उत्पादक किसान महासभा के जिला अध्यक्ष संजय यादव ने इसे किसानों के साथ धोखाधड़ी और विश्वासघात बताया। नेताओं के अनुसार नया एफआरपी 365 रूपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, जिससे बिहार में गन्ना मूल्य करीब 400रूपए प्रति क्विंटल होगा, जबकि वर्तमान दर 390रूपए है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य इससे अधिक है, जिससे बिहार के किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। किसानों ने गन्ना मूल्य 600 रूपए प्रति क्विंटल करने की मांग दोहराते हुए चेतावनी दी कि 10 मई को स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालयों में मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### सारांश कुमार का विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम में चयन




**बेतिया।** उभरते खिलाड़ी, बेतिया के सारांश कुमार का चयन प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 4 से 8 जून तक अहमदाबाद के ट्रांसटेडिया में आयोजित होगी। 1-2 मई को हरियाणा के सोनीपत स्थित देवीलाल नॉर्दर्न रीजनल सेंटर में हुए चयन ट्रायल (योगासन भारत व एसएआई के तत्वावधान में) में सारांश ने शानदार प्रदर्शन कर रिदमिक पेयर इवेंट में टीम में जगह बनाई। सारांश, योग स्पोर्ट्स एकेडमी बेतिया के खिलाड़ी हैं और इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं। उनके चयन से चंपारण में पहली बार कोई खिलाड़ी विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रशिक्षक पवन कुमार के मार्गदर्शन में मिली इस सफलता पर पूरे जिले में खुशी का माहौल है। गुरुवार को उनके सम्मान में बेतिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# ज्ञान भारतम् मिशन को बड़ी सफलता: दीपिका के पास मिली 350 साल पुरानी पांडुलिपियां, सामने आया समृद्ध इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



जिले की खोई हुई बौद्धिक विरासत को संजोने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सावन कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे ज्ञान भारतम् मिशन के तहत पांडुलिपि खोज अभियान अब असर दिखाने लगा है। इस अभियान के दौरान त्रिवेणीगंज की युवा दीपिका चंद्रा ने सदियों पुराने इतिहास को सामने लाकर एक नई मिसाल पेश की है। दीपिका के पास से कुल 20 दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां मिली हैं, जिनकी उम्र 153 से लेकर लगभग 350 वर्ष तक बताई जा रही है। ये पांडुलिपियां न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि उस दौर की बौद्धिक समृद्धि और लेखन परंपरा का भी जीवंत प्रमाण हैं।

**परिवार से मिली अमूल्य धरोहर**

गुड़िया पंचायत के बेलापट्टी निवासी दीपिका चंद्रा को ये पांडुलिपियां उनके पूर्वज कृपानंद झा एवं बिमलानंद झा से विरासत में प्राप्त हुई हैं। वर्षों से सुरक्षित रखी गई यह धरोहर अब जिले के इतिहास को नई पहचान दे रही है। वहीं, माय भारत के पूर्व वॉलंटियर इन्दल कुमार इस मिशन के तहत गांव-गांव जाकर ऐसी ऐतिहासिक सामग्री की खोज में जुटे हुए हैं।

**संस्कृत और मिथिलाक्षर में दर्ज इतिहास**

प्राप्त पांडुलिपियां मुख्य रूप से संस्कृत भाषा और मिथिलाक्षर लिपि में लिखी गई हैं। इनमें उस समय की ज्ञान परंपरा, लेखन शैली और तकनीकी समझ की झलक मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार, ये दस्तावेज सुपौल क्षेत्र के समृद्ध शैक्षणिक और सांस्कृतिक इतिहास को उजागर करते हैं।

**प्रशासन ने सराहा युवा पहल**

युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए उप विकास आयुक्त सारा अशरफ ने कहा कि अपनी जड़ों को तलाशने का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक है। इससे अन्य युवाओं को भी अपनी विरासत के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिलेगी।

**जिलाधिकारी की अपील**

जिलाधिकारी सावन कुमार ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके पास घर, मठ, मंदिर या पुरानी लाइब्रेरी में कोई भी हस्तलिखित पांडुलिपि या ऐतिहासिक दस्तावेज मौजूद हो, तो उसे प्रशासन के साथ साझा करें। ऐसे योगदानकर्ताओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पुरानी धरोहरों को सहेजने का कार्य कर रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से भी जोड़ रहा है।

# सुपौल में LPG संकट से निपटने को प्रशासन सक्रिय, कोयला वितरण और वाणिज्यिक गैस आपूर्ति शुरू

**● जिले में गैस आपूर्ति में सुधार, कालाबाजारी पर सख्ती और नियंत्रण कक्ष स्थापित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सुपौल जिला प्रशासन ने रसोई गैस (LPG) की कमी से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों को जन वितरण प्रणाली (PDS) दुकानों के माध्यम से वैकल्पिक ईंधन के रूप में कुकिंग कोयला उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से आवंटन की मांग की गई है, वहीं थोक विक्रेताओं के चयन हेतु आवेदन भी आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ-साथ श्राद्ध, मुंडन, उपनयन और अन्य सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के लिए भी वाणिज्यिक स्क्ब सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके लिए रसोइयों और कैटरर्स को तेल कंपनियों में निबंधन कराना अनिवार्य होगा, जो 5 से 7 दिनों में पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजित करने वाले व्यक्तियों को अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर आवश्यक सिलेंडरों की संख्या और संभावित उपस्थित लोगों की जानकारी देनी होगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पड़ोसी देश में ईंधन की कमी और मूल्य अंतर के प्रभाव को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। जिले में वर्तमान में 51 गैस एजेंसियों के पास 11,573 सिलेंडरों का भंडार उपलब्ध है, जबकि 5,386 सिलेंडर और प्राप्त होने की संभावना है। बीते 5 मई को 6,341 उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई गई, जबकि अभी 23,841 उपभोक्ताओं की बुकिंग लंबित है। प्रतिदिन औसतन 5,675 उपभोक्ताओं को LPG सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। 51 में से 48 गैस एजेंसियों पर फिलहाल गैस उपलब्ध है, जबकि शेष तीन एजेंसियों–आस्था इंडेन ग्रामीण वितरक, श्री गंगा इंडेन ग्रामीण वितरक और उषा जगनाथ ॥क्ष ग्रामीण वितरक–पर शीघ्र आपूर्ति होने की संभावना है। प्रशासन द्वारा 15 गैस एजेंसियों और 18 होटलों/प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर जांच की गई है। घरेलू गैस के वाणिज्यिक उपयोग और कालाबाजारी के मामलों में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। साथ ही पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण जारी है, जिसमें अब तक तीन पंपों की जांच की गई है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए 24×7 हेल्पलाइन नंबर 1906 के अलावा विभिन्न तेल कंपनियों के टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं। समाहरणालय स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां अब तक एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसका समाधान कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में LPG, पेट्रोल और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है तथा कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्रतापगंज प्रखंड कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, जनगणना कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**●जनगणना 2027 के कार्यों की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा 195 प्रगणक व 33 पर्यवेक्षकों के कार्यों का लिया जायजा**

**प्रतिदिन न्यूनतम 20 डाटा सिंक्रोनाइज करने का निर्देश पंचायत, आवास, शिक्षा व आईसीडीएस योजनाओं में प्रगति तेज करने को कहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




सुपौल जिलाधिकारी सावन कुमार ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, प्रतापगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-जनगणना अधिकारी से जनगणना 2027 के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने प्रखंड में कार्यरत 195 प्रगणकों एवं 33 पर्यवेक्षकों के कार्यों का जायजा लेते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक ॥स्क्र में प्रति प्रगणक प्रतिदिन कम से कम 20 डाटा सिंक्रोनाइज किया जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान प्रखंड एवं अंचल स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पंचायत योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, आपूर्ति व्यवस्था, शिक्षा एवं आईसीडीएस के कार्यों में बेहतर प्रगति सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत सरकार भवनों के शीघ्र निर्माण पूर्ण करने, अंचल कार्यालय के कार्यों में तेजी लाने, अतिक्रमण हटाने तथा सभी विभागों में शिथिलता समाप्त कर आम जनता के कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे शिक्षा, आईसीडीएस एवं अन्य विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। साथ ही पंचायत सहयोग शिविरों के सुचारू संचालन एवं विभागीय निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बेतिया पुलिस की बड़ी सफलता, 60 गुम मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** पुलिस मुख्यालय, बिहार पटना के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बेतिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के तहत पुलिस ने गुम/चोरी हुए कुल 60 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया, जिससे लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। उक्त जानकारी दिनांक 06 मई, बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदगी और चोरी के मामलों के आधार पर लगातार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने यह उपलब्धि हासिल की। बरामद किए गए मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। वहीं, अब तक इस अभियान के तहत कुल 425 मोबाइल फोन (करीब 67.30 लाख रुपये मूल्य) बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस द्वारा आम लोगों की सुविधा के लिए एक आधिकारिक वेबसाइट भी जारी की गई है, जहां मोबाइल गुम/चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस पहल से लोगों को त्वरित सहायता और बेहतर समन्वय मिल रहा है। इस सफलता में जिला आसूचना इकाई की टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें पु.नि. मनोज कुमार सिंह, पु.अ.नि. इंद्रजीत पासवान, पु.अ.नि. सौरभ कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। बेतिया पुलिस ने कहा है कि कानून-व्यवस्था के संधारण और आम जनता की सेवा के लिए वह पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

# राणी सती मंदिर के 28वें स्थापना दिवस पर भव्य मंगल पाठ एवं दादी उत्सव, जयकारों से गूंजा परिसर

**● भजन गायक नीरज सांवरिया ने बांधा समां, जय दादी के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर का 28वां स्थापना दिवस इस वर्ष भी भक्ति, उल्लास और पारंपरिक आस्था के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। दो दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिन मंदिर परिसर जय दादी के जयकारों से पूरी तरह गुंजायमान रहा। प्रथम दिन प्रातः 9:00 बजे भव्य मंगल पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुईं। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत मंगल पाठ प्रारंभ किया गया। मंगल पाठ के दौरान इत्र उत्सव, जन्म उत्सव, हल्दी उत्सव, सिंदूर उत्सव और मेहंदी उत्सव जैसे विभिन्न उत्सव का आयोजन कर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर स्थापना दिवस को ऐतिहासिक रूप देने का प्रयास किया गया, इस अवसर पर धनबाद से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक नीरज सांवरिया ने दादी के जन्म से लेकर उनके जीवन के विभिन्न प्रसंगों को मधुर भजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसमे जय दादी री, जय दादी री,तेरी महिमा सबसे न्यारी री... तेरे नाम की ज्योत जली है, हर दिल में उजियारा है दादी तेरी कृपा से ही, जीवन ये संवारा है...जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। उनके भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया। मंगल पाठ के दौरान दादी के जन्मोत्सव पर ट्रॉफी वितरण किया गया, वहीं विदाई के समय सुहाग सामग्री श्रद्धालु महिलाओं के बीच वितरित की गई।मंगल पाठ की समाप्ति के उपरांत भव्य आरती संपन्न हुई, जिसके पश्चात सभी दादी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर कमेटी द्वारा भजन गायक नीरज सांवरिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को प्रातः 5:00 बजे मंगला आरती के साथ अनुष्ठान की शुरुआत होगी। इसके पश्चात पाटा पूजन, दादी का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दर्शन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। संध्या बेला में 13 सुहागन महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं परंपरा के अनुरूप भव्य महाआरती की जाएगी, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष फतेहचंद मुनका ने कहा कि राणी सती दादी की कृपा से हर वर्ष यह आयोजन और भी भव्य रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और आस्था को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए दूसरे दिन के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। मंदिर कमेटी के सचिव रमेश टिबड़ेवाल ने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर कमेटी द्वारा तैयारी बड़े स्तर पर की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया।

# नब्बे दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान के तहत जेल समेत ग्रामीण क्षेत्रों में की गई जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में पाकुड़ जेल में नब्बे दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत बंदियों के निःशुल्क कानूनी सहायता एवं उनके कानूनी अधिकार पर जागरूक किया गया उक्त कार्यक्रम के तहत लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के सहायक गंगाराम टुडू ने बंदियों से उनके वाद से संबंधित मामलों की जानकारी ली। योग्य मामलों पर निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने समेत कानूनी सहायता को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की । मौके पर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स मोकमाउल शेख, सुजाता घोष उपस्थित रही।वहीं लिट्टीपाड़ा प्रखंड के अंतर्गत गांडोपहाड़ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स भरत कुमार साह ने डायन प्रथा, बाल विवाह के दुष्परिणाम समेत निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने को लेकर जानकारी दी । नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 पर विधिक समस्या होने पर संपर्क करने को कहा गया।इस दौरान सचिव रूपा बंदना किरो ने की मंडल कारा पाकुड़ का निरीक्षण झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर डालसा सचिव रूपा बंदना किरो ने जेल का दौरा किया । बंदियों के नियमावली अनुसार जेल में भोजन के मेनू का निरीक्षण किया गया। भोजन की गुणवत्ता जेल परिसर के साफ़ सफाई, समेत अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदियों से वाद संबंधित जानकारी ली। जेल अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दी गई।

# मैं सूतपुत्र कर्ण से नहीं करूंगी विवाह - द्रोपद पुत्री द्रौपदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः–** द्रौपदी के स्वयंवर सभा में जब अंगराज कर्ण ने नीचे पात्र में रखे तेल की छाया में मछली की आंख में निशान लगाने के लिए धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना चाहा तभी पांचाली बोल पड़ी–मैं नहीं करूंगी सूतपुत्र से विवाह। इस पर तर्क-वितर्क होने पर धृष्टद्युम्न ने कहा–स्वयंवर की घोषणा में बताया गया है कि कन्या की इच्छा पर निर्भर है कि वह किसे वरण करना चाहती है। पांचाली पांचाल देश के राजा द्रोपद की कन्या थी और वह अग्निकुंड से प्रकट हुई थी। इस कारण इन्हें अग्निसूता भी कहा जाता है। स्वयंवर सभा में वीर-महावीरों ने भरपूर प्रयत्न करने के बाद भी प्रत्यंचा चढ़ाने में विफल रहे। तब ब्राह्मण वेषधारी कौंतेय ने धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर मछली की आंख को भेदते हुए सभी को अचंभित कर दिया। कर्ण महावीर थे और मछली की आंख आसानी से भेद सकते थे, पर पांचाली ने विवाह नहीं करने की बात क्यों कही? क्या सूत होने के कारण ही द्रौपदी ने मना किया या इसके पीछे कई गूढ़ रहस्य छिपे हैं? यद्यपि उक्त प्रसंग हजारों वर्ष पूर्व का है, परन्तु प्रमाणिक तथ्यों की अनदेखी कर लोग, विशेषकर भारतीय ज्ञानपरक व राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर, उन गूढ़ रहस्यों को स्वार्थवश नहीं कहते और राष्ट्रीय जनजीवन को भ्रमित करते रहे हैं। इससे देश ही नहीं, भारत विरोधी तत्व भी देश की मान्य छवि को धुंधला करते रहे हैं। सनातन संस्कृति, धर्म एवं परम्पराओं में सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग में, ईसा की सातवीं सदी अर्थात भारत पर विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण से पूर्व तक, किसी प्रकार की जातीयता का प्रमाणिक उल्लेख नहीं मिलता। सनातन सांस्कृतिक मूल्य कर्म आधारित रहा है। कर्ण के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि वे कौंतेय थे। गुरु द्वारा प्रदत्त सूर्य मंत्र का परीक्षण करने हेतु कुंती ने आह्वान किया और सूर्य भगवान प्रकट हुए। वहीं वरदान स्वरूप पुत्र की प्राप्ति हुई, लेकिन उन्होंने कुंती को आशीर्वाद दिया कि वे कुमारी ही रहेंगी। लोकलाज के कारण उन्होंने बालक को गंगा में प्रवाहित कर दिया। कर्ण कवच-कुंडल लेकर जन्मे थे। दूसरी ओर कर्ण का पालन-पोषण एक सूत परिवार में हुआ और राधेय इनकी माता कही गईं। इसी कारण कर्ण राधेय भी कहलाए। उन दिनों रथ चलाने वाले को सूत कहा जाता था। जिस प्रकार आज वाहन चलाने वाले को चालक या ड्राइवर कहा जाता है, चाहे वह किसी भी वर्ग का हो। उपमा के तौर पर आज भी कोई सम्पन्न या रईस व्यक्ति किसी चालक से अपनी सुकन्या का विवाह करना पसंद नहीं करता। लोग कहते हैं कि द्रौपदी ने श्रीकृष्ण के संकेत से ऐसा किया। पांचाली को कृष्णा भी कहा जाता है और भाई होने के नाते वे बहन के हित की ही सोचते। श्रीकृष्ण भगवान थे और पांचाली के पूर्व जन्मों के सभी कर्मों व इच्छाओं को भली-भांति जानते थे कि उनका परिणय किनके साथ होगा तथा भविष्य में कौन-कौन सी घटनाएं घटेंगी और उनका समाधान कैसे होगा। कहा जाता है कि कौरव दल में भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, अश्वत्थामा और कर्ण जैसे महारथी थे। इसे ध्यान में रखते हुए संजय ने धृतराष्ट्र से कहा–महाराज, विजय दुर्योधन की होगी, परन्तु दुर्योधन सहित पांच को छोड़कर सभी मारे जाएंगे और अंततः भारी पराजय होगी। इस पर धृतराष्ट्र ने कहा–संजय, तुमने मुझसे कभी झूठ नहीं कहा, पर ऐसा कैसे हो सकता है? इस पर संजय ने विनम्र होकर कहा–महाराज, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इसके मूल में श्रीकृष्ण थे और वे सदैव सत्य और धर्म का पक्ष लेते हैं। सनातन धर्म और संस्कृति कर्म आधारित रही है और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा के साथ विश्व कल्याण की कामना करती है।

# कालीपहाड़ी में हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड के कालीपहाड़ी गांव में आयोजित 24 पहल हरी नाम संकीर्तन का बुधवार को कुंज मिलन के साथ ही समापन हुआ। समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन से क्षेत्र में भक्ति के बयार बह रही थी। पश्चिम बंगाल के आसनसोल से आए टुंपा दास की टीम ने हरि नाम संकीर्तन के माध्यम से भगवान नारायण की लीला का गुणगान किया व झांकी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर पपियों का साम्राज्य स्थापित हुआ है पपियों का विनाश करने के लिए भगवान ने मानव रूप में अवतार लिया है। लंकापति रावण, कंश, दुर्योधन जैसे दुष्टों का भगवान ने संहार किया और धर्म की स्थापना की। मानव जीवन मिला है सत्कर्म करें, भक्ति करें तभी कल्याण संभव है। चौबीस घंटे में एक घंटे प्रभु की भक्ति अवश्य करें। माता-पिता की सेवा करने वालों को कभी दुख नहीं हो सकता और माता-पिता का निरादर करने वाले कभी सुखी भी नहीं हो सकते हैं। कालीपहाड़ी में प्रत्येक वर्ष हरिनाम संकीर्तन होता है तथा भगवान के लीला का गुणगान करने का व सुनने का अवसर मिलता है। आयोजन को सफल बनाने में आयोजित समिति सदस्यों की महती भूमिका है।


## संक्षिप्त खबरें

### चोरी हुए ट्रेक्टर ट्रॉली बरामद कर पुलिस ने पकड़े दो आरोपी, एक फरार



**कोंच(जालौन)**– गत रोज कोंच-एट रोड पर ग्राम आनंद नगर अंडा के समीप स्थित पेट्रोल पंप से चोरी किए गए ट्रेक्टर-ट्रॉली को बरामद कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया। बीती 3 मई की रात ग्राम अंडा के समीप स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ा राज भाटिया का ट्रैक्टर मय ट्रॉली चोरी हो गया था।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। बुधवार को सागर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सुमित पांडेय व उपनिरीक्षक शुभम सिंह परमार ने कोंच-एट रोड पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने चोरी हुआ ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद कर लिया। पुलिस ने मौके से करन वर्मा (19) और आलोक कुमार उर्फ अंशुल पटेल (20) निवासी ग्राम अंडा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, तीसरा आरोपी गोपी कुशवाहा (26) निवासी ग्राम अंडा मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### ससुराल पहुंचकर युवक ने लगाई फांसी



**उर्ई (जालौन)**– भिटारा गांव के बाहर मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में 35 बर्षीय युवक का शव बबूल के पेड़ से लटकता हुआ मिला। बताया जा रहा है कि युवक यहां अपनी ससुराल आया हुआ था। मृतक की पहचान हमीरपुर के कुरारा क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय राकेश के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, राकेश वर्तमान में उरई स्थित काशीराम कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था। बीते मंगलवार को वह अपनी पत्नी से मिलने के लिए अपनी ससुराल भिटारा गांव आया हुआ था। बताया जा रहा है कि दंपति के बीच पहले से पारिवारिक विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह जब कुछ ग्रामीण गांव के बाहर शौच के लिए गए, तो उन्होंने बबूल के पेड़ से एक युवक का शव कपड़े के फंदे से लटका हुआ देखा। नजदीक जाकर पहचान करने पर पता चला कि यह युवक मृतक राकेश है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### हादसे में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**उर्ई(जालौन)**– हरियाणा के नूंह जनपद में मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने उत्तर प्रदेश के जालौन जिले को गहरे शोक में डुबो दिया है। जालौन जनपद में पदस्थ चार पुलिसकर्मी अपहरण केस में दबिश देने के लिए नूंह स्कॉर्पियो कार से गए हुए थे, इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर उनकी कार ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर एक दूसरे वाहन से टकरा गई थी। इस दर्दनाक दुर्घटना में जालौन में तैनात दो दरोगा सत्यभान और मोहित यादव तथा दो सिपाही प्रदीप और अशोक सहित कुल पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बुधवार की सुबह सभी दिवंगत पुलिसकर्मियों के पार्थिव शरीर उरई स्थित पुलिस लाइन लाए गए, जहां का माहौल बेहद गमगीन रहा। साथी पुलिसकर्मियों की आंखें नम थीं और हर कोई अपने वीर साथियों को अंतिम विदाई देने के लिए मौजूद रहा। सुबह करीब 10 बजे पूरे राजकीय सम्मान के साथ शहीद पुलिसकर्मियों को अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान डीजी आलोक सिंह, झांसी रेंज के आईजी आकाश कुलहरी, जिलाधिकारी राजेश पांडेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी आदि भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। अंतिम सलामी के बाद सभी पुलिसकर्मियों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांवों के लिए रवाना कर दिए गए, जहां पूरे सम्मान और विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस लाइन में बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान अपने साथियों को अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

# पुलिस महानिरीक्षक, विन्ध्याचल परिक्षेत्र ने किया जनपद सोनभद्र का वार्षिक निरीक्षण , दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**●विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न,जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण पर जोर**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – पुलिस महानिरीक्षक, विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर आर.पी. सिंह द्वारा बुधवार दिनांक 06.05.2026 को जनपद सोनभद्र के वार्षिक निरीक्षण के द्वितीय दिवस पर पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान फील्ड यूनिट, जिला नियंत्रण कक्ष और स्थानीय अभिसूचना इकाई (LI) के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात, जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक (Crime Meeting) आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं प्रगति की समीक्षा की गई । समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रूणवाल, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी, जनपद के समस्त थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के मुख्य एजेंडा बिन्दु- दिनांक 30-04-2026 तक सर्किलवार/थानावार लम्बित कुल विवेचनाओं की समीक्षा, 60/90 दिवस की समयसीमा में निस्तारण हेतु लम्बित विवेचनाओं का संख्यात्मक विवरण, एनसीआर (हृष्टक्र) के लम्बित विवेचनाओं की वर्तमान स्थिति,विवेचनोपरान्त प्रेषित आरोप पत्र (Charge Sheet) / अन्तिम रिपोर्ट जो अब तक न्यायालय में दाखिल नहीं हो सकी है, उनका वर्षवार विवरण। वांछित अपराधियों एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण, जनपद स्तर पर चिन्हित टॉप-10 अपराधियों की सूची एवं उनके विरुद्ध कृत कार्यवाही, विभिन्न प्रकार के चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध की गई कठोर दण्डात्मक कार्यवाही, दिनांक 01.01.2026 से 30.04.2026 तक खोले गये एच.एस. (History Sheeters) का विवरण। इसी तरह गुण्डा एक्टः गुण्डा एक्ट वादों के विचारण की स्थिति एवं जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही, गैंगस्टर एक्टः उ.प्र. गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत की गई कार्यवाही एवं अपराधियों की सम्पत्ति जब्तीकरण का विवरण, पंजीकृत कराये गये गैंगों का संख्यात्मक विवरण, दिनांक 30.04.2026 तक पंजीकृत अवैध धर्मान्तरण के मामलों की समीक्षा। आगे इसी क्रम में भादवि (IPC/BNS), महिला सम्बन्धी अपराध और एससी/एसटी अधिनियम के दो वर्षीय तुलनात्मक आंकड़े,सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों (लूट, चोरी) में की गई बरामदगी का विवरण, मादक पदार्थो (NDPS) एवं आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत की गई बड़ी बरामदगी एवं अभियुक्तों पर कार्यवाही, गोवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम के अन्तर्गत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही।इसी तरह अनावरण हेतु शेष हत्या, लूट, नकबजनी एवं वाहन चोरी के अभियोगों की समीक्षा, एस.आर.ओ. केस (हत्या, दहेज मृत्यु, बलात्कार, डकैती आदि) के लम्बित अभियोगों का वर्तमान स्टेटस। बैठक के अंत में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पारदर्शी पुलिसिंग जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।अपराध नियंत्रणः चिन्हित अपराधियों और माफियाओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जाए।गुणवत्तापूर्ण विवेचनाः लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

# सोनभद्रःनिजी अस्पताल में महिला की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जनपद के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित सहारा हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर में भर्ती 27 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के बाद अस्पताल परिसर में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही तथा गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार केकराही क्षेत्र के बसवान गांव निवासी रुक्मिणी पटेल (27), पत्नी जितेंद्र पटेल, को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने पर परिजन निजी अस्पताल सहारा हॉस्पिटल में भर्ती कराए थे। पति जितेंद्र पटेल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती के समय उनकी पत्नी सामान्य रूप से बात कर रही थी और उसे पेट दर्द के अलावा कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। आरोप है कि ईलाज के नाम पर सिर्फ पानी में दवा घोलकर चढ़ाई जाती रही, लेकिन हालत बिगड़ने पर भी न तो कोई विशेष उपचार किया गया और न ही किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर किया गया। परिजनों का कहना है कि रात में अचानक महिला की हालत खराब होने लगी। जब डॉक्टर को बुलाने की कोशिश की गई तो अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। आरोप है कि इलाज के दौरान महिला को गलत इंजेक्शन लगाया गया, जिसके बाद उसकी तबीयत और बिगड़ गई। सुबह करीब छह बजे अस्पताल कर्मचारी मरीज को आईसीयू में लेकर गए, जहां उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद अस्पताल स्टाफ के मौके से हट जाने की बात भी सामने आई है, जिससे परिजनों का आक्रोश और बढ़ गया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतका अपने पीछे तीन छोटी बच्चियों को छोड़ गई है, जिनमें एक पांच महीने की दुग्धमुंही बच्ची भी शामिल है। मां की मौत के बाद बच्चियों का रो-रोकर बुरा हाल है, आपका परिजनों के सामने बच्चियों के लालन-पालन की समस्या उत्पन्न हो गई है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और न्याय की मांग की है। वहीं अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि मरीज की हालत पहले सामान्य थी और उसका इलाज किया जा रहा था। कर्मचारियों के अनुसार परिजनों द्वारा पानी पिलाने के दौरान पानी फेफड़ों में चला गया, जिससे स्थिति गंभीर हो गई। अस्पताल पक्ष का यह भी कहना है कि मरीज का अल्ट्रासाउंड होना बाकी था और उसे निगरानी में रखा गया था। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भू-माफियाओं ने फर्जी दस्तावेजों से हड़पी जमीन विरोध करने पर परिवार को दी जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तालाबपुरा मोहल्ले में जमीन की धोखाधड़ी और जानलेवा धमकी का एक बड़ा मामला सामने आया है। दबंगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक परिवार की पैतृक भूमि को अवैध रूप से बेच दिया और कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित परिवार को हथियारों के बल पर धमकाया। पुलिस ने 17 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**साजिश रचकर बेची करोड़ों की जमीन**

तालाबपुरा निवासी शिकायतकर्ता पुष्पेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि उनकी आराजी नंबर 3147 (रकवा 2.82 एकड़) के वह और उनका परिवार वैध मालिक हैं। आरोप है कि क्षेत्र के भू-माफिया मुलायम सिंह, शनि उर्फ अजय और बॉबी यादव ने एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत इस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन लोगों ने यह जानते हुए भी कि जमीन उनकी नहीं है, इसे अन्य कई लोगों (कृपाल सिंह, राजेश, अनिल, सुनील आदि) को बेच दिया और स्टाम्प पेपर पर अवैध कब्जा कराने की कोशिश की।

**घातक हथियारों के साथ हमला और धमकी**

घटना का पता तब चला जब सोमवार, 4 मई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे पीड़ित पक्ष अपनी जमीन पर पहुंचा। वहां अवैध कब्जा कर रहे लोगों को जब रोका गया, तो वह उग्र हो गए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित परिवार पर घातक हथियारों से हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। दबंगों ने यह भी धमकी दी कि यदि उन्हें रोका गया तो वह परिवार को बलात्कार और छेडख़ानी जैसे झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवा देंगे।

**इन पर दर्ज हुआ मुकदमा**

पुलिस ने पुष्पेन्द्र कुमार जैन की तहरीर पर मुख्य आरोपी मुलायम सिंह, शनि उर्फ अजय, बॉबी यादव, रंधीर उर्फ पप्पू, बहोरन सिंह, कृपाल सिंह, राजेश, अनिल यादव, सुनील यादव, उमा, बृजेश, आकाश सेन, मीना, सौरभ जैन, मयंक जोशी, भारती यादव, किरन और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस धारा 318(4), 61(2), 336(3), 340(2), 352, 131, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# वरिष्ठ नागरिकों को जल्द जल्द मीटिंग हॉल उपलब्ध कराया जाए : गंधर्व सिंह लोधी

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कचहरी प्रांगण में स्थित श्री 1008 हनुमान मंदिर परिसर में पं.प्रताप नारायण दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बारी-बारी से सभी वरिष्ठजनों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार एवं सुझाव रखे। महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि 2 साल से ज्यादा हो गए हैं अभी तक समिति को प्रशासन द्वारा हाल उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने जल्द ही समिति के सभी सदस्यों के साथ मिलकर जिलाधिकारी से मिलने के लिए सभी को एकमत किया। अन्य वरिष्ठजनों ने भी अपने-अपने विचार के माध्यम से वरिष्ठ जनों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में वरिष्ठ जनों द्वारा जो जो भी सुझाव एवं विचार आए हुए हैं उनको जल्द से जल्द अगली बैठक से पहले निस्तारित किया जाएगा एवं समिति जल्द से जल्द नवीन हॉल के लिए जिलाधिकारी से एक शिष्टाचार भेंट करेगी। बैठक में हंसराज सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, अशोक स्वर्णकार, डा.राजेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद कुमार संज्ञा, जगदीश प्रसाद पाराशर, प्रमोद गोस्वामी, डा.एस.पी.पाठक, प्रीतमलाल विश्वकर्मा, आत्माराम रिछारिया, अनिल कुमार रावत, अरुण कुमार बबेले, प्रकाश नारायण देवलिया, रमेश पाठक रविंद्र, शिखरचंद्र जैन मिर्चवारा, राजाराम गोस्वामी, मनजीत सिंह सलूजा, शिवशंकर पाठक, सुरेश कुमार तिवारी, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी, गिरजाशंकर दुबे, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी आदि उपस्थित रहे।

# जनपद के समग्र विकास हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न, प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश**– मुख्यमंत्री , उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं उनके प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में जनपद एवं विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से मार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण, सेतुओं के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य, क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पुलों के विशेष मरम्मत कार्य तथा आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधिगण द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों के विकास, जर्जर पुलों के पुनर्निर्माण, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों की स्थापना तथा खराब हो चुके मार्गों के त्वरित मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए उनकी उपयोगिता एवं आवश्यकता के आधार पर सुदृढ़ एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने अधिकशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, अधिकशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, अधिकशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 तथा अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावों का स्थलीय निरीक्षण कर प्राथमिकता तय करें तथा समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें। बैठक में निर्देश किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति प्रदान करें तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने दें। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप ही निर्माण एवं मरम्मत कार्य संपन्न कराए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि कार्यों में विलंब अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि जनपद के समग्र विकास के लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारना सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा एवं सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराया जा सके।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस जाँच में जुटि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र**– नगर क्षेत्र के अग्रवाल मार्केट स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप बुधवार को सुबह एक कुएं में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायरबिग्रेड और स्थानीय लोगो के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया । मामले की जाँच पुलिस गहनता से शुरू कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्रवाल मार्केट में स्थित सत्यदेव पाण्डेय के कुएं से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों को शक हुआ। जब लोगों ने कुएं के अंदर देखा तो एक व्यक्ति का शव कुएँ मे दिखाई दिया। इसके बाद तत्काल लोगो द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया गया। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच है। शव पूरी तरह सड़-गल चुका है जिसके कारण उसकी पहचान करने मे मुश्किल हो रही है। मृतक पैंट-शर्ट पहने हुए था। पुलिस को शव की तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जिसके आधार पर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं ब्याप्त हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस आसपास के थानों और गुमशुदगी के मामलों की भी जांच कर रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके। घटना के बाद इलाके में दहशत और कौतूहल का माहौल बना हुआ है। समाचार लिखें जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**● 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, आमजन से अधिकाधिक भागीदारी की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार-वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रचार-वाहन 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को लोक अदालत के लाभों और त्वरित न्याय व्यवस्था की जानकारी देगा। इस दौरान सचिव देवप्रिय सारस्वत ने मीडिया के माध्यम से जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण कराएं और इस व्यवस्था का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नन्दप्रताप ओझा, एडीजे (एस.सी./एस.टी. एक्ट) विकास कुमार, एडीजे (डकैती) सुनील सिंह, एडीजे (पॉक्सो एक्ट) नवनीत कुमार भारती, एडीजे (ई.सी. एक्ट) नीरज कुमार महाजन, स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सरिता वाधवानी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल सहित न्यायिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पराविधिक स्वयंसेवक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 को जनपद न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# तपती गर्मी में पक्षियों के लिए फरिश्ता बना तखत ग्रुप

**●चौथे दिन भी घर-घर पहुंचकर बांटे जलपात्र, लोगों को जीव संरक्षण का दिया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा जलपात्र वितरण अभियान लगातार जनसमर्थन हासिल कर रहा है। अभियान के चौथे दिन ग्रुप सदस्यों ने शहर के चौकाबाग मोहल्ले में पहुंचकर घर-घर ढाई सौ से अधिक जलपात्र वितरित किए और लोगों को पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान ग्रुप सदस्यों ने गलियों में घूम-घूमकर आमजन से अपील की कि बढ़ते तापमान में पक्षियों को पानी और दाना उपलब्ध कराना मानवता और जीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल को लेकर मोहल्लेवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने अपने घरों की छतों, आंगन और बालकनी में जलपात्र रखने का संकल्प लिया। तखत सदस्यों ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण बड़ी संख्या में पक्षियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर इन बेजुबान जीवों की मदद करनी चाहिए। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग भी इस मुहिम से जुड़ते नजर आए। ग्रुप की इस अनूठी पहल की शहरभर में सराहना हो रही है और आमजन भी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। तखत ग्रुप ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर पक्षियों के संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान मज्जू सोनी, आशीष चौबे, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, विद्या मालवीय, अशोक अनौरा, राजेश दुबे, रिंकू बबेले, मिन्टू सिंघई, अभय जैन, सुदामा मिश्रा, मकरंद किलेदार विक्की, राजीव चौबे बुढ़वार, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, अमित तिवारी, जितेन्द्र गोस्वामी गप्पू, सोमू समैया, सुमेर जैन, विजय शर्मा कुक्कन, पप्पू पटवा, राजीव शर्मा, बृजेश जैन बलची, बृजेश लाला, मनीष पटाखा, जगदीश सोनी, अमित लखेरा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नूंह के एक्सीडेंट में मृत पुलिस अधिकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**कानपुर।** दिनांक 5.05.2026 को हरियाणा के नूंह जिले में केएमपी एक्सप्रेस वे पर मार्ग दुर्घटना में शहीद हुये पुलिस कर्मियों 1-उ0नि0 सत्यभान 2- उ0नि0 मोहित कुमार यादव 3- आरक्षी प्रदीप कुमार 4- आरक्षी अशोक कुमार का पार्थिव शरीर जनपद जालौन पहुँचने पर आलोक सिंह, पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारी/कर्मचारीणों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक सलामी दी गई तथा उनके पार्थिव शरीर को कांधा देकर नम आंखों से अंतिम विदाई देकर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके गृह जनपद रवाना किया गया। आलोक सिंह, पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को पुलिस परिवार की ओर से शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुये सभी प्रकार की विभागीय मदद दिलानें हेतु आश्वस्त किया गया।

### एनआरआई सिटी से शुरू हुआ जनगणना जागरूकता अभियान, बच्चों ने निकाली रैली

**लोगों को बताई गई स्वगणना की प्रक्रिया, घर-घर पहुंचाया जा रहा जनगणना का संदेश**




**कानपुर।** जनगणना 2027 को लेकर तहसील सदर क्षेत्र में बुधवार को जागरूकता अभियान की शुरुआत मैनावती मार्ग स्थित एनआरआई सिटी से की गई। यहां आयोजित जनगणना जागरूकता शिविर में स्थानीय नागरिकों को जनगणना के महत्व और स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर उन्हें ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में नागरिकों को बताया गया कि 7 मई से 21 मई तक लोग स्वयं स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन, परिवार का विवरण भरने और एसई आईडी प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया भी समझाई गई। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र में भी जनजागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत कटरी ख्योरा के प्राथमिक विद्यालय बनियापुरवा में छात्र-छात्राओं ने जनगणना जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने गांव की गलियों में भ्रमण कर लोगों को जनगणना में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। तहसीलदार सदर विनय द्विवेदी ने बताया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग स्वगणना की सुविधा का उपयोग करें, जिससे सही और तेजी से आंकड़े संकलित किए जा सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना में सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### कानपुर में सपा से टिकट पाने के लिए उठापटक शुरू

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उठापटक शुरू हो चुकी है। चुनाव लड़ने के आकांक्षी नेताओं ने कमर मैदान में उतरने के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी में भी चुनावी टिकट के लिए जोरआजमाइश अभी से होने लगी है। अखिलेश यादव ने पार्टी के टिकटार्थियों के लिए एक नियम 'पद या टिकट' बना दिया है जिसके चलते उम्मीदवारी की आस लगाए बैठे नेताओं के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। हालांकि कानपुर के समाजवादी पार्टी के नेता मुनींद्र शुक्ला असमंजस में नहीं हैं। उन्होंने बिठूर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। पिछले महीने के पहले सप्ताह में लखनऊ में समाजवादी पार्टी की एक बैठक हुई थी। इस बैठक में सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साफ कर दिया था कि पार्टी के जिलाध्यक्ष न तो किसी से विधानसभा चुनाव का टिकट दिलाने का वादा करें, न ही खुद को उम्मीदवार बनाए जाने के लिए जुगत लगाएं।

## जनता दर्शन में पहुंची 'गुल्लक लूट' की फरियाद, बच्ची की कहानी सुन भावुक हुए डीएम


**● रोज सिक्के जोड़ती थी इस्वा, स्कूल बैग-किताब खरीदने के लिए जोड़ती थी पैसे छोटी-छोटी बचत से भर रही थी मिट्टी की गुल्लक, डीएम ने बच्चियों को लौटाई मुस्कान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कलेक्ट्रेट में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में उस समय माहौल भावुक हो गया, जब एक 11 वर्षीय बच्ची अपनी मां का हाथ पकड़कर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के सामने पहुंची। जाजमऊ क्षेत्र निवासी शन्नो अपनी बेटियों इस्वा खां और मरियम फातिमा के साथ आई थीं। मां की शिकायत घरेलू विवाद से जुड़ी थी, लेकिन बातचीत के दौरान जो बात सबसे ज्यादा दिल को छू गई, वह थी छोटी बच्ची की मिट्टी की गुल्लक। शन्नो ने बताया कि उनकी बेटी इस्वा लंबे समय से अपनी मिट्टी की गुल्लक में पैसे जमा कर रही थी। कभी रिश्तेदारों से मिले रुपये, कभी बचा हुआ जेब खर्च और कभी घर में मिले सिक्के, वह चुपचाप अपनी गुल्लक में डाल देती थी। बच्ची को उम्मीद थी कि गुल्लक भरने के बाद वह अपने लिए स्कूल बैग या कुछ अन्य उपयोगी सामान खरीदेगी। लेकिन पारिवारिक विवाद के बीच उसकी वही मिट्टी की गुल्लक भी खाली हो गई। महिला ने आरोप लगाया कि घरेलू सामान के साथ बच्ची की गुल्लक फोड़कर उससे भी रुपये निकाल लिए गए। जिलाधिकारी ने दोनों बच्चियों को अपने पास बुलाया। कुछ देर उनसे बातचीत की और फिर उन्हें नया मिट्टी का गुल्लक तथा स्कूल बैग भेंट किए। इतना ही नहीं, उन्होंने बच्चियों के हाथों से नए गुल्लक में स्वयं 1000 रुपये भी डलवाए। जैसे ही बच्चियों के हाथ में नया गुल्लक और बैग आया, उनके चेहरे खिल उठे। कुछ देर पहले तक सहमी दिख रही इस्वा अब मुस्कुरा रही थी। डीएम ने बच्चियों को पैसे बचाने की सलाह भी दी।

## हाईकोर्ट सख्तः ब्लॉक-8 पार्क में हो रहे निर्माण पर कोर्ट ने जताया आश्चर्य, पार्क को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गोविन्द नगर के ब्लॉक-8 स्थित सार्वजनिक पार्क में हुए अवैध निर्माण और मंदिर निर्माण के मामले में दाखिल जनहित याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि पार्क, खेल मैदान एवं सार्वजनिक खुली भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जा सकता और इन्हें केवल सार्वजनिक उपयोग हेतु सुरक्षित रखा जाना चाहिए। याचिकाकर्ता भाजपा नेता प्रकाश वीर आर्य की ओर से अधिवक्ता आदितेन्द्र सिंह एवं चंदन कुमार सिंह ने कोर्ट में पक्ष रखा। कोर्ट के समक्ष यह भी रखा गया कि नगर निगम द्वारा कुछ तोड़फोड़ की कार्रवाई किए जाने के बावजूद पार्क को अब तक मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया गया है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने ब्लॉक-8 पार्क में हुए अवैध निर्माण कार्यों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया और टिप्पणी की कि जिस भूमि को पार्क/खेल मैदान के रूप में चिन्हित किया गया हो, वहां आखिर किन परिस्थितियों में निर्माण कार्य कराया गया। कोर्ट ने कहा कि संबंधित अधिकारियों की यह वैधानिक जिम्मेदारी है कि पार्कों पर कोई अतिक्रमण न हो तथा अवैध कब्जे हटाकर उन्हें पुनः सार्वजनिक उपयोग हेतु बहाल किया जाए। इसी क्रम में भाजपा नेता एवं याचिकाकर्ता प्रकाश वीर आर्य ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन को लेकर जिलाधिकारी कानपुर नगर को विस्तृत प्रार्थना पत्र भी सौंपा है। पत्र में पार्क में अवैध रूप से कंक्रीट से निर्मित समस्त ढांचों व इंटरलॉकिंग को हटाकर पार्क को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने, पार्क में पुनः मूर्ति स्थापना एवं नए कब्जों पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषी अधिकारियों एवं भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही नगर निगम एवं केडीए अधिकारियों की भूमिका की जांच कर जवाबदेही तय करने की भी मांग उठाई गई है। माननीय न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति कुनाल रवि सिंह की खंडपीठ ने जिलाधिकारी कानपुर नगर को आदेश की प्रति नगर आयुक्त एवं केडीए उपाध्यक्ष को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नगर निगम/केडीए के अधीन चिन्हित पार्क एवं खुली भूमि का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए न हो। इस मामले को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो शहर के अन्य पार्क भी कब्जों की भेंट चढ़ सकते हैं।

## हनुमान मंदिर परिसर चिलबिला में हनुमत धाम यात्री निवास का हुआ लोकार्पण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला परिसर में स्थापित धर्मशाला के ऊपर एक हाल यात्रियों के निवास के लिए चिलबिला निवासी स्वश्रसजन लाल केडिया की स्मृति में उनके पुत्र ओमप्रकाश केडिया, श्री प्रकाश केडिया, सत्य प्रकाश केडिया के द्वारा बनवाया गया। जिसका लोकार्पण मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल उमरवैश्य व महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर हनुमान भक्तों को ठहरने के लिए सार्वजनिक किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए सत्य प्रकाश केडिया को अध्यक्ष रामगोपाल, महासचिव रोशनलाल ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर हनुमान जी महाराज की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मंदिर परिसर में हनुमत धाम का निर्माण कराकर सत्य प्रकाश केडिया जी ने अनोखी पहल की है। यहां पर ठहरने वाली तीर्थ यात्रियों को अब और भी सहूलियत मिलेगी। मंदिर समिति सभी भक्तों से अनुरोध करती है कि इस प्रकार सभी भक्त यहां पर हर सुविधा में अपना सहयोग दें। जिससे यहां पर रहने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो। इस अवसर पर बजरंग लाल, संतोष कुमार, सोनू महाराज, शनि महाराज, प्रमोद कुमार, देवानंद, छेदीलाल, सुनील अग्रवाल, बबलू सिंह, राजू उमरवैश्य, रामगोपाल, विनोद केसरवानी, श्याम बाबू, अमन गुप्ता, आदर्श कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर में संदीप यादव हत्याकांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के लोटन कोतवाली क्षेत्र के चर्चित संदीप यादव हत्याकांड में पुलिस ने वांछित चौथे आरोपी राममिलन को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयोग किया गया डंडा भी बरामद किया गया है। अब तक इस मामले में पुलिस ने कुल चार आरोपियों को गिरफ्तारी किया है। पुलिस ने वांछित अभियुक्त राममिलन पुत्र स्वर्गीय सुखलाल को भुसौला-अदाई मार्ग के पास से दबोचा। यह कार्रवाई थाना लोटन पुलिस और जनपदीय एसओजी टीम की संयुक्त टीम ने की है।गदहमरवा निवासी राममिलन और मृतक संदीप यादव के परिवार के बीच धरनिहवा-कुल्हुआ मार्ग की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में हुई मारपीट में संदीप यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल संदीप को इलाज के लिए लखनऊ ले जाया जा रहा था, जहां रास्ते में ही 29 अप्रैल को उनकी मौत हो गई। इसके बाद मामला हत्या में तब्दील हो गया। संदीप की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया था। लोटन चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया था। समय पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाया था। इस संबन्ध में थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि इस मामले तीन आरोपी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं।अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में अभी भी तनाव का माहौल बना हुआ है किन्तु नियंत्रण में है। पुलिस लगातार निगरानी कर रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र में अन्नपूर्णा भवन का होगा निर्माण : नितेश पाण्डेय



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर।नगर पंचायत कपिलवस्तु में नामित सभासद भाजपा नेता नितेश पाण्डेय ने बुधवार को नगर पंचायत कपिलवस्तु कार्यालय में अधिशासी अधिकारी नवीन सिंह से शिष्टाचार भेंट कर नगर पंचायत क्षेत्र में अन्नपूर्णा भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव दिया। साथ ही इस जनकल्याणकारी योजना के लिए उपयुक्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का भी आग्रह किया गया। जिस पर उन्होंने इसको लेकर जल्द से जल्द भूमि आवंटित कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया । नितेश पाण्डेय ने बताया कि यह पहल केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि राशन कार्ड धारकों की व्यवस्था और समाज में सेवा भाव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनहित से जुड़े अन्य योजनाओं के सापेक्ष महत्वपूर्ण चर्चा भी की। जल्द ही उक्त योजना को लेकर एक सकारात्मक पहल देखने को मिलेगी, जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सकेगा।

## मांगे पूरी होने तक एचएमकेपी जारी रखेगी मजदूर किसानों के अधिकारों की लड़ाई .राष्ट्रीय अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल0 कलप्पा ने इस साल के मनाए गए मई दिवस को निरर्थक बताते हुए कहा है कि जब तक श्रमिकों और मजदूरों के हितों से संबंधित सारी मांगे पूरी ना हो जाएं। उनके हित होने की शुरुआत ना हो जाए। तब तक मई दिवस के स्थान पर हर साल काला दिवस ही मनाया जाना चाहिए। अवगत कराते चलें कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल0 कलप्पा ने इस साल के बीते मई दिवस को भी काला दिवस के रूप में मनाने की अपील सभी ट्रेड यूनियनों से की थी। इस बीच श्रमिकों, मजदूरों और कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्ष कर रहे हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने व्यक्तव्य जारी करते हुए कहा है कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल कलप्पा ने कहा है कि मई दिवस शुरुआत 1886 में शिकागो में श्रमिक द्वारा 08 घण्टे के कार्य दिवस की मांग को लेकर एतिहासिक संघर्ष से हुई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष एल0 कलप्पा के मुताबिक एकता, प्रतिरोध और श्रमिकों द्वारा बड़ी मुश्किल से हासिल किये गये अधिकारों का प्रतीक है। हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा के माध्यम से राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने मई श्रम संघिताओं के तहत श्रमिको के विधानिक अधिकारों का हनन। बढ़ती नौकरी की असुरक्षा ठेका आधारित रोजगार व बेरोजगारी। सामुहिक सौदेबाजी और ट्रेडयूनियन आजादी पर हमला। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो का निजीकरण व विनिवेश। श्रमिक विरोधी, किसान विरोधी और कारपेंपोरेट समर्थक नीतिगत दिशाएं जैसे मुद्दों की भी चर्चा करते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत की ओर से कड़ा विरोध भी दर्ज कराया। श्रमिकों के अधिकारों, सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने के अपने संकल्प को तुरन्त दोहराये। राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा ने सभी केन्द्रीय संगठनों व लोक तात्रिक ताकतों से इस मई दिवस को काला दिवस के रूप में मनाने का आवाहन इसीलिए किया था क्योंकि मई दिवस केवल एक उत्सव नहीं है बल्कि न्याय के लिए संघर्ष जारी रखने का दृढ संकल्प का भी दिन है। हिंद मजदूर किसान पंचायत का जिसके खिलाफ संघर्ष तब तक जारी रहेगा ,जब तक मजदूर श्रमिकों और कर्मचारियों के हितों से जुड़ी सभी मांगे पूर्ण रूप से मानते हुए उन्हें अमलीजामा नहीं पहना दिया जाएगा।

## बरातियों की वैन से भिड़ा डंपर, फिर एक के बाद एक टकराई छह गाड़ियां,16, घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर सागर हाइवे पर स्थित पतारा कस्बे में बुधवार रात करीब दो बजे ईको वैन और डंपर की भिड़ंत के बाद एक के बाद एक छह गाड़ियां आपस में टकरा गई,, मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को निकाल कर पतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,, यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है,, हादसे में हाइवे पर लगभग 20 किलोमीटर लंबा जाम लग गया,, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करा कर यातायात बहाल कराया,पतारा कस्बे में बारातियों से भरी ईको वैन तिलसडा मोड़ पर मुड़ते ही बंद हो गई,इस दौरान घाटमपुर की ओर से आ रहे डंपर ने ईको वैन में टक्कर मार दी, इसके बाद एक के बाद एक छह गाड़ियां आपस में टकरा गई,, हादसे में गाड़ियों में सवार 16 लोग घायल हो गए, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस व एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम ने घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाल कर पतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,, यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में 16 घायलों में 13 लोगों को कानपुर रेफर कर दिया,इस दौरान कानपुर सागर हाइवे पर 20 किलोमीटर लंबा जाम लग गया,, पुलिस ने एनएचएआई की क्रेन और जेसीबी की मदद से हाइवे पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को लगभग तीन घंटे में किनारे करवा कर हाइवे पर यातायात बहाल कराया है,इस दौरान घाटमपुर चौराहे से कानपुर की ओर रमईपुर चौराहे से रूट डायवर्ट करके हाइवे पर यातायात बहाल कराया है,, वहीं सड़क हादसे में वैन में फंसे घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान पतारा चौकी प्रभारी ललित शर्मा के हाथ में वैन की चादर से चोट लग गई है,, घायल हुए व्यक्तिओं में आशीष 20 वर्ष पुत्र राजेश शर्मा निवासी भोगनीपुर, कानपुर देहात,,रूद्र कुमार 30 वर्ष निवासी सनाथ खेड़ा, मूसानगर कानपुर देहात,प्राशु शुक्ला 20 वर्ष पुत्र हरिओम सागर निवासी मूसानगर, घाटमपुर के मूसेपुर निवासी प्रदीप 40 वर्ष मोहित 40 वर्ष राजेश 42 वर्ष, रायबहादुर,अजय कुमार, मनोज कुमार,45 वर्ष,, जयराम 50 वर्ष अकबरपुर, खुशीराम निवासी कोरों,को कानपुर रेफर कर दिया गया है,, वहीं सर्वेश कुमार मूसानगर, सलमान निवासी बाराबंकी भी घायल हो गए हैं , कुछ घायल निजी अस्पताल चलें गए हैं।

## कुएं में गिरने से युवक की मौत, आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे तिला भगत पुरवा मंगापुर में कुएं में गिरने से युवक की मौत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। वहीं बुधवार को पीएम के बाद शव घर पहुंचा तब परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर लिखे जाने तक अंतिम संस्कार से मनाही कर दी। इस पर पुलिस सकते में आ गयी। हालांकि उदयपुर पुलिस द्वारा एफआईआर की नकल परिजनों को देने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार हो गया। गांव के नन्हेंलाल वर्मा का पुत्र सुरेन्द्र वर्मा 35 बीती पांच मई को शाम ईरिक्शा लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में उसका ईरिक्शा राजू चिकवा के पुत्र अनारूल की बाइक से टकरा गया। वहां दोनों पक्षो में कुछ विवाद हुआ तब लोगों ने समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। इधर घटना के थोड़ी देर बाद आरोपी अनारूल चार-पांच लोगों के साथ मृतक के घर पहुंच गया। वहां भी दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि मृतक सुरेन्द्र के साथ विपक्षियों ने मारपीट शुरू कर दी तब वह जान बचाने के लिए घर के पास स्थित एक कुएं में कूद गया और उसकी जान चली गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को मंगलवार की देर रात पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक अपने पीछे पत्नी किरण तथा दो बेटों व एक दस वर्षीया बेटी को निराश्रित छोड़ गया है। घटना को लेकर मृतक के भाई वीरेन्द्र वर्मा पुत्र नन्हेंलाल वर्मा ने उदयपुर पुलिस को दी गई।तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अनारूल समेत चार से पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी के साथ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।बुधवार को दोपहर बाद मृतक का शव घर पहुंचा तब परिजन विलाप करने लगे। परिजनों ने आरोपियो के खिलाफ एफआईआर लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इस पर कुछ ही देर में थाने के द्वारा परिजनों को एफआईआर की नकल सौंपी गयी। इसके बाद परिजनों ने गांव में ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

## सिद्धार्थनगर में बारात जा रहे बाइक सवार ने वृद्ध को रौदा, इलाज के दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरी गांव में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, धनोहरी गांव निवासी कैलाश नाथ (70) मंगलवार की रात करीब 9 बजे घर से निकले थे। इसी दौरान गेडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के दिलावलपुर गांव निवासी दुर्गेश कुमार अपनी टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल से चौखड़ा बारात जा रहा था। तेज रफ्तार बाइक ने कैलाश नाथ को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रात करीब 12 बजे उनकी मौत हो गई। बुधवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी कार्यवाहक थानाध्यक्ष डुमरियागंज सत्यदेव ने बताया कि घटना की जानकारी है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की मौत, आत्महत्या को उकसाने को लेकर केस हुआ दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रताड़ना से जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत को लेकर पुलिस ने आरोपिता पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सारीपुर, श्रीरामपुर निवासी रामू वर्मा 31 पुत्र माता प्रसाद अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ही मधुकरपुर गांव बीती पांच मई की शाम को गया था। इस बीच मृतक की ससुराल से घर पर फोन आया कि उसकी तबीयत खराब हो गयी है। इस पर मृतक की मां ने बेटी से भाई के बीमार होने की बात बतायी। बेटी ने हाल चाल जानने के लिए मृतक की पत्नी उषा देवी को फोन किया तब उसने बताया कि बीमारी अवस्था में रामू का इलाज कराने लालगंज के लिए निकले है। इस बीच मृतक की मां कौशिल्या देवी परिजनों के साथ लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंच गयी। वहां पुत्र को मृत अवस्था में देख वह स्तब्ध रह गयी। इस बीच मृतक के ससुरालीजन अस्पताल से भाग निकले। तहरीर में मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बहू उषा देवी का दिल्ली शहर में किसी लड़के से अवैध सम्बन्ध था। इसके कारण आये दिन बहू उसके बेटे को प्रताड़ित करती थी। घटना के एक दिन पहले भी मृतक को पत्नी द्वारा प्रताड़ित किये जाने की बात तहरीर में कही गयी है। वहीं तहरीर में कहा गया है कि मृतक की पत्नी ने जरिए फोन अपने पति को घर बुलवाया और जमकर प्रताड़ित किया। प्रताड़ना के चलते उसके बेटे ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपिता उषा के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक तीन बच्चों का पिता था। इधर सूचना पर पुलिस ने शव को मंगलवार की देर रात पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। पीएम के बाद शव दोपहर घर पहुंचा तब कोहराम मच गया।प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जज अमन शर्मा आत्महत्या केस की उच्च स्तरीय जांच की मांग, पत्नी को लेकर भी की गई अपील



**दिल्ली।** फर्स्ट जेनरेशन लॉयर्स एसोसिएशन ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को पत्र लिखकर न्यायिक अधिकारी अमन शर्मा की आत्महत्या की घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पत्र में कहा गया कि घटना से संबंधित आरोपों की निष्पक्ष, तटस्थ और समयबद्ध जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए, ताकि ऐसे संवेदनशील मामलों से निपटने में एक मिसाल कायम हो सके।

**जज अमन की पत्नी को न्यायिक कार्यों से दूर रखने की मांग**

यह भी कहा है कि जांच लंबित रहने के दौरान, संस्था की गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने के हित में अमन की पत्नी स्वाति को न्यायिक कार्यों से दूर रखा जाए। पत्र में मांग कि गई है कि न्यायिक अधिकारियों के तनावपूर्ण कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए, उनके मानसिक स्वास्थ्य का समय-समय पर आकलन करने के लिए योग्य मनोचिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों से युक्त एक चिकित्सा बोर्ड के गठन के लिए निर्देश जारी किए जाएं।

### जंगल में मिला 9वीं के छात्र का शव, गला घोंटकर की हत्या; 2 दिन पहले हुआ था झगड़ा



**दिल्ली।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित भाटी माइंस के जंगल में बुधवार सुबह 14 वर्षीय छात्र का शव मिलने से सनसनी मच गई। मृतक भाटी माइंस का ही रहने वाला और नौवीं कक्षा का छात्र बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच के मुताबिक गला घोंटकर हत्या की बात सामने आ रही है। वहीं, स्वजन का आरोप है कि भाटी माइंस के ही कुछ बच्चों के साथ दो दिन पहले उसका झगड़ा हुआ था। पुलिस स्वजन के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### चंपावत में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्मः धारदार हथियार के बल पर आरोपियों ने की दरिंदगी

चंपावत के सल्ली क्षेत्र हथियारों के बल पर 16 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। क्षेत्र के ही तीन लोगों पर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप लगे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल पर जाकर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन भी किए। बुधवार को चंपावत कोतवाली में एक पिता ने तहरीर देकर तीन लोगों पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। तहरीर में पिता ने बताया है वह एक बीमार व्यक्ति हैं। उनका इलाज कराने के लिए उनकी बेटी उन्हें गांव से चंपावत लाई थी। बताया कि पांच मई 2026 को उनकी नाबालिग बेटी शाम को घर वापस नहीं लौटी। मैंने फोन में पूछा तो उसने बताया लगभग दोपहर 2:30 बजे युवक विनोद सिंह रावत उसे शादी में सल्ली ले गया है। जो उससे पिछले कुछ समय से बात करता था। तहरीर में पिता ने बताया जब देर रात तक उनकी बेटी घर वापस नहीं लौटी तो उनके बेटी को कॉल किया गया लेकिन उसका फोन नहीं लगा। देर रात 1:28 पर उनकी बेटी ने उन्हें कॉल की इसके तुरंत बाद उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा। बताया कि स्थानीय लोगों और पुलिस की खोज बीन के बाद सुबह 4:00 बजे उनकी नाबालिग बेटी एक कमरे डेयरी में बंधी हुई और नग्न अवस्था में मिली। पूछताछ में उनकी बेटी ने बताया सल्ली निवासी तीन लोगों ने उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में बताया कि आरोपियों ने धारदार हथियार चाकू और बसुला उनकी बेटी के गले में रखकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद तीनों आरोपियों ने उनकी नाबालिग बेटी को रस्सी से बांध कर नग्न अवस्था में कमरे में ताला लगाकर बंद कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पूरन सिंह रावत, विनोद सिंह रावत, नवीन सिंह रावत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2) (दुष्कर्म), 127(2), 351(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# अमेरिकी में चीन के 'साइलेंट किलर' की एंट्री, एशियन नीडल एंट ने मचाया आतंक

**● 20 राज्यों में अलर्ट जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** अमेरिका में चीन से आई एक खतरनाक चींटी तेजी से फैल रही है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। 'एशियन नीडल एंट' नाम की यह छोटी, गहरे भूरे से काले रंग की चींटी अब अमेरिका के कम से कम 20 राज्यों में पाई जा चुकी है। इन राज्यों में फ्लोरिडा, जॉर्जिया, टेक्सास, न्यूयॉर्क, पेंसिल्वेनिया के अलावा मैसाचुसेट्स और विस्कॉन्सिन जैसे उत्तरी इलाके भी शामिल हैं। हालांकि यह चींटी अमेरिका में 90 साल पहले भी पाई गई थी, लेकिन हाल के वर्षों में इसकी संख्या तेजी से बढ़ी है। यह चींटी आम चींटियों की तरह दिखाई देने वाले टीले (एंथिल) नहीं बनाती, बल्कि पत्तों के ढेर, सड़े हुए लकड़ी के टुकड़ों और जंगलों में छिपकर रहती है, जिससे लोगों का इसके संपर्क में आना आसान हो जाता है।

**डंक से तेज दर्द, एलर्जी वालों के लिए खतरनाक**

इस चींटी का डंक काफी दर्दनाक होता है, जो कई घंटों तक आता-जाता रह सकता है। कुछ मामलों में दर्द डंक वाली जगह से आगे भी फैल जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, जिन लोगों को एलर्जी होती है, उनमें इसका डंक 'एनाफिलेक्सिस' जैसी गंभीर और जानलेवा प्रतिक्रिया भी पैदा कर सकता है। इसकी सूई जैसी डंक कपड़ों को भी भेद सकती है। हांगकांग विश्वविद्यालय के कीट वैज्ञानिक बेनोइट गुएनार्ड ने कहा कि इसका डंक ऐसा लगता है जैसे किसी ने सीधे शरीर में सुई चुभा दी हो।

**आक्रामक नहीं, फिर भी सावधानी जरूरी**

विशेषज्ञों का कहना है कि यह चींटी स्वभाव से आक्रामक नहीं होती और तभी काटती है जब उसे खतरा महसूस होता है। यह फायर एंट्स की तरह बड़े स्तर पर खतरा नहीं है, लेकिन फिर भी सावधानी जरूरी है। अमेरिकी कृषि विभाग ने सलाह दी है कि बाहर काम करने वाले लोग दस्ताने पहनें और अगर ऐसी चींटी दिखे तो सावधानी से दूरी बना लें। विभाग का कहना है कि अन्य विदेशी प्रजातियों की तरह यह चींटी अब अमेरिका में स्थायी रूप से बस चुकी है।

## केएल राहुल ने अभिषेक से छीनी ऑरेंज कैप

**● संजू सैमसन ने टॉप-5 में धमाकेदार एंट्री**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले में संजू सैमसन की नाबाद 87 रनों की मैच जिताऊ पारी ने न सिर्फ चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ की रेस में बनाए रखा है, बल्कि ऑरेंज कैप की रेस भी और रोमांचक कर दी है। इस पारी के दम पर सैमसन अब आईपीएल 2026 के टॉप-5 स्कोरर्स की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। वहीं, अभिषेक शर्मा के सिर से केएल राहुल ने ऑरेंज कैप छीन ली है। अब ऑरेंज कैप पर केएल राहुल का कब्जा है।

**IPL 2026 Orange Cap पर किसका कब्जा?**

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच से पहले संजू सैमसन ऑरेंज कैप की लिस्ट में थोड़े पीछे थे, लेकिन 52 गेंदों में 7 चौकों और 6 छक्कों की मदद से खेली गई उनकी पारी ने उन्हें 400 रनों का आंकड़ा पार करा दिया है। सैमसन अब 10 मैचों में 402 रनों के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सीजन में वह अब तक दो शतक भी जड़ चुके हैं।

वहीं, दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर केएल राहुल अभी भी 445 रनों के साथ शीर्ष पर काबिज हैं। उनके ठीक पीछे सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन की जोड़ी बनी हुई है।

**CSK की प्लेऑफ की उम्मीदें बढ़ीं**

सैमसन और कार्तिक शर्मा (41*) के बीच हुई 114 रनों की नाबाद साझेदारी की बदौलत चेन्नई ने दिल्ली को 8 विकेट से हराकर सीजन की अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ छ्स्च अब अंक तालिका में 10 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। नेट रन-रेट में भी इस बड़ी जीत से काफी सुधार हुआ है, जो टूर्नामेंट के अंतिम चरण में निर्णायक साबित हो सकता है।

### अंधविश्वास की आड़ में दरिंदगी: दिल्ली HC ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मौलवी को जमानत देने से किया इनकार




**दिल्ली।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने मौलवी मोहम्मद मुबारक को जमानत देने से इन्कार कर दिया। लड़की को बुरी आत्माओं से छुटकारा दिलाने के बहाने उसके साथ दुष्कर्म करने का मौलवी पर आरोप है।

अदालत ने कहा कि आरोपित ने लड़की की कमजोर शारीरिक और मानसिक स्थिति के साथ उसके स्वजन के अंधविश्वास का गलत फायदा उठाया। पीठ ने कहा कि पीड़िता एक कम उम्र की बीमार लड़की थी और उसे व उसके परिवार को यह विश्वास दिलाया गया था कि आरोपित बुरी आत्माओं से उसे छुटकारा दिला देगा। जबकि आरोपित ने पीड़िता के भरोसे का गलत इस्तेमाल किया और इलाज के बहाने उसका शोषण किया।

### ओखला मंडी के पास फ्लैटेड फैक्ट्री में लगी भीषण आग, सात लोगों को सुरक्षित बचाया गया



**दिल्ली।** दिल्ली के ओखला सब्जी मंडी के पास स्थित फ्लैटेड फैक्ट्री में बुधवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तीन मंजिला इमारत की छत पर फंसे सात लोगों को फायर ब्रिगेड की टीम ने बचाकर सुरक्षित नीचे उतरा। दोपहर 1.00 बजे तक आग पर काबू पाने के लिए टीम प्रयास कर रही है। इमारत से अभी भी धुआं उठ रहा है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## दिल्ली में नाले से पशु अवशेष मिलने पर बढ़ा तनाव



**● हिंदू संगठनों ने गोवंश की हत्या का आरोप लगाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** सीलमपुर क्षेत्र में ब्रह्मपुरी पुलिया के पास नाले में पशु के अवशेष मिलने के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना फैलते ही बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और गोवंश की हत्या का आरोप लगाया। बड़ी संख्या में भीड़ जुटती देख पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। इलाके में भारी पुलिसबल तैनात कर दिया गया। कार्रवाई का अश्वासन मिलने के बाद कार्यकर्ता शांत होकर लौट गए।

**पहले भी मिले थे गोवंश के अवशेष**

ब्रह्मपुरी पुलिया के पास नाले में पशु अवशेष होने की सूचना कुछ लोगों ने पुलिस को दी। सूचना फैलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में लगातार गोवंश की हत्या की जा रही है। कुछ समय पहले भी गोवंश के अवशेष मिले थे। पुलिस ने क्रेन की मदद से नाले से अवशेषों को बाहर निकलवाया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया और आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कंगना रनौत की 'भारत भाग्य विधाता' की रिलीज डेट का ऐलान

**● बॉक्स ऑफिस पर होगी इन 3 फिल्मों से टक्कर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनौत एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं. उनकी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है. फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म का ऐलान कंगना ने पिछले साल किया था. अब ये बनकर रिलीज़ के लिए तैयार है. हालांकि बड़े पर्दे पर इस फिल्म के लिए राह आसान नहीं होने वाली. जिस दिन कंगना रनौत 'भारत भाग्य विधाता' को रिलीज़ कर रही हैं, उस दिन बॉलीवुड की तीन और फिल्में पर्दे पर आ रही हैं. मतलब 12 जून को तगड़े क्लैश के लिए तैयार हो जाइए। 'भारत भाग्य विधाता' का निर्माण कंगना रनौत की मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले ही हो रहा है. बुधवार को मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक पोस्टर जारी किया और साथ में लिखा, 'साधारण लोगों की असाधारण कहानी. उस रात की कहानी, जब मानवता डर से ऊपर खड़ी रही. जब जिम्मेदारी कुर्बानी बन गई. जब एकता कर्तव्य बन गई और हिम्मत ने जिंदगियां बचाई. भारत के असली हीरोज़ की अनकही कहानी। '

**क्या है 'भारत भाग्य विधाता' की कहानी?**

इस फिल्म को मनोज तपाड़िया ने लिखी है और उन्होंने ही इसका निर्देशन भी किया है. फिल्म में कंगना ने एक नर्स का रोल निभाया है. इसमें गिरिजा ओक, स्मिता तांबे, अमृता नामदेव, ईशा डे, प्रिया बेर्डे, आशा शेलार, सुहिता थट्टे, रसिका अघासे, आदित्य मिश्रा और जाहिद खान जैसे कलाकार नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी साल 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले के दौरान की है. उस दौरान आतंकियों ने कामा अस्पताल में फायरिंग की थी और कई गार्ड्स की हत्या कर दी थी. गोलियों की आवाज सुनकर स्टाफ ने अस्पताल के दरवाजे बंद कर लिए थे. कैसे उस हालात में अस्पताल के कर्मचारियों, नर्सों और डॉक्टरों ने हिम्मत दिखाई और स्थिती को संभाला यही फिल्म में दिखाया जाएगा।


**इन फिल्मों से टक्कर**

12 जून को 'भारत भाग्य विधाता' के अलावा बॉक्स ऑफिस पर मनोज बाजपेयी की गवर्नर, दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना स्टारर 'मैं वापस आऊंगा' और मिमोह चक्रवर्ती की टहॉन्टेड 3Dः इकोस ऑफ द पास्ट' जैसी फिल्में भी रिलीज़ होंगी. इससे साफ है कि अगले महीने 12 जून को बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों के बीच तगड़ा क्लैश देखने को मिलेगा।

# दिल्ली विधानसभा में कुमार विश्वास की रामकथा

**● 'अपने-अपने राम' आज, AAP नेताओं को निमंत्रण पर सियासी चर्चा तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा परिसर में आज कवि और वक्ता डा. कुमार विश्वास की संगीतमय रामकथा 'अपने-अपने राम' का आयोजन होने जा रहा है। देश की राजधानी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को झंकृत करने के लिए यह आयोजन हो रहा है।

उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों के पहुंचने की भी संभावना है। यह कार्यक्रम शाम 5:00 बजे से शुरू होगा, जिसके लिए विधानसभा परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस आयोजन ने शुरू होने से पहले ही दिल्ली की सियासत में उस समय हलचल शुरू कर दी है। जब कार्यक्रम के निमंत्रण होर्डिंग्स आम आदमी पार्टी के दफ्तर और आप के प्रमुख नेताओं के घरों के बाहर भी लगाए गए। जिन पर बड़े अक्षरों में लिखा गया कि आप' भी आमंत्रित हैं। राजनीतिक विश्लेषक इसे कुमार विश्वास द्वारा अपने पुराने सहयोगियों पर एक तीखे कटाक्ष के रूप में देख रहे हैं।

**पास के जरिए ही मिलेगी एंट्री**

डा. कुमार विश्वास अपनी विशिष्ट शैली में रामायण के प्रसंगों को आधुनिक जीवन के साथ जोड़कर प्रस्तुत करते हैं। संगीतमय प्रस्तुति के साथ भगवान राम के जीवन मूल्यों को युवाओं और राजनीतिज्ञों के लिए प्रासंगिक बनाकर पेश किया जाएगा। सुरक्षा और गरिमा को देखते हुए कार्यक्रम में प्रवेश केवल पास के जरिए ही दिया जाएगा। जो लोग परिसर में उपस्थित नहीं हो सकेंगे, उनके लिए दिल्ली विधानसभा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर इसका सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस आयोजन को मानवीय मूल्यों और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति एक प्रेरणा बताया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल कथा सुनाना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को भगवान राम के आदर्शों, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है।

### रायपुर की भगत सिंह कॉलोनी में नाले के किनारे शव मिलने से मचा हड़कंप

जांच में जुटी पुलिस



रायपुर की भगत सिंह कॉलोनी में नाले के किनारे एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कुछ देर पहले वह व्यक्ति इसी जगह घूम रहा था, इसके बाद अचानक इसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भेजा, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।अभी शिनाख्त नहीं पाई है। वहीं, मृतक की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष बताई जा रही है।

## NCR के यात्रियों की पहली पसंद बनी नमो भारत

**● हर दिन 1 लाख से ज्यादा लोग कर रहे सफर; अब 10 मिनट में मिलेगी ट्रेन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** दिल्ली- गाजियाबाद-मेरठ कारिडोर पर दौड़ने वाली ''नमो भारत'' ट्रेन ने क्षेत्रीय परिवहन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पूरे कारिडोर के चालू होने के कुछ ही माह के भीतर नमो भारत ने तीन करोड़ यात्रियों का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अनुसार, वर्तमान में हर दिन लगभग 90,000 से 1.14 लाख यात्री इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं। दो से तीन करोड़ का सफर तय करने में ट्रेन को पांच महीने से भी कम का समय लगा। यात्रियों की मांग को देखते हुए ट्रेनों के बीच का अंतराल भी 15 मिनट से घटाकर 10 मिनट कर दिया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नमो भारत की शुरुआत अक्टूबर 2023 में महज 17 किमी के खंड से हुई थी। समय के साथ इसके विस्तार से यात्रियों की संख्या भी बढ़ती गई। मई 2025 में एक करोड़ यात्रियों का आंकड़ा छुआ। दिसंबर 2025 में दो करोड़ यात्रियों का आंकड़ा पार कर लिया। मार्च 2026 में मेरठ मेट्रो के साथ पूरे कारिडोर के जुड़ने के बाद मासिक राइडरशिप 27 लाख तक पहुंच गई। वहीं दो दिन पहले यह आंकड़ा तीन करोड़ पार कर गया। अधिकारियों ने बताया कि आनंद विहार जैसे प्रमुख स्टेशनों को 'मल्टी-मॉडल हब' के रूप में विकसित करने से दिल्ली और एनसीआर के यात्रियों के लिए नमो भारत तक पहुंच आसान हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा, गति और आराम के कारण यह ट्रेन एनसीआर के यात्रियों की पहली पसंद बन चुकी है।

## हीटवेव से बचाव के लिए एक्शन मोड में रेखा सरकार

**● सीएम ने 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स को दिखाई हरी झंडी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दिल्ली में भीषण गर्मी और हीटवेव के कहर से निपटने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली सचिवालय से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'दिल्ली सचिवालय से भीषण गर्मी और हीटवेव से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स के माध्यम से ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। ओआरएस के पैकेट वितरित किए जाएंगे प्राथमिक उपचार (First Aid) की सुविधा प्रदान की जाएगी। लोगों को लू और तेज धूप से बचाव हेतु कॉटन के गमछे और कैप उपलब्ध कराए जाएंगे।' सीएम ने आगे लिखा, 'साथ ही, हीटवेव से बचाव और जागरूकता के लिए हीट एक्शन प्लान बुकलेट भी जारी की गई है। आप सभी से अपील है कि इस भीषण गर्मी में अपना और अपने परिवार का विशेष ध्यान रखें, पर्याप्त पानी पिएं, अनावश्यक धूप में निकलने से बचें। किसी भी आपात स्थिति में 112 हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मोबाइल यूनिट्स की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।'

### गर्लफ्रेंड के साथ मिल बेटे ने ले ली पिता की जान

गाजियाबाद के लोनी स्थित टोली मोहल्ला कॉलोनी में बुजुर्ग अजीजुद्दीन की हत्या का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के बेटे और उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी बेटे बिलाल को मुंबई के ठाणे थाना मुब्रा से पकड़ा है। उसकी महिला मित्र खुशबू को लोनी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की। जांच में सामने आया कि पिता द्वारा सारी संपत्ति से बेदखल किए जाने से बेटा बिलाल नाराज था। पिता के काफी समझाने के बाद भी ना मानने पर उसने हत्या की योजना बनाई। बिलाल ने अपनी महिला मित्र खुशबू के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने बुजुर्ग अजीजुद्दीन की गला दबाकर हत्या की थी। वारदात को अंजाम देने के बाद वे शव को बेसमेंट में छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस जघन्य अपराध के बाद आरोपियों की तलाश तेज कर दी थी। गहन जांच और तकनीकी सहायता से पुलिस ने दोनों को अलग-अलग स्थानों से दबोचा।

## दिल्ली सरकार का शिक्षकों को तोहफा, वोकेशनल व समग्र शिक्षा शिक्षकों का वेतन बढ़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में वोकेशनल शिक्षकों व समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन में भी महत्वपूर्ण वृद्धि की घोषणा की है. इन केंद्रों में उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाता है, जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पाए या अन्य कारणों से स्कूल छोड़ गए। दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट में हुए इस निर्णय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में करीब 1131 वोकेशनल शिक्षक कई विधाओं की ट्रेनिंग देते हैं. इनका वेतन बढ़ाकर 38100 रुपये किया जा रहा है. पहले इन्हें 20 हजार से लेकर 23 हजार रुपये ही मिलते थे. वहीं समग्र शिक्षा अभियान के तहत वर्तमान में संचालित कुल 784 केंद्रों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के वेतन में भी वृद्धि की गई है। इन केंद्रों में तैनात सभी शिक्षकों का वेतन 21 हजार रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 35420 रुपये प्रति माह कर दिया गया है. इन केंद्रों में स्कूल से बाहर (आउट ऑफ स्कूल) बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाता है और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

**प्राइमरी और अपर प्राइमरी शिक्षकों को मिलेगा बराबर वेतन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समग्र शिक्षा अभियान के शिक्षकों को प्राइमरी और अपर प्राइमरी शिक्षकों के बराबर वेतन मिलेगा. यह निर्णय केवल वेतन वृद्धि नहीं है, बल्कि उन शिक्षकों के समर्पण और मेहनत का सम्मान है, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम कर रहे हैं. इन सभी शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा. जब शिक्षक संतुष्ट और प्रेरित होंगे, तभी वे बच्चों को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा दे पाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि राजधानी का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे. विशेष प्रशिक्षण केंद्र उन बच्चों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो कभी स्कूल नहीं गए या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं. इन बच्चों को मुख्यधारा में लाना हमारी प्राथमिकता है और इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है. सरकार इन केंद्रों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है.

**भविष्य को सुरक्षित बनाना है मकसद**

मुख्यमंत्री ने बताया कि नियमित मॉनिटरिंग, अभिभावकों की काउंसलिंग और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचे सरकार का उद्देश्य केवल बच्चों को स्कूल में लाना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है. दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है. हम चाहते हैं कि हर बच्चा पढ़े, आगे बढ़े और अपने सपनों को साकार करे. यह वेतन वृद्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।